संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 07 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 154 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



गोरखपुर में यूपी के सीएम योगी ने सुनीं जनसमस्याएं।

# 'भारत एक जीवंत लोकतंत्र है'

'भारत के लोकतंत्र को कोई दिल्ली जाकर खुद देख सकता है और अमेरिका उम्मीद करता है कि लोकतांत्रिक संस्थानों की मजबूती को लेकर चर्चा आगे भी होती रहेगी'

भारत के साथ...


= प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अमेरिका दौरा दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए बेहद अहम है

**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**

**अमेरिका** ने भारत को जीवंत लोकतंत्र बताकर भारत में लोकतंत्र से जुड़ी चिंताओं को खारिज कर दिया है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन के समन्वयक जॉन किर्बी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यहां तक कह दिया कि भारत के लोकतंत्र को कोई दिल्ली जाकर खुद देख सकता है।

जॉन किर्बी ने कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और अमेरिका उम्मीद करता है कि लोकतांत्रिक संस्थानों की मजबूती को लेकर चर्चा आगे भी होती रहेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने दोस्तों के साथ अपनी चिंताओं को जाहिर करते हुए शर्माता नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए बेहद अहम है। किर्बी ने कहा कि भारत कई स्तरों पर अमेरिका का मजबूत सहयोगी है। शंगरी-ला सम्मेलन में भी अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने ऐलान किया था कि भारत के साथ रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ रहा है।

साथ ही भारत हिंद-प्रशांत महासागर की सुरक्षा के लिए गठित क्वाड का अहम सहयोगी है। ऐसी कई वजहें हैं जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि भारत न सिर्फ द्विपक्षीय संबंधों, बल्कि बहुपक्षीय संबंधों के लिहाज से भी अमेरिका के लिए अहम सहयोगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने 21 से 24 जून तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इस यात्रा को यादगार बनाने के लिए दोनों देशों के विदेश एवं रक्षा मंत्रालयों की टीमें जुटी हैं। कोशिश यह है कि सामरिक नजरिए से पीएम मोदी की यात्रा अगले 5 दशकों तक याद रखी जाए।



## सेना की सप्लाइ चेन मजबूत कर रहा चीन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अमेरिकी** थिंक टैंक चेटहेम हाउस ने दावा किया है कि चीन ने अक्साई चिन तक सड़कें, आउटपोस्ट, हेलिपोर्ट और कैंप बना लिए हैं। चीन का मंशा यहां नया सप्लाई रूट बनाना है। इसके जरिए वह किसी आपात स्थिति में यहां सेना भेज सकता है। चेटहेम हाउस ने पिछले 6 महीने की सैटेलाइट तस्वीरों की एनालिसिस के आधार पर यह रिपोर्ट दी है। अक्साई चिन वह इलाका है जिस पर चीन ने 1962 के युद्ध के बाद से कब्जा कर रखा है। थिंकटैंक ने अक्टूबर 2022 से ही तस्वीरों के जरिए चीन की एक्टीविटीज पर नजर रखी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्साई चिन लेक के पास विवादित इलाके में हेलिपोर्ट बनाया है। चीन यहां 18 हैंगर्स और छोटे रनवे का निर्माण कर रहा है, जहां आपात स्थिति में ड्रोन, हेलिकॉप्टर और फाइटर जेट तक उड़ान भर सकेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे में बड़ा रक्षा सौदा संभव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी इस महीने 21 से 24 जून तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इस यात्रा को यादगार बनाने के लिए दोनों देशों के विदेश एवं रक्षा मंत्रालयों की टीमें जुटी हैं। कोशिश यह है कि सामरिक नजरिए से पीएम मोदी की यात्रा अगले 5 दशकों तक याद रखी जाए। इसके लिए सबसे ठोस कदम रक्षा क्षेत्र में उठाने की तैयारी है। यात्रा के दौरान 350 फाइटर जेट इंजनों के भारत में निर्माण का बड़ा रणनीतिक सौदा परवान चढ़ सकता है। अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के बीच समझौते पर 22-23 जून को हस्ताक्षर होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के



दौरान ही 30 एमक्यू9 आर्म्ड ड्रोन खरीदने की डील भी होने की संभावना है। यह डील करीब 22 हजार करोड़ रुपए की हो सकती है। ऐसे 10 ड्रोन तीनों सेनाओं को मिलेंगे। करीब 2 टन सैन्य साजो-सामान ले जाने में सक्षम ये ड्रोन 48 घंटे तक लगातार उड़ान भरते हुए 6,000 किलोमीटर तक की रेंज में ऑपरेशन कर सकते हैं। सेंसर और लेजर गाइडेड बमों से लैस ये ड्रोन हवा से धरती पर मार करने वाली मिसाइल से भी लैस हैं।

**भारत के फाइटर प्रोग्राम के लिए अहम है जेट इंजन डील:** भारत में जेट इंजन बनने की डील देश के फाइटर प्रोग्राम के लिए अहम है। इंजन का निर्माण टेक्नोलॉजी हस्तांतरण के जरिये होगा।

स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस में कम शक्ति का इंजन लगता रहा है। मार्क-2 और पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी फाइटर एमका में इंजन लगेंगे। 1963 के बाद से इस्तेमाल किए जा रहे रूसी मिग फाइटर अगले 3 साल में रिटायर होंगे। तब अमेरिकी इंजन से लैस लड़ाकू विमान तैयार रहेंगे।

## एनसीबी ने 6 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मंगलवार को देश में ड्रग्स तस्करी से जुड़े गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 15,000 एलएसडी ड्रग ब्लॉट्स (पाउच या पैकेट) बरामद हुए हैं। एनसीबी ने इसे 20 सालों में सबसे बड़ी जब्ती बताया है। गिरफ्तार हुए तस्कर डार्क वेब के जरिए डील करते थे। वहीं, ड्रग्स की डीलिवरी कूरियर सर्विस के जरिए होती थी। डिप्टी डीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि संदिग्धों की निशानदेही पर 2.5 किलोग्राम मारिजुआना और 4.65 लाख रुपए की नकदी भी जब्त की है। बैंक अकाउंट्स से 20 लाख रुपए भी जब्त किए हैं। सिर्फ 0.1 ग्राम एलएसडी के कॉमर्शियल यूज की अनुमति है।

## दिल्ली पुलिस ने सांसद बृजभूषण सहित 14 लोगों के बयान दर्ज किए



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की एक टीम ने सोमवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण से जुड़े मामले में 14 लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से कुश्ती खिलाड़ी बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट यौन शोषण के मामले में बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार दिल्ली पुलिस के अधिकारी बृजभूषण सिंह के गोंडा जिले स्थित आवास पर रविवार शाम को पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्य, सुरक्षाकर्मियों और अन्य स्टाफ के बयान लिए। पुलिस ने इनके आधार कार्ड भी प्राप्त किए। बृजभूषण शरण सिंह के करीबी ने इसकी पुष्टि की है।

## मणिपुर में सर्च ऑपरेशन के दौरान फायरिंग, जवान शहीद



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में सोमवार को हुई हिंसा में घायल एक बीएसएफ जवान रंजीत यादव की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सेना के स्पीयर कोर ने बताया कि 5 जून को सर्च ऑपरेशन के दौरान स्थानीय लोगों और जवानों के बीच गोलीबारी हुई थी, जिसमें बीएसएफ जवान घायल हो गया था। असम राइफल्स के भी दो जवानों को गोली लगी है। इन्हें एयरलिफ्ट कर मंत्रीपुखरी ले जाया गया। राज्य में कूकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से जातीय हिंसा चल रही है। हिंसा में अब तक 98 लोगों की मौत हो चुकी है, 310 घायल हैं। वहीं, 37 हजार से ज्यादा लोग राहत शिविर में भेजे गए हैं। हिंसा से 11 जिले प्रभावित हुए हैं। कई जिलों में कर्फ्यू भी लगाया गया है। इससे पहले सोमवार को भड़की हिंसा में काकचिंग जिले के सेरो गांव में कुछ लोगों ने 100 घरों में आग लगा दी थी। इसमें कांग्रेस विधायक रंजीत सिंह का घर भी शामिल है। अमित शाह के दौरे के बाद सुरक्षाबल राज्य में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। 5 जून को 790 हथियार और 10,648 गोला-बारूद बरामद किए गए। इन हथियारों को 3 मई को भड़के जातीय दंगों के दौरान पुलिस से लूटा गया था।

हिंसा जारी

= असम राइफल्स के भी दो जवानों को गोली लगी है। इन्हें एयरलिफ्ट कर मंत्रीपुखरी ले जाया गया

**इंटरनेट बैन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची याचिका:** हिंसा प्रभावित मणिपुर में इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के खिलाफ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। एडवोकेट चोंगथम विक्टर सिंह और बिजनेसमैन मेयेंगबाम जेम्स ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्यव्यापी इंटरनेट बंद से उनका जीवन और आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई है।

## रक्षा गलियारों में जर्मनी को निवेश करने का न्योता

द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, विशेष रूप से औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने के लिए हुई बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह और जर्मन संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने मंगलवार को मानेकशॉ सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता की। जर्मन संघीय रक्षा मंत्री पिस्टोरियस ने मानेकशॉ सेंटर में तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। राजनाथ सिंह और जर्मनी के रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, विशेष रूप से औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने के लिए बातचीत की। राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु रक्षा गलियारों में जर्मन निवेश के लिए आमंत्रित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय वार्ता करने के लिए दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर पहुंचने पर जर्मन समकक्ष का स्वागत किया। यहां उन्हें तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सहित रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। जर्मन पक्ष की ओर से रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव बेनेडिक्ट जिमर के अलावा वरिष्ठ अधिकारी और भारत में जर्मनी के राजदूत उपस्थित थे। 2015 के बाद से किसी जर्मन रक्षा मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है।





वार्ता

= रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, विशेष रूप से औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने के लिए बातचीत की

राजनाथ सिंह और जर्मनी के रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, विशेष रूप से औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने के लिए बातचीत की। राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु रक्षा गलियारों में जर्मन निवेश के लिए आमंत्रित किया।

## एनआईए की हरियाणा-पंजाब में 10 ठिकानों पर रेड

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) की फंडिंग करने वालों पर पंजाब और हरियाणा में रेड की है। पंजाब में 9 जगहों और हरियाणा में 1 जगह पर रेड की गई। केटीएफ के लिए फंड जुटाने के अलावा बॉर्डर पार से हथियार, गोला-बारूद और एक्सप्लोसिव की तस्करी की साजिश में शामिल लोगों पर भी ये रेड हुई। हालांकि, अभी तक इसका ब्यौरा सामने नहीं आया है। सूत्रों के मुताबिक केटीएफ की तरफ से पंजाब और हरियाणा में बड़ी वारदातों की तैयारी की जा रही थी। जिसमें धमाकों से लेकर टारगेट किलिंग तक शामिल है। उनके प्लान को डीकोड करने पर एनआईए को पता चला कि कई लोकल लोग उनके लिए फंडिंग कर रहे हैं। कई फंडिंग का जरिया बने हुए हैं।

धरपकड़

= केटीएफ के लिए फंड जुटाने के अलावा एक्सप्लोसिव की तस्करी की साजिश में शामिल लोगों पर भी ये रेड हुई

## मणिपुरः इंटरनेट सेवा बंद करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

मणिपुर में लगातार इंटरनेट सेवा बंद करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि 24 दिन से लगातार पूर्ण रूप से इंटरनेट सेवा बंद करना न केवल मनमाना है, बल्कि नागरिक अधिकारों का भी हनन है। यह याचिका वकील चओंगथम विक्टर सिंह और व्यवसायी मयेंगबाम जेम्स ने दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि इंटरनेट बंद करने का असर अर्थव्यवस्था, मानवीय और सामाजिक आवश्यकता के साथ आम लोगों और उनके परिजनों की मानसिक अवस्था पर भी पड़ रहा है। याचिका के मुताबिक इन्टरनेट बंद होने की वजह से लोगों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने, बैंकों से लेन-देन, ग्राहकों का भुगतान करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



सूरीनाम के प्रेसिडेंट चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक अवॉर्ड से सम्मानित किया।

## ऑपरेशन ब्लू स्टारः खालिस्तान समर्थकों ने लगाए नारे



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

गोल्डन टेंपल में ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी पर श्री अकाल तख्त साहिब पर चल रहे अखंड पाठ का भोग डाला गया। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह कौम के नाम संदेश देते हुए सभी सिखों को एक साथ आने और श्री अकाल तख्त साहिब पर एकत्रित होने की सलाह दी। इसी दौरान खालिस्तान समर्थकों ने खालिस्तान के नारे लगाने शुरू कर दिए। जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह का कौम के नाम संदेश हर जगह पहुंचे, इसके लिए बड़ी-बड़ी स्क्रीनें लगाई गई थी।

**जत्थेदार ने कहा- इकट्ठे हुए तो सरकार को झुका सकते हैं:** जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा- सभी सिख इकट्ठे हो गए तो सरकार को यहां लाकर झुका सकते हैं। 1984 का वृतांत हमें और मजबूत करता है। हमें 1984 जितना अधिक याद करवाया जाएगा, हम उतने ही मजबूत होंगे।

**पुलिस ने वीडियो रिकॉर्डिंग की:** वहीं, ब्लू स्टार ऑपरेशन के दौरान मारे गए सिखों के परिवारों को सम्मानित भी किया जाएगा। मंगलवार सुबह ही सिख श्रद्धालु इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। हाथों में 1984 में हुए ब्लू स्टार ऑपरेशन की तस्वीरें हैं, तो कुछ शांतिमय ढंग से खालिस्तान की मांग के पोस्टर भी थामे बैठे थे। पुलिस ने ब्लू स्टार ऑपरेशन का विरोध करने वालों की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की। गोल्डन टेंपल के बाहर तो पुलिस, कमांडो व अर्ध-सैनिक बल तैनात है। वहीं, गोल्डन टेंपल के अंदर भी पुलिस ने सादे कपड़ों में पुलिस फोर्स तैनात कर रखी गई।

मंत्रिमण्डल की बैठक 100 से ज्यादा पद भरने की मंजूरी, पंचायत चौकीदारों के मासिक मानदेय को 6200 रुपये से बढ़ाकर 6700 रुपये करने का फैसला

## पंचायत चौकीदारों, चयनित प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ेगा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में पावर डैवल्पर्ज से राज्य में विभिन्न ऊर्जा परियोजनाओं पर जल उपकर लगाने के बारे में चर्चा के लिए सचिव, ऊर्जा, की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया। जल शक्ति विभाग, वित्त विभाग और विधि विभाग के प्रतिनिधि इस कमेटी में सदस्य होंगे। मंत्रिमण्डल ने कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी और फतेहपुर तथा हमीरपुर जिला के भोरंज में प्राथमिक स्तर तक राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने के लिए निर्माण गतिविधियां आरम्भ करने की



अनुमति प्रदान की। प्रदेश में 13 स्थानों पर ऐसे स्कूलों का निर्माण शुरू करने के लिए कैबिनेट ने पहले ही मंजूरी दे दी है। मंत्रिमण्डल ने कारागार विभाग में जेल वार्डरों के 69 पद भरने का निर्णय लिया। मंत्रिमण्डल ने कारागार विभाग के सोलन जिला स्थित नालागढ़ (किशनपुरा) उप-जेल में विभिन्न वर्गों के 20 पदों को भरने का निर्णय भी लिया। मंत्रिमण्डल ने किरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिलासपुर जिला के भघेड़, मण्डी जिला के नेरचौक और कुल्लू जिला के भुंतर में हाईवे-सह-पर्यटक पुलिस थाने खोलने तथा इन थानों को क्रियाशील करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के आवश्यक पदों को सृजित करने तथा भरने की अनुमति प्रदान की। मंत्रिमण्डल ने अंशकालिक पंचायत चौकीदारों के मासिक मानदेय को 6200 रुपये से बढ़ाकर 6700 रुपये करने का निर्णय भी लिया। इससे प्रदेश के 3226 पंचायत चौकीदार लाभान्वित होंगे। यह निर्णय 1 अप्रैल, 2023 से लागू होगा। इसके अतिरिक्त पंचायतीराज संस्थाओं के चयनित प्रतिनिधियों के मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय भी लिया।

## वाशिंगटन में उड़ रहे 'रहस्यमयी' विमान का फाइटर जेट्स ने किया पीछा

**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**

**अमेरिका** के वाशिंगटन क्षेत्र में रविवार को उड़ रहे रहस्यमयी विमान का पीछा अमेरिकी लड़ाकू विमान ने किया। जिस पर भागते वक्त रहस्यमयी विमान अनियंत्रित हो गया और अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में क्रैश हो गया। विमान में सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। इसकी पुष्टि अधिकारियों ने की है। स्थानीय पुलिस के अनुसार बचावकर्ता जब शेनानडोह घाटी के एक ग्रामीण हिस्से में विमान दुर्घटना के स्थल पर पहुंचे थे तो विमान में सवार कोई भी व्यक्ति जिंदा नहीं बचा था। अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में सोनिक बूम को उस समय सुना गया, जब फाइटर जेट एक छोटे प्लेन का पीछा कर रहे थे। हालांकि, यह प्लेन बाद में वर्जीनिया में जाकर क्रैश हो गया। अधिकारियों ने बताया कि फाइटर जेट्स के लिए फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन उस समय कॉल करता है।

चार की मौत

= स्थानीय पुलिस के अनुसार बचावकर्ता जब शेनानडोह घाटी के एक ग्रामीण हिस्से में विमान दुर्घटना के स्थल पर पहुंचे थे

# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने रोड़ किया जाम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने जाम लगा दिया। सूरजमुखी की खरीद एमएसपी पर करने की मांग को लेकर किसान शाहाबाद-मारकंडा में जीटी रोड पर बैठ गए हैं। यह देख पुलिस ने चारों तरफ बैरिकेडिंग कर दी है। मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। दोनों तरफ से टकराव के आसार देख पुलिस ने थ्री लेयर सिक्योरिटी तैनात कर दी है। वहीं प्रदर्शन के चलते गुरुद्वारा साहिब से लंगर मंगाया गया है। प्रदर्शन की अगुआई कर रहे किसान नेता गुरनाम चढ़ूनी ने कहा कि जब तक हमारी सूरजमुखी को एमएसपी पर खरीदने की मांग पूरी नहीं होती, तब तक नेशनल हाईवे जाम रहेगा। उन्होंने कहा कि इस बारे में मीटिंग भी हुई थी लेकिन सरकार ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। चढ़ूनी ने कहा कि प्रशासन से बातचीत हो रही है लेकिन सरकार के जवाब देने की वजह से वह भी बेबस हैं। पुलिस प्रशासन ने किसानों को बराड़ा चैक पर रोकने के इंतजाम लिए थे। बराड़ा चैक पर दोनों तरफ बैरिकेड लगाए गए थे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए वहां पर व्रज वाहन को भी तैनात कर रखा था, ताकि आगे बढ़ते किसानों को पानी की बौछार से रोका जा सके। मगर किसानों ने मारकंडा पुल की तरफ से हाईवे जाम कर दिया। किसानों ने सरकार और प्रशासन को 6 जून को नेशनल हाईवे जाम करने की चेतावनी दी थी। आज किसानों के अल्टीमेटम का अंतिम दिन था। जिसके बारे में प्रशासन को भी पता था। अल्टीमेटम खत्म होते ही किसान सड़क पर उतर आए लेकिन पुलिस उन्हें हाइवे पर चढ़ने से नहीं रोक सकी।





सरकार सूरजमुखी को भावांतर योजना के तहत खरीद करने को तैयार है, मगर किसान सरकार का विरोध कर रहे हैं। उनकी मांग है कि इस योजना से किसानों का प्रति क्विंटल एक हजार से अधिक का नुकसान हो रहा है। इसलिए फसल की एमएसपी पर खरीद हो।

इसको लेकर 2 जून को किसानों ने सड़क जाम की चेतावनी दी, लेकिन डीसी शांतनु शर्मा और एसपी सुरेंद्र सिंह महापंचायत में पहुंचे। उन्होंने किसानों के प्रतिनिधि मंडल को सरकार के साथ बातचीत के लिए अधिकारियों के साथ चंडीगढ़ भेजा था, मगर सरकार से बैठक बेनतीजा रही थी। जीटी रोड़ पर लगे जाम का असर अंबाला में भी देखने को मिला। अंबाला छावनी के माल रोड़ से ट्रैफिक को डैवर्ट किया जा रहा था। यहां तक की जगह-जगह पर पुलिस कर्मचारी तैनात थे और बैरीगेट लगाए गए थे। जीटी रोड़ पर शाहबाद की और जाने वाले वाहनों को डैवर्ट कर साहा कालपी के रास्ते भेजा जा रहा था। इस दौरान तो कुछ वाहन चालक तो डिवाईडर फांदते नजर आए जबकि कुछ यात्री कई किलो मीटर पैदल चलते नजर आए।

# किसान आढ़ती एसोसिएशन के बयानों के खिलाफ हुए लामबंद

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**

**भारतीय** किसान यूनियन द्वारा भी एक प्रेस नोट जारी कर आढती एसोसिएशन द्वारा मीडिया में दी गई अपनी सफाई की खबरों का जवाब दिया गया किसानों ने बताया की यदि आढ़ती एसोसिएशन की माने तब सूरजमुखी की हैफेड द्वारा दोबारा 4800 रुपए प्रति क्विंटल खरीद की जाए और भावांतर योजना के तहत 1000 रुपए प्रति कुंटल दे दिया जाए तब भी 5800 प्रति क्विंटल रेट बनता है जबकि सूरजमुखी का एमएसपी 6400 प्रति क्विंटल है इस हिसाब से 600 रुपए प्रति क्विंटल उस हिसाब से 6000 रुपए प्रति एकड़ का नुकसान होगा यदि भावांतर योजना वाला यह पैसा किसानों को नही मिला तब यह नुकसान 16000 रुपए प्रति एकड़ होगा भावांतर योजना के तहत किसान के पैसे आने की भी कोई गारंटी नहीं है क्योंकि सरकार ने जब यह योजना शुरू की थी तब से लेकर आज तक गोभी, टमाटर और प्याज



के पैसे आज तक नहीं आए हैं इस बार फरवरी-मार्च में बिके हुए आलू के पैसे भी आज तक नहीं आए तब आढती एसोसिएशन किस आधार पर भावांतर योजना की मांग कर रही है उन्होंने कहा की आढती एसोसिएशन के द्वारा किसान आंदोलन में भाग लेने की बात बार-बार कहा कहीं जा रही है इस आंदोलन से आढ़तियो को खुद का फायदा था क्योकि सबसे पहले देश की मंडिया को खत्म किया जाना तय था भारतीय किसान यूनियन यह बताना चाहती है की यह आंदोलन केवल किसानों का नहीं था देश भर की जनता का था क्योंकि इन कानूनों के तहत देश के अनाज पर पूंजीपतियों का कब्जा होने जा रहा था जिसे लेकर सभी देशवासियों ने मिलकर

**8 कभी भी उनको भुला नहीं पाएंगे उनके त्याग वीरता और देश पर मर मिटने के जज्बा को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगे**

आंदोलन लड़ा और काले कानून को वापस करवाया इन काले कानूनों के कारण आढतियां की खुद की दुकान है बंद होने के कगार पर थी और मंडिया खत्म होने का डर था इस डर के कारण इन काले कानूनों के खिलाफ किसान को आगे लेकर देश की जनता ने लड़ाई लड़ी किसानों ने आगे कहा की हमारे द्वारा मंडी में लगने वाले सभी प्रकार के खर्च जैसे फसल सुखाई सफाई पर लगने वाली लेबर दी जा रही है इसके साथ साथ प्रति एकड़ एक हजार रुपए आढ़त के तौर वसूल रहे है ये हक नही बनता उन्होंने कहा कि यदि आढती एसोसिएशन इतनी ही किसान हितैषी है तो सूरजमुखी के आढ़त के नाम पर बसूले जा रहे 1 हजार रुपए प्रति एकड किसानो के पास छोड़ दे।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** कल्पना चावला बहुत तकनीकी है संस्थान के तत्वधान तत्वाधान धान में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में पौधारोपण का किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्रधानाचार्य डॉक्टर बिंदु आनंद ने छात्राओं को पौधों के महत्व व उनकी उपयोगिताओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण और और उसकी महत्वता के बारे में छात्राओं को बताया इस अवसर पर विभिन्न विभागाध्यक्षशो, स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं द्वारा भी पौधारोपण किया गया और इस अवसर पर डॉ लाभ सिंह नीरज मिलान, बाबूराम, सतविंदर, रोशन लाल,सरला, डॉ अश्वनी भारद्वाज, डॉ सारिका शर्मा, भीम सिंह,युद्धवीर शर्मा, प्रवीण मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# इंडो-नेपाल इंटरनेशनल स्पीड व रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में सेंट जोसफ ने दिखाया कमाल

**8 विद्यार्थियों ने भागीदारी देते हुए 11 सिल्वर पदक प्राप्त करते हुए दूसरे स्थान पर रहते हुए ट्रॉफी हासिल की**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

2 मई 2023 को काठमांडू में आयोजित की गई इंडो-नेपाल इंटरनेशनल स्पीड व रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में सेंट जोसफ स्कूल, अंबाला व लालडू के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी देते हुए 11 सिल्वर पदक प्राप्त करते हुए दूसरे स्थान पर रहते हुए ट्रॉफी हासिल की। इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य राज्यों के स्कूलों ने भी भाग लिया। डायरेक्टर मैम किरण



बैनर्जी, डिप्टी डायरैक्टर मैम आशिमा किरण बैनर्जी व प्रिंसिपल मैम अमिता सचदेवा ने विजेता विद्यार्थियों को व कोच साहिल शर्मा को हार्दिक बधाई दी तथा उनके इस प्रयास को सराहते हुए भविष्य में भी उन्हें इस प्रकार के प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# सीबीएसई ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र को 10वीं और 12वीं के परीक्षा रिजल्टों के आधार पर एक्सीलेंट ग्रेडिंग दी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों के आधार पर एक्सीलेंट ग्रेडिंग दी है। सीबीएसई द्वारा एक्सीलेंट करार दिये जाने से गुरुकुल परिवार में उत्साह का माहौल है, निदेशक कर्नल अरुण दत्ता ने जानकारी देते हुए इसे विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताया और पूरे स्टाफ को इसके लिए बधाई दी। निदेशक कर्नल दत्ता ने बताया कि इसका खुलासा सी.बी.एस.ई. के सरस पोर्टल पर उपलब्ध गुरुकुल कुरुक्षेत्र के आंकड़ो से हुआ। दरअसल, सीबीएसई ने वर्ष 2016 से 2022 तक गुरुकुल कुरुक्षेत्र में 10वीं

**8 सीबीएसई ने वर्ष 2016 से 2022 तक गुरुकुल कुरुक्षेत्र में 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों का विवरण पोर्टल पर अपलोड किया है**

और 12वीं कक्षा के छात्रों का विवरण पोर्टल पर अपलोड किया है जिसमें पिछले 7 वर्षों में 10वीं और 12वीं में उत्तीर्ण हुए छात्रों की परसेंटेज देखते हुए गुरुकुल को यह सम्मान दिया है। वर्ष 2016 से 2022 तक गुरुकुल में 10वीं में 1390 और 12वीं में 1043 छात्रों ने सीबीएसई की परीक्षाएं दीं जिनमें सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। 10वीं और 12वीं के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणामों के आधार पर सीबीएसई ने




गुरुकुल कुरुक्षेत्र को एक्सीलेंट ग्रेड प्रदान किया, जो एक बड़ी बात है। बता दें कि महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी के मार्गदर्शन और निदेशक कर्नल अरुण दत्ता जी के दिशा-निर्देशन में गुरुकुल कुरुक्षेत्र नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा लगातार पांच वर्षों तक हरियाणा का नंबर वन आवासीय विद्यालय होने के साथ-साथ इस बार गुरुकुल को देश की धरोहर में शामिल नंबर वन विद्यालय घोषित किया गया। वहीं एनडीए की फाइनल लिस्ट में गुरुकुल के छात्र आयूष कुमार ने देशभर में पांचवी रैंक और टीईएस की फाइनल लिस्ट में भी गुरुकुल के लव मलिक ने आल इंडिया में 5वीं रैंक प्राप्त कर गुरुकुल की ख्याति में वृद्धि की। अब, सीबीएसई द्वारा एक्सीलेंट ग्रेड दिये जाने से पूरा गुरुकुल परिवार खुशी से गदगद है।

# सन्त कबीर जयंती-पर्यावरण दिवस पर आयोजित की संगोष्ठी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने अग्रोहा धाम सेक्टर. 12 में सन्त कबीर जयन्ती व विश्व पर्यावरण दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें परिषद् के प्रान्तीय मार्गदर्शक व हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ.पूर्णमल गौड. को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए व इस गोष्ठी की अध्यक्षता की प्रान्तीय उपाध्यक्ष रामधन शर्मा ने की। अतिथि सत्कार, पुष्पांजलि अर्पण व कबीरवाणी गायन के उपरान्त परिषद सचिव विकास मंगला ने गोष्ठी की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए बताया कि कबीर के कान्तिकारी विचार वर्तमान में अत्यंत प्रासंगिक हैं। पर्यावरण संरक्षण की समस्त विश्व में महती आवश्यकता है। परिषद के कोषाध्यक्ष व स्टेट बैंक आफ इंडिया के पूर्व मुख्य प्रबन्धक

**8 कबीर के कान्तिकारी विचार वर्तमान में अत्यंत प्रासंगिक हैं। पर्यावरण संरक्षण की समस्त विश्व में महती आवश्यकता है**

अरुण गुप्ता ने विभिन्न वाद्ययंत्रों पर कबीर के दोहों का सस्वर गायन किया। जिसमें उनकी पत्नी सीमा ने साथ दिया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में रामधन शर्मा ने सन्त कबीर की रचना बीजक से चुनी श्रेष्ठ रचनाओं का वाद्ययंत्र के साथ प्रस्तुतीकरण किया व कबीर जीवन व पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला.मुख्य अतिथि डा.पूर्णमल गौड. ने सन्त कबीर के जीवन,दर्शन, सिद्धांत, शिक्षाओं,सामाजिक कुप्रथाओं,रूढ़ियों,जातिवाद, हिन्दू मुस्लिम विवादों व ऐकता,प्रेम महत्ता,आडम्बरों पर विशद व्याख्यान दिया।

# यातायात नियमों की पालना करना अच्छे चालक का गुण : रोशन लाल

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**

**जिला** पुलिस द्वारा स्कूलों तथा कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाकर यातायात नियमों की पालना करने के लिए आमजन को जागरुक किया जा रहा है। 6 जून 2023 को पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के आदेशानुसार जिला यातायात कोर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल ने हरियाणा रोडवेज में भारी वाहन ड्राईविंग लाईसैंस की ट्रैनिंग लेने आये वाहन चालको को यातायात नियमों की पालने करने बारे जागरुक किया गया।

हरियाणा रोडवेज कुरुक्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों को ट्रैफिक नियमों



के बारे में जानकारी देते हुए ट्रैफिक पुलिस के कोर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल ने कहा कि नियमो के अनुसार चलना ही अच्छे चालक का गुण है क्योंकि वाहन चालक पर कई परिवारों की जिम्मेवारी होती है। वह चालक चाहे रोडवेज की बस का हो या किसी प्राइवेट वाहन का उस पर अपनी तथा दूसरों की जान बचाने की जिम्मेवारी होती है। एक चालक की जरा-सी लापरवाही से किसी का घर बर्बाद हो सकता है इसलिए वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों को ध्यान में रखकर ही चलना चाहिए। आज आप लोग भारी वाहन चालक का प्रशिक्षण प्राप्त करने आयें हैं,आप का कर्तव्य बनता है कि आप सड़क पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का ध्यान रखें। एक अच्छा चालक किसी भी प्रकार के नशे दूर रहता है।एक अच्छा चालक बनकर अपने तथा दूसरों के परिवारों की सुरक्षा करें।

इस मौका पर ट्रैनिंग ईंचार्ज सुरेन्द्र कुमार, सतपाल, चालक जोगिन्द्र सिंह, राजेश कुमार तथा काफी संख्या में चालक प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

# बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में पेचवर्क के नाम पर की खानापूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सड़कें कई जगहों से बुरी तरह से उखड़ चुकी हैं। जिस वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या गंभीर होने के बाद अब एचएसआईआईडीसी विभाग द्वारा क्षतिग्रस्तों सड़कों पर पेचवर्क के नाम पर खानापूर्ति कर दी गई है। औद्योगिक क्षेत्र में जिन सड़कों पर पेचवर्क कराया, उनमें से अधिकांश पर अब रोड़े और मिट्टी उखड़नी शुरू हो गई है। एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी के प्रधान नवीन कौशिक ने बताया कि पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। उनके आगमन से पूर्व एचएसआईआईडीसी विभाग के अधिकारियों ने उनके रूट में आने वाली टूटी सड़कों पर पेच वर्क के नाम पर खानापूर्ति करवा दी गई। इसके अलावा बाकी सड़कों की हालत ज्यों की त्यों बनी है। इस बारे में जब भी अधिकारियों से बात की जाती है तो वह हर बार जल्द ही काम शुरू करवाने की आश्वासन देते रहते हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री को भी इस संबंध में लिखित में शिकायत दी है।

# अग्रवाल धर्मशाला सोनीपत में नेत्र चिकित्सा कैंप मे 170 मरीजों की हुई जाँच

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत** की अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया जिसमें की गुरुग्राम इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी जिसमें की आम जनता अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया और इसमें से 16 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई जिनमे से 15 मरीजों को टीम के साथ ऑपरेशन के लिए भेजा गया तथा जिनको कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री मे दवाइयां दी गई, इस कैंप मे पूर्णता फ्री इलाज किया जाता है और जिन वृद्धों को दवाइयों और



अन्य किसी चीज की आवश्यकता होती है उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है। इस कैम्प मे मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त मे की गई,प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया की हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जायेगा,संजय सिंगला ने बताया की आज इस कैम्प मे 170 मरीजों ने जाँच करवाई,जिसमें महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्य सभी एकजुट होकर आम जनता की सेवा करते हैं।

# भाविप के शिविर के दूसरे दिन बच्चों को सिखाया वैदिक गणित

**8 माता पिता व गुरू जनों के सम्मान करने जैसे संस्कारों से सुसज्जित जीवन जीने की कला बताई**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा अम्बाला शहर द्वारा केपीएके महाविद्यालय में आयोजित बाल संस्कार शिविर के दूसरे दिन महिला एवं बाल विकास संयोजिका रचना गुप्ता के नेतृत्व में महिला मंडल से सरोज अग्रवाल ने बच्चों को सफल जीवन के लिए प्रेरणा दायी प्रसंग सुनाए। नीलकमल खेड़ा ने बच्चों को आर्थिक तंगी में भी खुश रहने के गुर बताते हुए






माता पिता व गुरू जनों के सम्मान करने जैसे संस्कारों से सुसज्जित जीवन जीने की कला बताई । मीना गर्ग ने बच्चों को वैदिक गणित के बारे में शिक्षा दी । रचना गुप्ता व प्रियंका अग्रवाल ने बच्चों को गेम्स खिलाई। बच्चों ने देशभक्ति के गीत सुनाए । सचिव राकेश मक्कड़ ने बताया कि शिविर के तीसरे व अंतिम दिन महापुराण रामायण पर प्रसंग, एरोबिक्स, प्रश्नोत्तरी, प्रांतीय महिला एवं बाल विकास संयोजिका डॉ अंजलि भारती का उद्बोधन शामिल रहेगा। आज के शिविर में डॉ किरण आंगरा,रजनी गुलाटी, शिवानी जिन्दल, श्वेता आनंद, मीनू एबट व मिनी शर्मा मौजूद रहे । स्कूल प्रिंसिपल रेखा गोयल ने परिषद की महिला मंडल द्वारा शिविर संचालन की सराहना की । यह जानकारी प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने सांझा करते हुए बताया कि शाखा अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन समाज सेवा के हर क्षेत्र में कार्य कर रही है व जून व जुलाई मास में नियमित प्रकल्पों के साथ पर्यावरण हेतु पौधारोपण व सड़क सुरक्षा के प्रकल्प किए जाएंगे।

# सीएम ने की राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता

## सांसद, विधायक और प्रशासनिक सचिवों ने लिया हिस्सा, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित स्कूलों में जाने वाले विद्यार्थियों को छोटे वाहनों के माध्यम से मुहैया करवाएं परिवहन सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित स्कूलों में विद्यार्थियों को आने-जाने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न आए, इसके लिए छोटे वाहनों के माध्यम से छात्रों को आवागमन की सुविधा प्रदान की जाए। इस कार्य की समुचित मॉनिटरिंग के लिए स्कूल के एक शिक्षक को नोडल अधिकारी बनाया जाए। यदि ऐसा संभव नहीं है तो छात्रों को किराया दिया जाने के संबंध में भी एक प्लान तैयार किया जाए। वर्तमान में छात्राओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश यहां प्रशासनिक सचिवों, जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक की सह-अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने की। बैठक में सांसद रमेश चंद्र कौशिक, राज्यसभा सांसद लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डी. पी. वत्स, विधायक डॉ अभय सिंह यादव, श्रीमती निर्मल रानी और मामन खान भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

**हर बच्चे की देखभाल सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सरकार ने एक व्यापक फ्रेमवर्क बनाया है। इसके अंतर्गत परिवार पहचान पत्र में दर्ज डेटा को आयु वर्ग के अनुसार एक ग्रुप को विभिन्न विभागों को सौंपा गया है। 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल की जिम्मेवारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपी गई है। जो बच्चा न तो आंगनवाड़ी में आ रहा है और न किसी प्ले-वे स्कूल में है, ऐसे बच्चों की पूरी ट्रैकिंग की जा रही है, ताकि बच्चों की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके। तदनुसार, यदि किसी बच्चे का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, या अन्य कोई समस्या है तो सरकार मदद कर सके और उसका विकास सुनिश्चित किया जा सके।



### स्कूल ड्रॉप आउट कम करने के लिए की जा रही बच्चों की ट्रैकिंग: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि स्कूल ड्रॉप आउट पर अंकुश लगाने के लिए सरकार अथक प्रयास कर रही है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग की जिम्मेवारी दी गई है। विभाग की ओर से प्रत्येक बच्चे की ट्रैकिंग की जा रही है और ऐसे बच्चे जो न सरकारी व निजी स्कूलों, न गुरुकुल या मदरसे कहीं भी शिक्षा प्राप्त नहीं कर रहे हैं, उन बच्चों को ट्रैक कर उन्हें स्कूलों में लाया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

### गरीबों को घर मुहैया करवाने के लिए सरकार बना रही योजना

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति, जिसके पास मकान नहीं है, उसके सिर पर छत मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और अर्बन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन योजनाओं के अलावा, राज्य सरकार के स्तर पर अलग से भी योजना बनानी पड़े तो बनाएं, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति बिना घर के न रहे। इसके लिए बैंकों के साथ लिंक करके या राज्य सरकार द्वारा कुछ हिस्सा देकर घर मुहैया करवाने की संभावनाएं तलाशी जाएं। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत जिन लाभार्थियों को पहली किस्त मिल चुकी थी, उनकी दूसरी और तीसरी किस्त भी जारी कर दी गई है।

### सॉयल हेल्थ कार्ड का धरातल पर पूर्ण उपयोग हो सुनिश्चित

**सॉयल** हेल्थ कार्ड प्रोग्राम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग किसानों को जागरूक करने हेतू विशेष जागरूकता अभियान चलाए और किसानों को अवगत करवाएं कि सॉयल हेल्थ कार्ड के क्या फायदे हैं और फसल पैदावार में यह किस प्रकार सहायक हैं, ताकि सॉयल हेल्थ कार्ड का धरातल पर पूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सके। परंपरागत कृषि विकास योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसलिए किसान परंपरागत खेती से हटकर प्राकृतिक खेती को अपनाएं, इसके लिए उन्हें जागरूक करने के साथ-साथ उनकी ट्रेनिंग भी करवाई जाए।

**बागवानी विभाग की सब्सिडी योजनाओं का अध्ययन करने के लिए कमेटी की जाए गठित:** मुख्यमंत्री ने बागवानी विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों के हितों में सरकार विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी प्रदान करती है। लेकिन कुछ किसानों को इन योजनाओं का ज्ञान नहीं होता, इसलिए कई बार वे इन योजनाओं को लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसलिए कुछ योजनाओं में थोड़ा बदलाव करने की भी आवश्यकता है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए, जो बागवानी विभाग की सब्सिडी योजनाओं का अध्ययन करेगी।

जिला स्तर पर दिशा समितियों की नियमित बैठकें करें उपायुक्त: मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को जिला स्तरीय दिशा समितियों की नियमित बैठकें करने के निर्देश दिये ताकि इन बैठकों में उठाये गये सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को राज्य स्तरीय दिशा समिति में रखा जा सके। जिससे जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या पर तत्काल विचार-विमर्श कर समाधान निकाला जा सके। बैठक में बताया गया कि खनन स्थलों के भीतर व आसपास के क्षेत्रों में भू-जल स्तर की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए खनन स्थलों पर पीजोमीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है। अगले 2 माह में सभी जगह पीजोमीटर लग जाएंगे।

# मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में बढ़ी भारत की साख: बप्लब देव

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब देव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नौ साल में भारत सशक्त बनने की ओर अग्रसर हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की साख न केवल देश बल्कि पूरे विश्व में बढ़ी है और आज हर देशवासी की आत्मनिर्भरता, मान-सम्मान और मर्यादा भी बढ़ी है। बिप्लब देव मंगलवार को फरीदाबाद के सेक्टर-15 स्थित भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक राजेश नागर, सीमा त्रिखा, नरेंद्र गुप्ता, जगदीश नायर आदि मौजूद थे। देव ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी नौ साल की सातत्वता और कर्म कौशलता को जन जन तक पहुंचाने के लिए अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पूरे देश में 30 मई से 30 जून तक एक माह तक महासंपर्क अभियान चला रही है। बिप्लब देव ने कहा कि इस महासंपर्क अभियान की शुरूआत 29 मई को हुई। इस कार्यक्रम के तहत हर लोकसभा में एक बड़ी जनसभा आयोजित होगी और पूरे देशभर में 51 बड़ी रैलियां भी आयोजित होगी, जिसमें प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, पार्टी अध्यक्ष व केंद्रीय नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री भाग लेंगे। उन्होंने



बताया कि महासंपर्क अभियान के तहत सोशल मीडिया के मित्रों के साथ स्मरण में भाग लेकर एक-एक लोकसभा में नए एक हजार परिवार के साथ कम से कम नया रिश्ता बंधन तैयार करना है और विधानसभा स्तर पर भी यही होगा। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर शक्ति केंद्र तक योग शिविर आयोजित होंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की डिजिटल रैली बूथ स्तर पर होगी, जिसमें दस लाख बूथ शामिल होंगे और हर बूथ पर एक स्क्रीन पर प्रधानमंत्री का संबोधन होगा।
उन्होंने बताया कि प्रबुद्धजन के साथ सम्पर्क करना, नए लोगों को जोडना, व्यापारियों से सेमिनार आयोजित करना, बुद्धिजीवी व्यक्तियों के साथ समागम करना शामिल है।
उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत व्यक्तिगत लाभार्थियों के साथ संपर्क कर उनका धन्यवाद देना और लोगों से सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित कर उन्हें आगे के कार्यक्रमों के लिए अपने साथ जोडना है। बिप्लब देव ने कहा कि हरियाणा में पहली बार ट्रांसपरेंस नीति चलाई गई, जिसके तहत बिना पर्ची बिना खर्ची के नौकरियां देने की व्यवस्था की गई। वहीं, प्रधानमंत्री के आयुष्मान भारत के माध्यम से हरियाणा के 90 लाख लोगों को सुविधा दिलाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर जीवन के अंतिम क्षण तक प्रधानमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित हर क्षेत्र में काम किया और यही काम हम देशवासियों के सामने इस महासंपर्क अभियान के तहत लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सफल टीकाकरण करने का श्रेय भी प्रधानमंत्री को जाता है।
जिन्होंने इस टीकाकरण को विश्व के 100 देशों तक पहुंचाने का काम किया।



डॉ.कमल गुप्ता हरियाणा निवास में राज्य के सभी नगर निगम आयुक्तों, जिला नगर आयुक्तों व शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

## टैरर फंडिंग में कैथल के दवा कारोबारी के घर एनआईए का छापा

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**मंगलवार** को गांव चूहड़माजरा में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने सुबह छह बजे एक दवा कारोबारी के घर रेड की। मामला आतंकी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स की फंडिंग से जुड़ा बताया है। पंजाब में 9 जगहों और हरियाणा में एक जगह पर रेड की गई है। केटीएफ के लिए फंड जुटाने के अलावा बॉर्डर पार से हथियार, गोला-बारूद और एक्सप्लोसिव की तस्करी की साजिश में शामिल लोगों पर भी ये रेड हुई। हालांकि अभी तक इसका ब्यौरा सामने नहीं आया है।

# हैफेड के चेयरमैन ने मंडियों का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत ने कहा कि प्रदेश में सूरजमुखी फसल की खरीद का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस फसल की खरीद को लेकर मंडियों का गठन किया गया है और फसल खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध भी किए गए हैं । सरकार का लक्ष्य है कि सूरजमुखी फसल के खरीद कार्य को लेकर मंडियों में किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पडे। इतना ही नहीं हैफेड द्वारा सूरजमुखी की फसल का कमर्शियल रेट 4800 रुपए प्रति क्विंटल और भावांतर भरपाई योजना के तहत 1 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक खरीदने का काम



किया जा रहा है। चेयरमैन कैलाश भगत मंगलवार को देर सायं लाडवा, थानेसर मंडी का दौरा करने के उपरांत व्यापारियों और किसानों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल किसानों की सूरजमुखी फसल के खरीद कार्य को लेकर स्वयं लगातार फीडबैक ले रहे हैं । उनका मकसद है कि किसानों को सूरजमुखी की फसल का अच्छा भाव मिले और फसल बेचने में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। इसी उद्देश्य को

**जायजा लिया**

**= इस फसल की खरीद को लेकर मंडियों का गठन किया गया है और फसल खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध भी किए गए हैं**

लेकर अंबाला व कुरुक्षेत्र की विभिन्न मंडियों का दौरा करके सूरजमुखी की फसल का खरीद कार्य का आकलन करने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हैफेड का उद्देश्य है कि व्यापारियों और किसानों को सूरजमुखी की फसल खरीदने और बेचने में कोई परेशानी ना हो, यदि किसी को कोई दिक्कत या परेशानी है तो वे अधिकारियों के साथ-साथ उनके साथ भी सीधा सम्पर्क कर सकता है।

# दिव्यांग बेटियों को समर्पित होगा 'सेल्फी विद डॉटर' अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
बेटियों के सम्मान में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय "सेल्फी विद डॉटर" अभियान शुरू करेगा। यह अभियान विशेष तौर पर दिव्यांग बेटियों को समर्पित होगा। आगामी 9 जून को इस अभियान के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू समारोह की अध्यक्षता करेंगे। "सेल्फी विद डॉटर" अभियान के प्रवर्तक सुनील जागलान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। ऑनलाइन होने वाले इस समारोह में देश-दुनिया से कई बड़ी हस्तियां जुड़ेंगी। इस दौरान सभी को दिव्यांग बेटियों के सम्मान और उनके जीवन को बेहतर बनाने की एक शपथ भी दिलाई जाएगी।
विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि बेटियों के सम्मान में इस सामाजिक अभियान को बड़ा आयाम देने की पहल की जा रही है। बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उन्हें सम्मान देने के साथ-साथ इस अभियान में एक शपथ भी होगी। इस शपथ के माध्यम से दिव्यांग बेटियों के जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लिया जाएगा। डॉ. राज नेहरू ने बताया कि समाज सेवी सुनील जागलान ने 9 जून 2015 को "सेल्फी विद डॉटर" अभियान की शुरूआत की थी। वह इस बार के अभियान में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ जुड़े हुए हैं। इस बार के "सेल्फी विद डॉटर" अभियान को विशेष तौर पर दिव्यांग बेटियों को समर्पित किया गया है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि दिव्यांग बेटियों के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करने के उद्देश्य से इस अभियान को व्यापक बनाना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। इसलिए अभियान को देश के बाहर भी दुनिया भर में फैलाया जाएगा। इसके माध्यम से एक अपील भी की जाएगी कि सभी अपनी अपनी बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करें ताकि लोगों में बेटियों के प्रति नजरिया बदले। जिनके घरों में बेटियां नहीं हैं, उनसे दिव्यांग बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उसे अपलोड करने का आह्वान किया जाएगा।

# 'पैसा होने के बावजूद खर्च नहीं कर पा रहीं पंचायती राज संस्थाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हरियाणा** के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा है कि पंचायती राज संस्थाओं के पास विकास कार्यों के लिए काफी पैसा है, जिसे यह संस्थाएं खर्च ही नहीं कर पा रही हैं। चालू वित्त वर्ष में भी केंद्रीय वित्त आयोग तथा राज्य वित्त आयोग से लगभग तीन हजार करोड़ रुपये की राशि मिलने जा रही है। ऐसे में संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ करते हुए विकास कार्यों की गति को बढ़ाना चाहिए। वे मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में सिरसा, फतेहाबाद, जींद तथा हिसार जिलों में चलाई



जा रही केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान अमृत सरोवर, ई-टेंडरिंग कार्यों, सीएम घोषणाओं, नाबार्ड के कार्यों, पंचायत लेखा-जोखा पोर्टल, प्रॉपर्टी मैपिंग, ग्राम दर्शन पोर्टल, सीएम विंडो, तालाबों के जीर्णोद्धार, ई-लाईब्रेरी, ओडीएफ प्लस गांव, सामुदायिक केंद्र, शिवधाम नवीनीकरण, व्यायामशाला, पार्क, जिम, नॉलेज सेंटर, विधायक आदर्श नगर आवाम ग्राम योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, मनरेगा, एचएसआरएलएम, स्वयं सहायता समूह, रूर्बन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, स्वर्ण जयंती खंड उत्थान योजना तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत गांवों में शेड बनाए जाने थे, लेकिन अभी तक हिसार मंडल के लगभग 1200 गावों में से 400 गावों के प्रस्ताव ही प्राप्त हुए हैं।

**नाराजगी**

**= गांवों में शेड बनाए जाने थे, लेकिन अभी तक हिसार मंडल के लगभग 1200 गावों में से 400 गावों के प्रस्ताव ही प्राप्त हुए हैं**

# शहरों को 'साफ सिटी-सेफ सिटी' बनाने का लक्ष्य:- डॉ. कमल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के श**हरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि सरकार राज्य के हर शहर को साफ सिटी-सेफ सिटी बनाने की दिशा में निरन्तर कदम उठा रही है। इस कड़ी में कचरे के डोर टू डोर कलेक्शन, पृथक्करण करने के प्रति लोगों को जागरूक करने के प्रति विशेष अभियान चलाया जाए।
डॉ.कमल गुप्ता हरियाणा निवास में राज्य के सभी नगर निगम आयुक्तों, जिला नगर आयुक्तों व शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।
डॉ. गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडकों, पार्कों, श्मशानघाटों के सौंदर्यीकरण व सडकों की मरम्मत,पार्किंग की मार्किंग डोर टू डोर क्लैक्शन, पृथक्करण व निपटान, अनियिमित कॉलोनियों का नियमतीकरण करना, प्रॉपटी टैक्स, प्रॉपटी आईडी व मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के कार्यों पर पूरा फोक्स करें तभी हम साफ सिटी-सेफ सिटी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी टैक्स और प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएं।

## चुनावी रंजिश में मारी गोली, 32 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के भेंडोली गांव में सरपंच पद के चुनाव की रंजिश के चलते मंगलवार को पूर्व सरपंच के देवर के पैर में गोली मार कर घायल किया। उसे इलाज के लिए फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। आरोप है कि गांव की मौजूदा सरपंच व उसके परिजनों ने मारपीट कर फायरिंग की और छत से ईंट-पत्थर भी बरसाए। महिला सरपंच समेत 32 नामजद के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव भेंडोली के रहने वाले पुष्पेंद्र ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है कि शाम को करीब साढ़े सात बजे वह अपने चाचा रामबीर के साथ बाइक पर सवार होकर खेतों से घर जा रहा था। उसी दौरान गांव की मौजूदा सरपंच कविता ने दर्शना, बीरो व सपना के साथ उनका रास्ता रोक लिया।

# राज्य में 5 बड़ी सीवरेज एवं पेयजल परियोजनाएं स्वीकृत- डा. बनवारी लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित बैठक में राज्य में 4508 लाख रुपए से अधिक की 5 बड़ी सिवरेज एवं पेयजल योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं पर जल्द ही कार्य आरम्भ किया जाएगा। जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अम्बाला शहर में टिम्बर मार्केट चौक नजदीक खेड़ा, आर्य नगर चौक नन्दी मोहल्ला से दक्षिण डिस्पोजल तक पुरानी सीवरेज व्यवस्था को सीआईपीपी तकनीक से मजबूत बनाया जाएगा जिस पर लगभग 1349.31 लाख रुपए की लागत आएगी। जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि करनाल शहर के 10 वार्डो में सीवरेज प्रणाली को बदलने का कार्य किया जाएगा। इसमें 425 आरसीसी के मैन हॉल बनाने के अलावा पानी के कनेक्शन किए जाएगें। इसके लिए लगभग 12037 मीटर लम्बी 200 एमएम की पाईप लाईन डाली जाएगी। इस पर लगभग 691.80 लाख रुपए की राशि खर्च किए जाएगें। उन्होंने कहा कि करनाल शहर में पेयजल के लिए 14 ट्यूबवेल एवं सबमर्सिबल पम्प सेट लगाने और पेयजल एवं सीवरेज के लिए नई पाईप लाईन के कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य पर 759.60 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस प्रकार करनाल शहर में सीवरेज एवं पेयजल योजनाओं पर 1451 लाख रुपए से अधिक की लागत आएगी। डा. बनवारी लाल ने कहा कि महाग्राम योजना के तहत गांव सीसवाल में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य पर 1167.77 लाख रुपए खर्च किए जाएगें। सीसवाल में लोगों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिए पेयजल योजना पर पहले ही कार्य किया जा रहा है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गांव कौल में सीवरेज लाइन एवं 2.50 एमएलडी के सीवरेज टीज्टमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा मैन पम्पिंग स्टेशन को चालू करने आदि के कार्य पर 540.89 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इन परियोजनाओं को आगामी माह में शुरू किया जाएगा।

**एसीटीपी**

**= मोहल्ला से दक्षिण डिस्पोजल तक पुरानी सीवरेज व्यवस्था को सीआईपीपी तकनीक से मजबूत बनाया जाएगा**

**पेयजल योजनाओं के लिए पाइप खरीद प्रक्रिया :** जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पेयजल परियोजनाओं के लिए करोड़ों रुपए की राशि से पाईप खरीदने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने अधिकारियों को मेवात रैनीवेल परियोजना को जल्द पूरा करने और पिंजौर व मोरनी क्षेत्र की पेयजल समस्या का तुरंत प्रभाव से निदान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा रेवाड़ी के रघुनाथपुरा, इब्राहिम बिशनुपर में जलघर का जल्द निर्माण करने लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जाए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ए के सिंह, इंजीनियरिंग इन चीफ असीम खन्ना, चीफ इंजीनियर राकेश कुमार, आर एस बेदी, शैलेन्द्र सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बेहतर भविष्य के लिए प्लास्टिक का उपयोग न करें : जसबीर कौर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य दंडाधिकारी एवं** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर कौर के मार्गदर्शन में बस स्टैंड के पास राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सीजेएम ने बताया कि आज के औद्योगिकीकरण के दौर में पर्यावरण के बारे में सोचना बेहद जरूरी है। क्योंकि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से पर्यावरण को पिछले कुछ दशकों में काफी नुकसान हुआ है। इसकी वजह से अब दुनियाभर के इकोसिस्टम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प देने के उद्देश्य से ही हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसी अवसर पर आज हरियाणा प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड करनाल की सहायता से एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा विभाग दीपक, सहायक पर्यावरण इंजीनियर हार्दिक एवं प्रिंसिपल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल मोहन मौजूद रहे। बच्चों के बीच विश्व पर्यावरण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया और वहां उपस्थित सभी बच्चों में शपथ दिलाई गई कि वह प्लास्टिक का उपयोग ना करें। सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक किया जा सके इसके साथ ही इस दिन जगह-जगह पेड़ लगाए जाएं, ताकि आने वाले समय में हमारी आने वाली पीढ़ी को कोई दिक्कत ना हो और यह भी बताया कि इसे केवल साल में 1 दिन की तरह ना याद रखा जाए बल्कि हर रोज आप लोगों को जागरूक करें कि वह भी अधिक से अधिक मात्रा में अपने आसपास खाली जगह पर पेड़ पौधे लगाएं। इस वर्ष पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य दी प्लास्टिक पोलूशन इस विषय को इसलिए चुना गया कि प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों को वैकल्पिक तरीकों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। प्रदूषण नियंत्रण विभाग की तरफ से सभी आए हुए बच्चों और उनके माता-पिता तथा अध्यापकों में इको फ्रैंडली बैग भी बांटे गए। सीजेएम ने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण कर संदेश दिया और कहा कि पौधारोपण का मकसद पर्यावरण में हरियाली लाना है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'पारदर्शिता के साथ करवाया जाए गन्ने का सर्वे'

## एमडी शुगर मिल को ज्ञापन सौंप कर भाकियू ने उठाई मांग, सर्वे की समस्या को लेकर 12 जून को फिर होगी बैठक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल सहकारी** शुगर मिल की ओर से आगामी वर्ष के गन्ना पिराई सत्र के लिए करवाए जा रहे गन्ने की फसल का सर्वे व बॉन्डिंग से जुड़ी कई मांगो को लेकर भारतीय किसान यूनियन के शिष्टमंडल ने मिल के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक से भेंट की। शिष्टमंडल में दर्जनभर गांव के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस अवसर पर गन्ना प्रबंधक रामपाल, सीएमओ सतपाल राठी व डाटा आपरेटर तेजपाल शर्मा विशेष तौर पर मौजूद रहे। इससे पूर्व शिष्टमंडल के प्रतिनिधियों ने मिल के विश्राम घर में बैठक कर अपनी मांगों वाला ज्ञापन तैयार किया। शिष्टमंडल की अगुवाई भाकियू के प्रवक्ता चौधरी सुरेंद्र सागवान ने की। किसान नेता सागवान ने कहा कि सर्वे के दौरान काफी खामियां बरती जाती हैं, जिसका खामियाजा मिल ऐरिया के गन्ना उत्पादक किसानों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि खासतौर पर यमुना बैल्ट के अधिकांश किसान सर्वे के दौरान मिल कर्मचारियों से मिलीभगत करके अधिक गन्ने का सर्वे करवा कर गलत रूप से बॉन्डिंग करवा लेते है। गलत रूप से की गई बॉन्डिंग के चलते यूपी से गन्ने की कम रेट में खरीद करके शुगर मिल को सप्लाई कर देते है, जिससे मिल ऐरिया के गन्ना उत्पादक किसान प्रभावित होते है। इसलिए गन्ने का सर्वे पारदर्शिता के साथ किया जाए। अगेती किस्म के गन्ने की सभी किस्मों का समान रूप से अनुबंध करके कलेंडर जारी किया जाए। किसी प्रकार की गडबड़ी न की जाए। सागवान ने कहा कि गन्ने का सर्वे करने के बाद एक प्रति संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध करवाई जाए।

उन्होंने बताया कि इसी मसले को लेकर आगामी 12 जून को भाकियू व मिल प्रबंधन के बीच मिल के विश्राम घर में बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रतनमान भी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर भाकियू जिला उपाध्यक्ष इनाम खान, गुरजंट सिंह नली कलां, तिलक राज, संजू डबकौली, संजीव कुमार नसीरपुर, कलविंद्र सिंह, सोकेम राणा, नरेश कुमार, राकेश महमदपुर, अमृत खराजपुर, प्रमोद, सतपाल कुंजपुरा, कालू, देवेंद्र भाटिया, सोनी जडौली, सोमा शर्मा सहित कई गन्ना उत्पादक किसान मौजूद थे।

**गन्ना उत्पादक किसानों को नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानी : हितेंद्र कुमार** सहकारी शुगर मिल करनाल के प्रबंध निदेशक हितेंद्र कुमार ने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। एक-एक गन्ने की फसल का सर्वे पूर्ण रूप से पारदर्शिता के साथ करवाया जाएगा। मैंने अभी शुगर मिल का कार्यभार संभाला है। इन सभी मांगों को हल करने के लिए आगामी 12 जून को दोबारा मिल में किसानों के साथ बैठक की जाएगी।

## जिला उपायुक्त ने सुनी जन समस्याएं



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला उपायुक्त** अनीश यादव ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने दफ्तर में जन समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने एक-एक शिकायतकर्ता की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि आम लोगों को सरकारी दफ्तरों में कार्य करवाने में किसी तरह की कोई बाधा न आए। गौरतलब है कि जिला उपायुक्त प्रत्येक कार्य दिवस पर अपने कार्यालय में आमजन से जुड़ी समस्याओं को सुनते हैं। उन्होंने राजस्व विभाग की शिकायत को सुनते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला की सभी तहसीलों व उप तहसीलों में रजिस्ट्री, इंतकाल व अन्य राजस्व संबंधी कार्य समय पर निपटाए जाएं। जिला उपायुक्त ने कहा कि आम जन के सरकारी कार्यों को आधिकारी गंभीरता से लें और तय समय पर कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। आमजन को किसी भी समस्या व शिकायतों के समाधान के लिए, कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

## पंजाब विवि में हरियाणा के हिस्से की बहाली के मुद्दे पर आप को चेताया



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारतीय** किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के हिस्सा बहाली का विरोध करने पर चेतावनी देते हुए कहा कि भगवंत मान के बेईमान हो गए हैं। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में हरियाणा का कोटा पुनः बहाल कराने के मुद्दे पर पूरा हरियाणा एक है। उन्होंने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय में किसानों के बच्चे पढ़ते हैं। उनके हक के लिए आंदोलन का रास्ता भी अपनाना पड़ा तो भारतीय किसान यूनियन पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दावा करती है कि उसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा है, लेकिन वह हरियाणा के छात्रों से उनका वाजिब हक छीनने का प्रयास कर रही है, जिसे पूरा नहीं होने देंगे। रतन मान ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री को अल्प ज्ञान है, इसलिए वे बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में पंजाब का 20, हरियाणा का 20 व केंद्र सरकार का 60 प्रतिशत हिस्सा था। यदि केंद्र सरकार अपने हिस्से में से हरियाणा का हिस्सा लौटाती है तो इससे पंजाब के हित कैसे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान झूठ की राजनीति न करें, हरियाणा का विरोध उन्हें भारी पड़ेगा।

**भाईचारा न तोड़ें:** रतन मान ने कहा कि एक तरफ कहा जाता है कि पंजाब हरियाणा का बड़ा भाई है, दूसरी तरफ बड़ा भाई उसका हक छीनने का प्रयास कर रहा है। एसवाईएल के मामले में भी मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा से धोखा किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में हरियाणा की हिस्सेदारी बहाल होने का विरोध करना आम आदमी पार्टी को हरियाणा में भारी पड़ेगा। 1 नवंबर 1966 को संयुक्त पंजाब से हरियाणा राज्य अलग होने के बाद भी हरियाणा के समस्त विश्वविद्यालय व क्षेत्रीय कार्यालय अर्से तक इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध रहे हैं। इस विश्वविद्यालय में हरियाणा की हिस्सेदारी पूर्व की दर से बहाल होते ही प्रदेश के दर्जनों महाविद्यालय व क्षेत्रीय केंद्र इससे संबद्ध हो जाएंगे, जिसका सीधा फायदा हजारों विद्यार्थियों को मिलेगा। पंजाब के मुख्यमंत्री ने यदि दोबारा इस मसले पर बेतुका विरोध किया तो उन्हें हरियाणा में इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। इनका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

## आपात स्थिति से निपटने के लिए होमगार्ड के जवानों व एनसीसी के छात्रों को दिया प्रशिक्षण



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** की आपदा प्रबंधन टीम ने बाढ़, भूकंप व जहरीली गैस के रिसाव जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला पुलिस के होमगार्ड के जवानों व नेशनल कैडेट कोर के विद्यार्थियों को पुलिस लाईन में एक सेमिनार आयोजित करके हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें प्रशिक्षण दिया गया कि इस प्रकार की आपातकालीन स्थिति आने पर लोगों को किस प्रकार बचाया जा सकता है और किस प्रकार जनहानि को होने से रोका जा सके। आपदा प्रबंधन टीम ने भूकंप, बाढ़ एवं जहरीली गैस के रिसाव से बचाव करने गए अति महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इसके अलावा बाढ़ आने पर बचाव के लिए घरेलू उपकरण से बचाव कैसे करना है? इस बारे में भी जानकारी दी गई।

## विशेष योग सत्र का आयोजन हुआ


**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत द्वारा योग कक्षा श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर 14 में विशेष योग सत्र का आयोजन किया हुआ। मिशन के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर योग कक्षाएं चलाई जा रही हैं। प्रमुख शिक्षक दिनेश गुलाटी ने कक्षा में पहुंचकर साधकों को सूक्ष्म व्यायाम और विभिन्न तरह के आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। विशेष रुप से सूर्य नमस्कार के दौरान उन्होंने कहा कि इसके अभ्यास से बेहतर शारीरिक लचीलापन और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शरीर के बहुत से रोग दूर होते हैं।

## 'छोटे-बड़े नालों की साफ-सफाई का काम भी जोरों पर'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के आदेश पर नगर निगम की इंजीनियरिंग शाखा का अमला फील्ड में उतर गया है। निगम के एक्सईएन, एई व जेई अलग-अलग वार्डो में जाकर जल भराव के कारणो का पता लगाकर उसका समाधान करने में जुटे हैं। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता श्याम सिंह सभी टीमों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के करनाल में हालिया दौरे के दौरान जन सुनवाई में नागरिकों ने जल भराव की समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया था। इस पर मुख्यमंत्री ने आदेश दिए थे कि नगर निगम के अधिकारी सभी वार्डो का दौरा करें और जहां-जहां जल भराव होता है, उसके कारणो का पता लगाकर उसका समाधान करें। यह कार्य मानसून से पहले-पहले पूरा करना है। इस सम्बंध में अधीक्षण अभियंता श्याम सिंह ने जानकारी दी कि नगर निगम के इंजीनियर वार्डो में जाकर वाटर लोगिंग की जगहों की पहचान कर रहे हैं। नालों की सफाई हो रही है, उसका भी निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि बरसाती पानी की निकासी निर्बाध रूप से हो सके। इस काम में निगम पार्षद भी सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर की सड़कों के किनारे लगे कर्ब व ड्रेन चैनलों की सफाई का काम भी जोरों से चल रहा है, ऐसी जगहों पर जमी मिट्टी को हटाया जा रहा है। निरीक्षण में जहां-जहां नालों पर डाली गई स्लैब क्षतिग्रस्त दिखाई देगी, उसे बदला जाएगा। निगम के कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता सभी इस काम में लगे हैं। अभियान मानसून से पहले और मानसून के दौरान भी जारी रहेगा, ताकि कहीं भी जल भराव न हो। इन क्षेत्रों का किया निरीक्षण- अधीक्षण अभियंता ने बताया कि उपरोक्त अभियान में अब तक कमेटी चौक और इसके साथ लगते क्षेत्र, वार्ड 10 स्थित सेक्टर-13 की सडकें, हाउसिंग बोर्ड, ओल्ड व न्यू रमेश नगर, दयानंद कॉलोनी, ओल्ड चार चमन, कुंजपुरा रोड, मुगल कैनाल, ड्रेन नम्बर-1, भिन्न-भिन्न डिस्पोजल पॉयंट, शिव कॉलोनी, उपकार कॉलोनी, वार्ड 7 का एरिया तथा वार्ड 14 की दयालपुरा रोड का निरीक्षण किया जा चुका है। दूसरी ओर निगमायुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की साफ-सफाई का काम भी जोरों से चल रहा है।

## योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है : शमशेर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सेवा समिति** अर्जुन गेट में आयोजित दिव्य योग कक्षा में मंगलवार को भी विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया। योग शिक्षक शमशेर नैन ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है। योग करने का मकसद आत्मज्ञान की प्राप्ति तथा सभी प्रकार की शारीरिक परेशानियों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि योग मनुष्य के मन और आत्मा की अनंत क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति करवाता है। योग करने से हमें अच्छी नींद आती है तथा हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ, लचीला तथा शक्तिशाली भी बनाए रखता है। योग शिक्षक सुरेंद्र नारंग ने योग के प्रकारों पर प्रकाश डालते हुए राजयोग में सहित अष्टांग योग में शामिल यम, नियम, आसन, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान समाधि पर अपने विचार रखें। योग गुरु लक्ष्मी चोपड़ा ने कहा कि योग से हमें शांति तथा आनंद प्राप्त होता है। योग से हमारा मस्तिष्क एकाग्रचित होकर काम करता है तथा हमारे मन में अच्छे विचारों का निवास होता है। इस अवसर पर सुरजीत सबरवाल, मनोज वर्मा, शैली शर्मा, रिंपी खरबंदा, जितेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी चोपड़ा, रिंपी खरबंदा, अशोक नारंग, सविता नारंग, बलदेव राणा, कमल चोपड़ा, पूर्ण चंद, अंजु अरोड़ा दया, दविंद्र चौधरी, पूनम निझावन, नीरू गुप्ता, गुरदयाल सिंह, वंशिका, भारती, किरण बाला, रेनु गोयल, रामलाल गोयल, दीनानाथ भाटिया, ज्योति गुलाटी, आशा गाबा, कविता, मधु बाला, मंजू शर्मा, नेहा, संतोष कथुरिया व वंदना आदि मौजूद रहे।

# हत्या मामले में अदालत ने सुनाई आरोपी को कठोर आजीवन करावास की सजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला एवं सत्र न्यायाधीश** चन्द्रशेखर ने हत्या के मामले में दोषी विश्व उर्फ विशी को कठोर आजीवन करावास व आर्म एक्ट में 3 साल की सजा के आदेश दिए हैं। वहीं दोषी को हत्या के मामले में 5 हजार रूपए व आर्म एक्ट में एक हजार रूपया जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोषी को हत्या के मामले में एक माह व आर्म एक्ट में एक सप्ताह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जबकि दूसरे दोषी रणदीप को आर्म एक्ट के मामले में उसका जेल में रहना ही सजा मानी गई है। इसके अलावा आर्म एक्ट के मामले में दूसरे आरोपी पर एक हजार रूपए का जुर्माना भरने के आदेश दिए हैं। जुर्माना न भरने पर दोषी को एक सप्ताह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**चंडीगढ़ से अपने फार्म हाउस पर आया था बिजेंद्र:** असल में रणदीप पुत्र रविंद्र निवासी घोघड़ीपुर ने दोस्त के साथ मिलकर अपने चाचा बिजेंद्र की हत्या की थी। इस मामले पर पर्दा डालने के लिए रणदीप ने ही पुलिस में अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना मधुबन में हत्या का मामला दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस की तफ्तीश के दौरान रणदीप और उसका साथी इस मामले में मुख्य आरोपी पाए गए थे। जानकारी के अनुसार 11 फरवरी 2020 को थाना मधुबन में शिकायत दर्ज करवाते हुए रणदीप पुत्र रविंद्र निवासी घोघड़ीपुर ने बताया था कि सुबह 11 बजे के लगभग गांव के नजदीक सफेद कार में आए अज्ञात लोगों ने मेरे चाचा बिजेंद्र पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उसकी हत्या कर दी है। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मुनक की ओर फरार हो गए है।



रणदीप ने पुलिस को बताया था कि मेरे पिता रविंद्र जिनकी वर्ष 2010 में मृत्यु हो गई थी। मेरे पिता और चाचा बिजेंद्र दो भाई थे। चाचा बिजेंद्र जिसकी हत्या की गई है, वह 48 वर्ष के अविवाहित था। उसके चाचा के पास 7 एकड़ भूमि थी। साढे 5 एकड़ भूमि चाचा ने बेच दी है। बची हुई डेढ एकड भूमि पर मेरे चाचा बिजेंद्र ने फार्म अपना हाउस बनाया हुआ है। बिजेंद्र चंडीगढ़ ही रहा करता था और गांव घोघड़ीपुर में बनाए हुए अपने फार्म हाउस पर अक्सर आता रहता था। जिस दिन इस वारदात को अंजाम दिया गया। उस दिन भी मेरा चाचा अपने फार्म हाउस पर ही आया हुआ था। पुलिस ने रणदीप की शिकायत हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। हत्या की वारदात के बाद पुलिस को डॉयल 100 पर किसी व्यक्ति का फोन आया और बताया गया कि गांव घोघड़ीपुर के नजदीक मुनक रोड पर सफेद कार में सवार लोगों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी है। उस व्यक्ति ने पुलिस को कार का नंबर भी नोट कराया। पुलिस की इस मामले में गहनता से जांच जारी थी। पुलिस ने जब हत्या के मामले में शामिल कार की डिटेल को खंगाला तो मालूम हुआ कि इस कार का मालिक कोई और नहीं शिकायतकर्ता रणदीप ही है। पुलिस ने हत्या के मामले में 16 फरवरी 2020 को आरोपी रणदीप पुत्र रविंद्र निवासी घोघड़ीपुर को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर 7 दिन का रिमांड लिया। रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते उसने अपने चाचा की हत्या की है, इस साजिश में अपने दोस्त विश्व उर्फ विशी पुत्र तेजबीर निवासी घोघड़ीपुर का नाम भी लिया। पुलिस ने आरोपी विश्व को अदालत में पेश कर 5 दिन का रिमांड लिया। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपियों से पिस्तौल भी बरामद की, जिस के जरिए वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपियों ने बताया कि यह पिस्तौल उन्होंने यूपी से दो व्यक्तियों नौशाद व जबरदीन उर्फ जबरू से खरीदी गई थी।

## संपादकीय

# भारत अमेरिका मैत्री - दुनियां के लिए अहम संदेश

**वैश्विक** स्तर पर भारत के बढ़ते रुतबे और कद में सफलता का एक और अध्याय जुड़ने जा रहा है, क्योंकि हमारे माननीय पीएम के 21-24 जून 2023 तक अमेरिकी राजकीय दौरे पर होंगे। चूंकि पहली बार अमेरिका की अधिकृत यात्रा पर जा रहे हैं इसीलिए इसकी अहमियत और महत्व बहुत अधिक होगा जिसके सकारात्मक दूरगामी परिणाम आने की पूरी संभावना जताई जा रही है। इसके पहले 2009 में आखिरी राजकीय यात्रा पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने की थी। अमेरिका आज एक विकसित देश है तो भारत ने भी कुछ वर्षों से अपनी ताकत रुतबा और शक्ति हर क्षेत्र में दिन दूनी रात चौगुनी कहावत की लाइन में बढ़ाई है। आज भारत की बौद्धिक क्षमता, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा स्पेस इत्यादि अनेकों क्षेत्रों में विकसित देशों के समकक्ष होने की राह पर है। सबसे बड़ी बात विश्व की दोनों महाशक्तियों के साथ भारत के मधुर संबंध और सामंजस है, इसके साथ ही भारत आज दुनियां की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो अमेरिका सबसे पुराना लोकतंत्र है जो सोने पर सुहागा साबित हो रहे हैं। आज अगर भारत अमेरिका की पक्की मैत्री, अमेरिकन इंडियन भाई भाई की यात्रा शुरू हो गई है तो यह एक और एक ग्यारह वाली बात है, क्योंकि दोनों के पास अपनी अपनी विशेषज्ञता और ताकत है जो एक साथ मिल जाए तो पूरी दुनिया में सुख समृद्धि स्वस्थ शांति बनाने की और महत्वपूर्ण कदम होंगे। यही बात है कि भारत अमेरिका के बीच स्थाई मैत्री का जश्न मनाया जा रहा है और यह सारी दुनियां के लिए एक अहम संदेश भीसाबित होगा, इसकी प्रगाढ़ता का नया अध्याय 21-24 जून 2023 से शुरू होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने और समृद्धि लाने, मिल बैठ चर्चा करेंगे दो यार भारत और अमेरिका। साथियों बात अगर हम पीएम के 21-24 जून 2023 को अमेरिका राजकीय दौरे की खासियत की करें तो पीएम 22 जून को अमेरिकी संसद को संबोधित करने वाले हैं। पीएम अमेरिकी संसद के दोनों सदन-सीनेट और हाउस ऑफ प्रिपेजेंटेटिव को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। ये पहला मौका है, जब कोई प्रधानमंत्री अमेरिकी संसद को दो बार संबोधित करने जा रहे हैं। पीएम इससे पहले भी अमेरिकी संसद को संबोधित कर चुके हैं.। अमेरिका और भारत के रिश्ते पिछले कुछ सालों में बहुत मजबूत हुए हैं। रक्षा से लेकर व्यापार तक के क्षेत्र में दोनों देश करीब आए हैं दरअसल, सदन और सीनेट दोनों के द्विदलीय नेतृत्व के जरिए समर्थित यूएस हाउस स्पीकर ने पीएम को यूएस कांग्रेस को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है। वह 22 जून को व्हाइट हाउस भी जाने वाले हैं। दरअसल,पीएम पहले कई मौकों पर अमेरिका का दौरा कर चुके हैं, मगर ये पहला मौका है, जब वह राजकीय दौरे पर अमेरिका जा रहे हैं। पीएम को जो आमंत्रण भेजा गया है, उस पर सीनेट मेजोरिटी लीडर, सीनेट रिपब्लिकन लीडर और हाउस माइनॉरिटी लीडर ने भी साइन किया है। पीएम अमेरिका की संसद में भारत के भविष्य के लिए अपने विजन औरअमेरिका-भारत द्वारा सामने किए जा रहे वैश्विक मुद्दों पर सांसदों को संबोधित करेंगे।

# गरीबी पर विरोधाभासी आंकड़ें

-राजेश माहेश्वरी

"भारत चीन से डेढ़ गुना आगे है। जापान भी पीछे छूट गया है। कृषि की अप्रत्याशित विकास दर 5.5 फीसदी सामने आई है, तो 80 फीसदी तक निजी निवेश होटल क्षेत्र में आया है। कपड़ा, सीमेंट, इस्पात में भी निवेश बढ़ा है। सबसे ज्यादा 14 फीसदी बढ़ोतरी दर होटल-ट्रेड क्षेत्र में दर्ज की गई है। मैन्यूफैक्चरिंग, निर्माण, खनन और रियल एस्टेट आदि क्षेत्रों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन सवाल है कि इस विकास और अर्थव्यवस्था के विस्तार का फायदा देश के आम आदमी तक क्यों नहीं पहुंचता, ताकि उसकी गरीबी कम हो सके? प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक मंच पर जो बात कही है, उसका ठोस आधार जरूर होगा। देशवासी प्रधानमंत्री मोदी के वादों और वचनों को गंभीरता से लेते हैं। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए मोदी सरकार इस दिशा में और ज्यादा बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास करेगी।"

**हमारा** देश भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। जीवन के हर क्षेत्र में देश नित नए उपलब्धियां हासिल कर रहा है। बावजूद इसके देश में गरीबी की समस्या के समाधान का कोई ठोस फामूर्ला हमारे पास नहीं है। पिछले 75 सालों में कई दलों की सरकारों ने देश की बागडोर संभाली। हर सरकार ने गरीबी खत्म करने की वायदें किए, लेकिन मामूली सुधार ही इस दिशा में दिखाई दिया। अक्सर देश में यह चर्चा होती है कि देश में गरीबी घटी है या बढ़ी है? असल में यह मसला जहां अर्थशास्त्रियों की बहस का मुद्दा रहा है वहीं दूसरी तरफ देश का आम आदमी भी इस सवाल का जवाब जानना चाहता है। खाासकर तब जब आजादी के बाद से ही देश में हर सरकार गरीबी हटाने को अपना मिशन बनाती रही हैं। लेकिन, 75 साल बाद भी यह ऐसी बहस है जो खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के अजमेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया है कि भारत में अति गरीबी खत्म होने के बहुत निकट है। विपक्ष प्रधानमंत्री के इस दावे को राजनीति और चुनावी जुमलेबाजी के तौर पर ही ग्रहण करेगा। लेकिन जब देश के प्रधानमंत्री किसी सार्वजनिक सभा में इस बात का दावा कर रहे हैं तो उनके पास उसका पुख्ता आधार और आंकड़ें भी जरूर होंगे। तभी तो प्रधानमंत्री ने इस प्रकार का दावा दिया किया है। 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे पर चुनाव जीत लिया था। देश में गरीबी 2023 में भी है। 1956-57 में 21.5 करोड़ यानी 80 प्रतिशत आबादी गरीबी थी। 1973-74 में 55 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे आई। 1983 में गरीबी रेखा का आंकड़ा घटकर 45 प्रतिशत पर आया। 1999-2000 में 26 प्रतिशत आबादी गरीब थी। 2011-12 से 21.9 प्रतिशत आबादी गरीबी में रह रही है। गौर करने वाली बात यह है कि गरीबी रेखा का यह आंकड़ा आखिरी बार 2011-12 में ही जारी किया गया था. यानि उसके बाद सरकार की तरफ से गरीबी का आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। पीएम के बयान का घोर विरोधाभास यह है कि आज भी करीब 22 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा के तले बताए जाते हैं। भारत सरकार कोई अधिकृत आंकड़ा देने की बजाय छिपाती रही है। वैसे 2022-23 के दौरान गरीब



की जनगणना जारी है। कुछ आंकड़े सार्वजनिक भी हो सकते हैं, लेकिन यह जनगणना 2024 तक चलेगी। तब तक आम चुनाव हो चुके होंगे और नई सरकार बनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी होगी! भारत में गरीबी के वे आंकड़े सामने हैं, जो आवधिक श्रम बल सर्वे के जरिए सार्वजनिक हुए हैं या संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम अथवा सीएमआईई सरीखे पेशेवर संगठनों की रपटों ने उद्घाटित किए हैं। गरीबी-रेखा के तले जीने वालों की संख्या अधिक होनी चाहिए, क्योंकि कोरोना महामारी के बाद ही 5.60 करोड़ भारतीय गरीबी-रेखा के नीचे चले गए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 15 सालों में 41.5 करोड़ (415 मिलियन) लोग गरीबी के चंगुल से बाहर निकले हैं। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में 2005-06 से 2019-21 तक गरीबी उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है और यहां गरीबों की संख्या में 41.5 करोड़ की कमी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए 2020 के जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर, दुनिया भर में सबसे ज्यादा गरीब लोग (228.9 मिलियन यानी कि 22.8 करोड) हैं, इसके बाद नाइजीरिया (2020 में लगभग 96.7 मिलियन) हैं। रिपोर्ट के अनुसार विकास के बावजूद भारत की आबादी कोविड महामारी के प्रभाव और बढ़ते खाद्यान्न, ऊंची ऊंची ईंधन कीमतों से जूझ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पोषण और ऊर्जा की किल्लतों से जुड़ी समस्याओं पर काम करना सरकार की प्राथमिकता सूची में बरकरार रहना चाहिए। भारत में आंकड़ों पर बहस चलती रहती है। पिछले साल आई वर्ल्ड बैंक की एक स्टडी के मुताबिक 2011 में 22.5 फीसदी गरीबी थी जो 2019 में घटकर 10.2 फीसदी रह गई। यह आंकड़ा आईएमएफ के डेटा से मेल नहीं खाता है। अमेरिका का जाने माने ब्लॉगर-इकनॉमिस्ट नोह स्मिथ ने वर्ल्ड पॉवर्टी क्लॉक और द वांशिंगटन पोस्ट के एक चार्ट का हवाला देते हुए एक चार्ट ट्वीट किया है। इसके मुताबिक भारत में छह साल में गरीबी में भारी गिरावट आई है। 2016 में गरीबों की आबादी 12.4 करोड़ थी जो 2022 में 1.5 करोड़ रह गई है।

पिछले साल लोकसभा में सरकार ने गरीबी को लेकर आंकड़े बताए हैं जो हैरान करने वाले हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने गरीबी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए बताया कि देश की 22 फीसदी आबादी आज भी गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर कर रही है। जबकि देश की आजादी के वक्त करीब 80 फीसदी आबादी गरीब थी। लेकिन अगर प्रतिशत के इन आंकड़ों को निकाल दें तो पता चलता है कि जिस वक्त देश आजाद हुआ उस वक्त 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे रह रहे थे और आज ये आंकड़ा 26.9 करोड़ लोगों का है। देश में करीब 43 करोड़ श्रमिक हैं। उनमें आधे से कम को ही नियमित रोजगार नसीब है। देश की आबादी 142 करोड़ से ज्यादा हो गई है और विश्व में सर्वाधिक है, लेकिन करीब 41.01 करोड़ लोग ही नौकरीपेशा हैं। यह संख्या घट रही है और बेरोजगारी की दर बढ़ कर 8 फीसदी को पार कर चुकी है। आंकड़ों में पूर्वाग्रह भी संभव हैं, लेकिन प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का मानना है कि 18 फीसदी आबादी अब भी गरीब है। यदि इन संक्षिप्त विवरणों का विश्लेषण किया जाए, तो अति गरीबी के समापन की संभावनाओं पर बड़े-बड़े सवाल दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री एक मोटा-सा खाका देश के सामने पेश कर सकते थे कि अति गरीबी चरणबद्ध तरीके से कैसे खत्म हो सकती है। देश में खरबपतियों की संख्या 160 से ज्यादा हो गई है, लेकिन इसी देश में 50 फीसदी महिलाओं में खून की कमी है। औसतन 6-23 माह की उम्र के सिर्फ 11 फीसदी बच्चों को ही पूरा भोजन नसीब है। शेष कुपोषित और बीमार हैं। बालिग उम्र की 35 फीसदी आबादी को ही नियमित काम उपलब्ध है। शेष दिहाड़ीदार, मजदूर और अनियमित कामगार हैं। इसमें मनरेगा की जमात भी शामिल है, जिसे मजदूरी भी समयानुसार और नियमित नहीं मिलती। इन विरोधाभासों को क्या कहेंगे? बेशक यह खबर सुखद है कि 2022-23 में हमारी आर्थिक विकास दर 7.2 फीसदी रही है। विश्व में यह सबसे अधिक और तेज विकास दर है। फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी मात्र एक फीसदी विकास दर हो तरस रहे हैं।

भारत चीन से डेढ़ गुना आगे है। जापान भी पीछे छूट गया है। कृषि की अप्रत्याशित विकास दर 5.5 फीसदी सामने आई है, तो 80 फीसदी तक निजी निवेश होटल क्षेत्र में आया है। कपड़ा, सीमेंट, इस्पात में भी निवेश बढ़ा है। सबसे ज्यादा 14 फीसदी बढ़ोतरी दर होटल-ट्रेड क्षेत्र में दर्ज की गई है। मैन्यूफैक्चरिंग, निर्माण, खनन और रियल एस्टेट आदि क्षेत्रों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन सवाल है कि इस विकास और अर्थव्यवस्था के विस्तार का फायदा देश के आम आदमी तक क्यों नहीं पहुंचता, ताकि उसकी गरीबी कम हो सके? प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक मंच पर जो बात कही है, उसका ठोस आधार जरूर होगा। देशवासी प्रधानमंत्री मोदी के वादों और वचनों को गंभीरता से लेते हैं। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए मोदी सरकार इस दिशा में और ज्यादा बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास करेगी।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

### कुछ बातें सुन ले

कुछ दर्द की बातें गहरी हमसे सुन ले,
कुछ गुफ्तगू नर्गिस ए बीमार से कर ले।

नाविस्त है तेरे हुस्न सा बेहतरीन,
दिल की बातें अब आंखों से कर ले।

मेरी फना पर ना खिलखिलाना तुम,
मेरी मौत का इल्जाम न अपने सर ले।

आओ बैठे जो लम्हे प्यार के पास पास,
जुदाई से पहले दिलों के हिसाब कर ले।

यू ना दिखा नरगिसी तेवर हमें,
आज अपने हुस्न को बेनजीर कर ले।

बेनजीर- अनुपम, नविस्त- लिखावट।

संजीव ठाकुर

## नई ऊंचाइयों को छू रहे भारत-नेपाल संबंध !

**सुनील कुमार महला**

**नेपाल** भारत का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण पड़ोसी है। भारत के लिए नेपाल का और नेपाल के लिए भारत का बहुत बड़ा महत्व है। दोनों देश नेपाल पांच 1ए850 किलोमीटर से ज्यादा की सीमा साझा करते हैं।भारत के लिए नेपाल का महत्व इसलिए क्यों कि नेपाल पांच भारतीय राज्यों. उत्तराखंडए उत्तर प्रदेशए पश्चिम बंगालए सिक्किम और बिहार के साथ अपनी सीमा साझा करता है। यही कारण है कि नेपाल और भारत एक दूसरे के लिए विभिन्न सांस्कृतिक और आर्थिक आदान.प्रदान के महत्त्वपूर्ण बिंदु रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो सदियों सदियों से चले आ रहे भौगोलिकए ऐतिहासिकए सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों के कारण अपनी विदेश नीति में यह हमारे लिए एक विशेष महत्त्व रखता है। नेपाल का जहां एक ओर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये सामरिक महत्त्व है वहीं दूसरी ओर नेपाल का भारत के साथ रोटी.बेटी का संबंध तक है।

यहां तक कि दोनों देशों के बीच खुली सीमा है और दोनों ही एक दूसरे के साथ निर्बाध आवाजाही तक करते रहे हैं। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारत और नेपाल हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म के संदर्भ में बुद्ध के जन्मस्थान लुंबिनी;नेपाल में स्थितद्ध के साथ समान संबंध साझा करते हैं । वास्तव मेंए वर्ष 1950 की शांति और मित्रता की भारत.नेपाल संधि भारत और नेपाल के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नेपाल और भारत के संबंध इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्यों कि नेपाल भारत की शिहमालयी सीमाओंश के ठीक बीच में है और भूटान के साथए यह एक उत्तरी श्सीमाश के रूप में कार्य करता है और चीन से किसी भी संभावित आक्रमण के खिलाफ बफर राज्यों के रूप में कार्य करता है। हाल ही में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड 31 मई से भारत की यात्रा पर आए। नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की हाल की भारत यात्रा से भारत नेपाल संबंधों को एक नई ऊंचाई मिली हैए क्यों कि पिछले कुछ समय से नेपाल और भारत के संबंधों में सीमा विवाद को लेकर कड़वाहट देखने को मिल रही थी। जानकारी देना चाहूंगा कि लिम्पियाधुरा कालापानी और लिपुलेख के क्षेत्रों को लेकर भारत.नेपाल के बीच विवाद रहा है और प्रचंड के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर शुरूआत में भारत के प्रति रवैये में थोड़ी खटास थीए लेकिन प्रचंड की भारत यात्रा से अब रिश्तों में पुनः गर्माहट आ गई हैए क्यों कि अब दोनों ही देशों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अटूट दोस्ती के बीच सीमा विवाद दरार नहीं बनेगाए यह बहुत ही काबिलेतारिफ बात हैए क्यों कि नेपाल और भारत के सांस्कृतिकए आर्थिकए राजनीतिक यहां तक कि सामाजिक रिश्तों की लंबे समय से एक अलग ही पहचान रही है। हाल ही में एक जून को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ नेपाल के पीएम प्रचंड ने द्विपक्षीय वार्ता की।

## विचार

## कितनी सफल होगी नीतीश कुमार की विपक्षी एकता मुहिम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का एक मजबूत मोर्चा बनाने की कवायद में जुटे हुए हैं। इसके लिए नीतीश कुमार देश के विभिन्न क्षेत्रीय दलों के प्रमुखों से मिलकर उन सबको भाजपा के विरोध में एकजुट होने के लिए तैयार कर रहे हैं। नीतीश कुमार का प्रयास है कि मजबूत विकल्प के अभाव में पिछले नौ वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार चला रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विरोधी दलों का एक मजबूत विकल्प प्रस्तुत किया जाए। ताकि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को केंद्र की सत्ता से बाहर किया जा सके। नीतीश कुमार ने जब से बिहार में भाजपा से गठबंधन तोड़ा है। उसके बाद से उनका पूरा प्रयास है कि भाजपा के बढ़ते प्रभाव पर रोक लगाकर उनकी मनमानी को रोका जाए। नीतीश कुमार इस मुहिम में कांग्रेस को भी शामिल करना चाहते हैं। नीतीश कुमार का मानना है कि पहले सभी भाजपा विरोधी दल एक मंच पर आकर चुनाव में भाजपा को हरायें। उसके बाद प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का चयन किया जाएगा। नीतीश कुमार अभी स्वयं को प्रधानमंत्री पद की दावेदारी से बाहर मान रहे हैं। उनका कहना है कि वह स्वयं प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहते हैं। चुनाव के बाद बहुमत मिलने पर सभी विरोधी दलों के नेताओं की सहमति से प्रधानमंत्री का चयन किया जाएगा। नीतीश कुमार इस सिलसिले में बीजू जनता दल के अध्यक्ष व उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, द्रुमक के अध्यक्ष व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत ,चौधरी, माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी, भाकपा के महासचिव डी राजा सहित कई अन्य क्षेत्रीय दलों के नेताओं से इस संबंध में मिलकर चर्चा कर चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी से भी नीतीश कुमार की विपक्षी एकता को लेकर विस्तृत चर्चा हो चुकी है। भाजपा विरोधी दलों में इस समय नीतीश कुमार ही ऐसे नेता है। जिनके सभी दलों के नेताओं से सौहार्दपूर्ण संबंध है तथा वह सभी से खुलकर बात कर सकते हैं। नीतीश कुमार की मुहिम में अधिकांश राजनीतिक दलों ने उनसे साथ देने का वादा भी किया है। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, हम सहित कई राजनीतिक दल पहले से ही नीतीश कुमार नीत गठबंधन सरकार में साथ हैं। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, असम से सांसद बदरुद्दीन अजमल की पार्टी ने भी नीतीश की मुहिम में शामिल होने के लिए हां कर दी है। नीतीश कुमार अपने भाजपा विरोधी मुहिम में जुटे हुए हैं। मगर उन्हें बहुत से स्थानों पर सफलता भी नहीं मिल रही है। कहने को तो उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक उनके बहुत ही पुराने घनिष्ठ मित्र हैं। मगर वह नीतीश कुमार की मुहिम में शायद ही शामिल हो। नवीन पटनायक केंद्र की भाजपा सरकार को हर मुद्दे पर साथ देते हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री व वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगनमोहन रेड्डी भीं अंततः भाजपा की तरफ ही जाएंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी कांग्रेस के साथ किसी मोर्चे में शामिल होना पसंद नहीं करेंगे।

उन्होंने अपनी पार्टी का नाम बदलकर भारतीय राष्ट्र समिति कर दिया ह। उनका कहना है कि आने वाले चुनावों में वह कई प्रदेशों में अपनी पार्टी के उम्मीदवार उतारेंगे। ऐसे में तेलंगाना में उनकी कांग्रेस से सीधी टक्कर है। इस कारण से उनका नीतीश कुमार के मोर्चे में शामिल होना मुश्किल लग रहा है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

## अपने टैलेंट को कैसे पहचाने?

**विजय गर्ग**

**प्रतिभा** आपके पास सबसे मजबूत सार है। प्रतिभा को परिपक्व होने की जरूरत नहीं है। यह ईश्वर प्रदत्त है। हालाँकि, इसे थोड़ा चमकाने की आवश्यकता हो सकती है। हमारी प्रतिभा इसमें निहित है कि हम स्वाभाविक रूप से क्या करते हैं, सोचते हैं या महसूस करते हैं। आपको किसी स्कूल या कोच की जरूरत नहीं है जो आप में कुछ प्रतिभा विकसित कर सके। हमारी प्रतिभा इसमें निहित है कि हम अपने दैनिक जीवन में क्या करते हैं। कभी-कभी यह भी देखा जाता है कि प्रतिभा पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तान्तरित भी हो जाती है। उदाहरण के लिए, एक गायक के बेटे में भी कभी-कभी अच्छी गायन क्षमता होती है। हमने देखा है कि बहुत से गायकों के बच्चे भी अच्छे गायक होते हैं। लेकिन कभी-कभी किसी व्यक्ति के पास अपने परिवार से बहुत अलग प्रतिभा हो सकती है। एक चित्रकार क्रिकेटरों के परिवार में पैदा हो सकता है। एक प्रतिभा का अनुकरण या गबन नहीं किया जा सकता है। प्रतिभा एक ऐसी चीज है जिस पर हमारा पूरा अधिकार होता है और हमें विश्वास होता है कि इसे हमसे बेहतर कोई और नहीं कर सकता। दुनिया में कई लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें ये तक नहीं पता होता है कि उनका टैलेंट क्या है। इन लोगों को जल्द से जल्द अपने टैलेंट को पहचान लेना चाहिए। अगर हम अपने टैलेंट को जान लें तो हम सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। अपने टैलेंट को पहचानना क्यों जरूरी है? आज हर उद्योग प्रतिभा की मांग करता है, चाहे वह इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी हो, फैशन उद्योग हो, प्रबंधन उद्योग हो या कोई अन्य। प्रतिभा को हर जगह पसंद किया जाता है। कंपनियां कौशल के बजाय अधिक प्रतिभा चाहती हैं। व्यक्ति कोई भी नया हुनर ??सीख सकता है लेकिन वह उसका टैलेंट नहीं बन सकता। प्रतिभा स्वाभाविक है। आपकी प्रतिभा में आपको कुचलना दूसरों के लिए बहुत मुश्किल है।

इसके अलावा, यदि आप अपनी प्रतिभा को अपना पेशा बना लेते हैं, तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। यह आपके वेतन खाते में पूंजी की मात्रा में भारी वृद्धि कर सकता है। अपनी प्रतिभा के साथ काम करने से आपको संतुष्टि और आनंद मिलेगा।

## यह तो चीटिंग है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक** व्यंग्यकार दूसरे व्यंग्यकार के खिलाफ थाने में एफ.आई.आर. लिखाने आया। इंस्पेक्टर के पूछने पर उसने बताया - "साहब, यह बदमाश व्यंग्यकार नहीं उचक्का है, उचक्का। उसने मुझे कहीं का नहीं छोड़ा। हम दोनों में तय हुआ था कि दोनों बारी-बारी से एक-दूसरे को एक-एक घंटा सुनाएँगे। पहले कौन सुनाए इस पर हमने सिक्का उछाला। पर मेरा दुर्भाग्य कि पहला नंबर उसका आ गया। बदमाश ने एक घंटे में दो घंटे का मैटर सुनाकर फोन काट दिया। कहने लगा कि सिग्नल प्रोब्लम है। अब वह मेरी सुनने को तैयार ही नहीं है। उस दिन से मैं फोन लगा रहा हूँ। वह उठाने के बजाय मेरा कॉल काटता जा रहा है। गुस्सा तो मुझे बहुत आ रहा है। उसने व्यंग्य के नाम पर एक से एक घटिया रचनाएँ सुनाकर मेरे कान से खून निकाल दिया। वह तो मैं हूँ जो हर दिन पौष्टिक भोजन लेता हूँ। कोई और होता तो कलेजा निकल आता। मूर्छित हो जाता। अस्पताल ले जाते-ले जाते वह बंदा मर जाता। मैंने प्रण लिया है कि जब तक अपनी व्यंग्य रचनाएँ उसे सुना नहीं लेता तब तक मैं चैन की सांस नहीं लूँगा। लेकिन करूँ भी तो क्या करूँ, मैं तो लुट गया। मुझे बचाइए। बदमाश को कहीं से भी ढूँढ़कर लाइए। मैं अनशन पर हूँ। जब तक उसे अपने व्यंग्य सुना नहीं लेता तब तक अन्न-जल को हाथ नहीं लगाऊँगा। फोन की गैलरी में रचनाएँ भरकर घूम रहा हूँ। कसम से एक बार मिल जाए तो सारी की सारी रचनाएँ उस पर दाग दूँ। इंस्पेक्टर साहब मैं आपके हाथ जोड़ता हूँ। पैर पड़ता हूँ। कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूँ। बस एक बार उसे पकड़कर ले आइए। कीमत का नाम सुनते ही इंस्पेक्टर का रिश्वती जमीर जाग गया। उसने कहा "उठो भैया! धैर्य से काम लो इस संकट की घड़ी में भगवान् का नाम लो। नहीं तो मेरा नाम लो। अभी तो मैं ही तुम्हारा भगवान हूँ। मैं तुम्हारी पीड़ा समझ सकता हूँ। मित्र का छल-कपट अनुभव कर सकता हूँ। मैं उसे हरगिज नहीं छोड़ूँगा। बस हमारी कीमत चुका दीजिए। कीमत का नाम सुनते ही व्यंग्यकार असमंजस में फंस गया। कहा झ यदि मैं कीमत चुकाने की हैसियत रखता, तो व्यंग्यकार हरगिज नहीं बनता। इसलिए मेरी मजबूरी को समझिए। मेरी सहायता कीजिए।

# 'संत कबीर ने हमेशा रूढीवादी प्रथाओं का विरोध किया'

## समाज में फैली बुराईयों का अंत कर कबीर द्वारा बताए रास्ते पर चलना ही उनके चरणों में सच्ची श्रद्धांजलि-राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**संत शिरोमणी** कबीर साहेब की 626वीं जयंती के अवसर पर जीवीएम गर्ल्स कॉलेज स्थित इंद्रधनुष सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल ने जिला व प्रदेश वासियों को कबीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए संत कबीर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में फैली बुराईयों का अंत कर संत कबीर साहेब द्वारा बताए रास्ते पर चलना ही हमारे लिए उनके चरणों में सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा



कि संत कबीर ने अपने जीवन में हमेशा अपनी वाणी व दोहो के माध्यम से समाज में फैली छूआछूत, नशे तथा रूढीवादी प्रथाओं का विरोध किया। उन्होंने समाज को इन बुराईयों से दूर रहकर मिलजुल रहने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि आपसी भाईचारा ही मनुष्य को मजबूती के साथ आगे बढने में मदद करता है।

राज्यपाल ने कहा कि कबीरदास न सिर्फ एक संत थे बल्कि वे एक महान विचारक और समाज सुधारक भी थे। कबीरदास हिन्दी साहित्य के ऐसे कवि थे जिन्होंने समाज में फैले आडंबरों को अपनी लेखनी के बलबूते पर उस पर कुठाराघात किया था। उन्होंने समाज को अपने दोहों के माध्यम से जीवन जीने की कई सीख

**8 राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने जिला व प्रदेश वासियों को दी संत शिरोमणी कबीर साहेब की 626वीं जयंती की शुभकामनाएं**

भी दी हैं। कबीर जी के एक दोहे की व्याख्या करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हमें आज का कार्य आज ही पूरा करना चाहिए उसे कभी भी कल पर नहीं छोड ?ा चाहिए, क्योंकि मनुष्य के जीवन में कल कभी नहीं आता। मनुष्य को अपने जीवन में आलस्य और लापरवाही का त्याग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में जिस मनुष्य में पास श्रेष्ठद्द गुण है वहीं भगवान का रूप है।

राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी संत कबीरदास द्वारा दिखाए गए पथ पर आगे बढ़ते हुए सबका साथ-सबका विकास सोच के साथ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं ताकि उस व्यक्ति को भी समाज की मुख्यधारा के साथ जोडकर उसको भी जीवन में आगे बढ ? का अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने कोरोना जैसी आपदा में कोई व्यक्ति भूखा न सोए इसके लिए फ्री में अनाज देने का कार्य किया और वो आज भी गरीब लोगों को मुहैया करवाया जा रहा है। इसके अलावा गरीब लोगों के स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत 05 लाख रुपए तक फ्री ईलाज की सुविधा गरीब लोगों को मुहैया करवाई।

# केयू के दर्शनशास्त्र-विभाग में विभिन्न प्रोग्राम्स में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023-24 में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया 1 जून से शुरू हो चुकी है। पीजी कोर्स व यूजी एंड इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि कुवि के शिक्षण विभागों/संस्थानों में विश्वविद्यालय की वेबसाइट से विभिन्न विभागों के यूजी इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स व पीजी प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए 1 जून से दाखिला प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन के लिए अलग से लिंक बनाया गया है। दर्शन शास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रो. अनामिका गिरधर ने बताया कि ह्ययदि विद्यार्थी लाखों वर्ष पुरातन सनातन भारतीय धर्म, संस्कृति, नैतिकता, तर्क, विचार, चिंतन व जीवनचर्या आदि को तथा जैन, बौद्ध, चार्वाक के साथ यूनानी व पाश्चात्य फिलॉसफी को गहराई से जानना, समझना व इन पर शोध करना चाहते हैं तो दर्शनशास्त्र-विभाग के कोर्स एमए फिलॉसफी प्रथम वर्ष दर्शनशास्त्र विभाग में दाखिला ले सकते हैं। सनातन भारतीय योग तथा इसकी विभिन्न धाराओं से अवगत होकर प्रायोगिक अभ्यास करने के इच्छुक हैं तो डिप्लोमा इन योगा एंड अप्लाइड फिलॉसफी ; एक वर्षीय में दाखिला के लिए आवेदन कर सकते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स इन मोरल एंड स्प्रिच्युअल काउंसलिंग (एक वर्षीय सायंकालीन) द्वारा सनातन भारतीय योग से प्रेरित एंव मार्गदर्शित नैतिक एवं आध्यात्मिक परामर्श यानि काउंसलिंग में रुचि रखने वाले विद्यार्थी इसमें दाखिला के लिए आवेदन कर सकते हैं। विभाग द्वारा चलाए जा रहे सर्टिफिकेट कोर्स इन भगवद्गीता (एकवर्षीय सायंकालीन) में दाखिला लेकर सनातन धर्म व संस्कृति के प्रसिद्ध ग्रंथ गीता के मर्म को समझ सकते हैं। डिप्लोमा इन रीजनिंग (अर्द्धवार्षिक सांयकालीन) - से आवेदक प्रतियोगिता परीक्षाओं में अति आवश्यक विषय रिजनिंग के संबंध में भी अपनी विविधमुखी जिज्ञासा की पूर्ति कर सकते हैं! विभागाध्यक्षा प्रो. अनामिका गिरधर ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा तथा राज्य सिविल सेवा परीक्षाओं में लॉजिकल रिजनिंग तथा नीतिशास्त्र संबंधी प्रश्न बहुतायत से पूछे जा रहे हैं । उपरोक्त परीक्षाओं में सफलता के लिये इन विषयों का अध्ययन आवश्यक है । दर्शनशास्त्र विषय के अंतर्गत नीतिशास्त्र, व्यावहारिक नीतिशास्त्र, अधि-नीतिशास्त्र, तर्कशास्त्र व रिजनिंग विषयों को भी पढ़ाया जाता है । इच्छुक व्यक्ति दर्शनशास्त्र-विभाग में प्रवेश लेकर अपनी ज्ञान-पिपासा शांत करने के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी सफलता निश्चित कर सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### लव जिहाद को लेकर हिन्दू परिषद ने एसपी को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) युवती** के घर से लापता होने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद के सदस्यों ने मिलकर एसपी को एक शिकायत दी है। जिसमें कहा गया है कि एक युवक जिसका नाम मोहम्मद शाकिर है वह अम्बाला छावनी के रहने वाला है। युवती के परिजनों ने बताया कि शाकिर उनकी बेटी को 20 मार्च 2023 को शादी की बहाना लेकर बहला कर भगा ले गया था। लेकिन अभी तक उनकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा है। न ही पुलिस ने अभी तक आरोपी को ढूंढा है और न ही आरोपी के परिवार से कोई पूछताछ कि है। युवती के परिजनों का आरोप है कि शाकिर उनकी बेटी को लव जिहाद के चलते भगा कर ले गया है। उन्होनें कहा कि शाकिर के घरवालों उल्टा उन्ही पर गलत मुकदमें दर्ज करवाने की धमकी दे रहें है। इस पर अमल करते हुए एसपी ने कहा कि मामले में कार्रवाई जारी है। इस मौके पर संजय कुमार, अनूप सिंह राणा, धर्म वर्मा, ज्ञानचंद व अन्य हिन्दु परिषद के सदस्य मौजूद रहे। उन्होनें जल्द से जल्द मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है।

### लिटल एजल्स स्कूल में 41वीं ऑपन जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का हुआ शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/रमेश कुमार**
**दिनांक** 6 जून 2023 को लिटल एंजल्स स्कूल में 41वीं ऑपन जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारम्भ हुआ। इस चैंपियनशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राजीव जैन (पूर्व मीड़िया सलाहकार मुख्यमन्त्री, हरियाणा) व योगेन्द्र डबास (प्रमोशन हैड ट्रांसफॉर्म, नॉर्थ इंडिया) द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा



गोयल, एडमिन ऑफिसर विवेक आर्य, सैक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन, जगबीर सिंह छिक्कारा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्रधानाचार्या आशा गोयल ने मुख्य अतिथि व माननीय अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। यह चैंपियनशिप 6 जून से 10 जून तक खेली जाएगी। जिसमें लगभग 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में अंडर- 11, 13, 15, 17, 19 व वेटरन्स 30 से 65 आयुवर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। मुख्य अतिथि श्री राजीव जैन ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी व उन्होंने कहा कि खेलों द्वारा ही बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने भी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी व मुख्य अतिथि व माननीय अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर उनका आभार प्रकट किया।

### पर्यावरण दिवस पर मेयर ने शुरू की 5001 पौधों की प्लांटेशन ड्राइव

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर:** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में मेयर मदन सिंह चौहान ने दमला गांव में एसपीएस बायो-केम के 5001 पौधों की प्लांटेशन ड्राईव का शुभारंभ किया। इस प्रयास के माध्यम से दमला गांव व इसके निकटवर्ती क्षेत्र को ओर हरा भरा बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर मेयर ने आयोजकों के इस प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि यह योजना इको फ्रेंडली प्रोजेक्ट की दिशा में एक बेहतरीन उदाहरण है जो कि निकट भविष्य में स्थानीय लोगों के यकीनी रुप से सार्थक सिद्ध होगा।



उन्होंनें उम्मीद जताई कि अन्य समूह भी पर्यावरण के प्रति सजग होकर ऐसे योजनाओं को अंजाम दें। कंपनी के सहायक महाप्रबंधक संदीप त्रिपाठी और वरिष्ठ प्रबंधक विकास पुंडीर ने कहा कि इस देश के सभी नागरिकों की जिम्मेवारी होनी चाहिये कि वे पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता व्यक्त करें। उन्होंनें बताया कि एक अन्य योजना के अधीन उन्होंने गांव में शुगर मिल की रद्द सामग्रियों, भूसी और गोबर का सही इस्तेमाल कर कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किया है जो कि प्रतिदिन 6.4 टन सीबीजी और 100 टन जैविक फर्टिलाइजर का उत्पादन करती है। उन्होंनें कहा कि वे निकट भविष्य में भी ऐसी योजनाओं को अंजाम देते रहेंगें।

# 'जीवन कौशल शिक्षा को दिया जा रहा बढ़ावा'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा** में जीवन कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ब्रेकथ्रू, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और क्वेस्ट एलायंस के साथ मिलकर वॉयस फ्रॉम द ग्राउंड ट्रैक के तहत काम कर रहा है। भारत जैसे देश में जहाँ अधिकांश आबादी युवा है द लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव एलएससी युवाओं, माता-पिता और शिक्षकों के साथ जीवन कौशल पर उनकी समझ बनाने और जागरूकता लाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहा है। द लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव देश के 18 संगठनों का समहू है जो भारत



में जीवन कौशल लाइफ स्किल्स शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इसी प्रयास के तहत आज पानीपत में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस विषय पर ब्रेकथ्रू की सीईओ सोहिनी भट्टाचार्य ने कहा जीवन कौशल शिक्षा व्यक्तिगत विकास और समझ को प्रभावित करती है। हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया से सुधा ने बताया कि यह अनुमान लगाया गया है कि आज स्कूल शुरू करने वाले 65 प्रतिशत बच्चे ऐसी नौकरी करेंगे जो अभी मौजूद नहीं है। 21वीं सदी में एक विविध, रचनात्मक और नेटवर्क वाली दुनिया में फलने.फूलने में सक्षम होने के लिए व्यक्तियों की आवश्यकताएं तेजी से बदल रही हैं। पानीपत,सोनीपत व करनाल जिला प्रबंधक निशा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मतलौडा खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीष गुप्ता अवंतिका , एसीजेएम प्रतीक जैन, जिला अंत्योदय सरल अधिकारी जेपेन हुड्डा, सामाजिक कार्यकर्ता सविता आर्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# दुर्गा नगर स्वर्ग आश्रम शिव पूरी में 21 पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला से पैरा लीगल वैलेंटियर सतनाम नागपाल समाजसेवी व विश्व शांति सेवा एवं सम्मान संगठन की ओर से दुर्गा नगर स्वर्ग आश्रम शिव पूरी मैं 21 पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया गया। सौरभ गुप्ता, सी जे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबाला के मार्गदर्शन मे किया पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में पर्यावरण क्षेत्र में कई सालों से विशेष कार्य करने वाले एडवोकेट राजेश वर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया , संगठन की ओर से स्वर्ग आश्रम शिव पूरी के बागवानी इंचार्ज राजकुमार ,कार्यकारणी सदस्य मास्टर हंसराज , नीरू वढेरा , मनोहर लाल सचदेवा जी , पंकज शर्मा गुलशन शर्मा और स्वर्ग आश्रम के सभी पदाधिकारियों को भी इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# संग्धित परिस्थितयों में समलेहड़ी के सौरभ की मौत, रेलवे ट्रैक के नजदीक मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** के गांव समलेहड़ी निवासी युवक की संग्धित परिस्थितियों में मौत हो गई। जीआरपी थाना अंबाला छावनी में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। एसएचओ जीआरपी को शिकायत देते हुए समलेहड़ी शिवराम ने कहा कि 4 जून को उसके बेटे सौरभ के पास थाना महेश नगर से पुलिस कर्मचारी का फोन आया, इसी दौरान उसने बताया कि वह महेश नगर जा रहा है। उसी रात लगभग 9 बजे पीसीआरआई और सौरभ को महेश नगर थाने में पूछताछ के



लिए पेश करने के लिए कहने लगे तथा यह भी बताया गया कि उसके खिलाफ किसी लड़की ने छेड़छाड की शिकायत की लेकिन परिजनों ने पुलिस कर्मियों को बताया कि उसका बेटा तो महेश नगर गया हुआ। पुलिस ने अगले दिन 5 जून को परिजनों को भी थाने में बुला लिया तथा लड़के को थाने में पेश करने के लिए कहने लगे। लेकिन उनका बेटे का कुछ पता नहीं चला। रात्रि जीआरपी का फोन आया जिसमें बताया गया कि उन्हें एक मोटरसाईकिल मिली है और पास में ही युवक मृत मिला है। आज सुबह वह शिकायत के लिए गए जहां पर परिजनों ने पुलिस से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की और कहा कि उनके बेटे की मौत के कारणों का पता लगाया जाए।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सतीश चुघ ने रोपा पौधा

**पानीपतः युवा** उद्यमी एवं समाजसेवी सतीश चुघ ने पर्यावरण शुद्ध एवं स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया है। वह लंबे समय से पर्यावरण के लिए पौधे लगाकर धरती को हरा भरा बनाने का अभियान चलाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह अपने व अपने परिवार में किसी का भी जन्मदिन हो उस पर एक पौधा अवश्य लगाएं। जहां पौधे वातावरण को हरा-भरा बनाते हैं वहीं हमें आक्सीजन भी देते हैं। इसलिए हम सब मिलकर पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए पौधारोपण करें।

# कुरुक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यो पर खर्च किया जाएगा 6.43 करोड़ रुपए का बजट: कंवलजीत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) जिला परिषद** की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि कुरुक्षेत्र के गावों में विकास कार्यो पर राज्य सरकार की तरफ से 6 करोड़ 43 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस राशि से होने वाले विकास कार्यो के लिए पाषर्दो का सहमति से खाका तैयार कर लिया गया है। इस राशि से होने वाले विकास कार्यो को लेकर सभी ने अपनी सहमति भी व्यकत की है और सभी सबंधित विभागों के अधिकारी आगामी तीन दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट देना सुनिश्चित



करेंगे। इस मामले में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इतना ही नहीं जिप चेयरमैन ने हाउस की बैठक में गैर हाजिर रहने वाले 14 अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश भी दिए है।

जिला परिषद की चेयरमैल कंवलजीत कौर मंगलवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला परिषद की 117वीं बैठक को संबोधित कर रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने सभी सदस्यों से 13वें वित्त आयोग पीआरआई स्कीम के तहत प्राप्त 60 लाख रुपए की राशि के वितरण बारे, 15वें वित्त आयोग स्कीम के तहत प्राप्त 92 लाख रुपए की राशि के वितरण बारे तथा स्टेट फाईनेंस कमीशन स्कीम के तहत 4 करोड़ 91 लाख रुपए प्राप्त राशि के वितरण बारे विस्तार से चर्चा की और गांवों में करवाए जाने वाले विकास कार्यों के बारे में फीडबैक भी ली। इस दौरान जिला परिषद के वाईस चेयरमैन डीपी चौधरी और जिप सदस्यों ने भी अपने-अपने वार्ड से संबंधित मुद्दों और विकास कार्यों को हाउस के समक्ष रखा।

# अम्बेडकर विधि विवि की एनएसएस इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**डॉ. बी. आर.** अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. (डॉ.) अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में एनएसएस इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन थीम के तहत कुलसचिव डॉ रामफूल शर्मा के आतिथ्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वॉलंटियर्स ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही संकल्प लिया कि हम सभी मिलकर पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण करेंगे। इस मौके पर कुलसचिव डॉ रामफूल शर्मा ने पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि हम एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते देश को स्वच्छ बनाएँ। अपने आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता व अपशिष्ट पदार्थ का ध्यान रखे। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं से कम से कम प्लास्टिक उपयोग करने की अपील की। छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से बीमारियां और प्रदूषित जलवायु तबाही का कारण बन रही हैं। अपशिष्ट पदार्थ व प्लास्टिक का सुरक्षित निराकरण करना वर्तमान समय की मुख्य चुनौती है। हजारों साल में प्लास्टिक का अपघटन हो पाता है। जिसके कारण मृदा, जल व वायु प्रदूषण हो रहा है।

# सब डिविजन नंबर 2 पर बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के सब डिविजन नंबर 2 में कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार को जमकर कोसा उन्होंने कहा कि पहले भी वह अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके है लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि फिर से उन्हें प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अंबाला छावनी में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तहत बिजली निगम के जेई के तबादले के बाद रिक्त हुई सीट एक महीने बाद भी नहीं भरी हैं। अभी तक कोई जेई न आने से खफा बिजली कर्मचारियों का सोमवार को गुस्सा फुट पड़ा। कर्मचारियों ने सब यूनिट.2 के बाहर 1 घंटे तक प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव ने बताया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तहत एक महीने पहले जेई का ट्रांसफर हुआ था। 3 में से एक जेई रिटायर हो चुके हैं। अब यूनिट में एकमात्र जेई शिवराम बचे हैं। प्रधान ने कहा कि गर्मी के इस सीजन में कर्मचारियों पर काम का भारी दबाव बना हुआ है। वर्कलोड बढ़ने से कर्मचारियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# धानक चौपाल में मनाया गया संत कबीर दास का 626 वां प्राकट्योत्सव

## नगर निगम मेयर निखिल मदान ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंच कर लोगों को दी कबीर प्राकट्योत्सव की शुभकामनाएं, संत शिरोमणि कबीरदास जी ने दिया सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे का सन्देश : निखिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम** महापौर निखिल मदान ने मंगलवार को संत शिरोमणि, महान कवि कबीरदास जी के 626 वें प्राकट्योत्सव के अवसर पर वॉर्ड नं 13 कबीरपुर धानक चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने कबीरदास जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया और सभी लोगों को कबीरदास जी के प्राकट्योत्सव की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मेयर निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया। अपने सम्भोदन में निखिल मदान ने कहा कि संत कबीरदास जी ने ऊंच नीच,छुआ छूत,भेदभाव जैसी अनेकों कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आपसी भाईचारे और समानता का संदेश दिया। संत कबीरदास ने अपनी कविताओं और दोहों से पूरे समाज को ये सीख दी कि कोई भी इंसान अपने कर्मों से महान बनता है नाकि अपने जन्म से, उन्होंने सभी लोगों से सदैव इंसानियत और भलाई के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। संत



कबीरदास जी के मानवता,समानता और समरसता के सन्देश आज भी प्रासंगिक है। संत शिरोमणि कबीर दास जी ने अपनी काव्य-कला और शिक्षा प्रद रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं भेदभाव के विरुद्ध जन-जागृति पैदा की। भक्ति आंदोलन के प्रवर्तक, संत शिरोमणि कबीर दास जी की जयंती पर वो उनको नमन करते हैं साथ ही समस्त देशवासियों को शुभकामनायें देते है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि कबीरदास जी ने कहा कि ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोए। औरन को शीतल करे आपहुं शीतल होय। अर्थात हमेशा ऐसी भाषा बोलने चाहिए जो सामने वाले को सुनने से अच्छा लगे और उन्हें सुख की अनुभूति हो और साथ ही खुद को भी आनंद का अनुभव हो। इस अवसर पर कबीरपुर के पूर्व सरपंच सुरेश सैनी, पूर्व पार्षद सतनारायण सरोहा,श्याम लाल,नंबरदार बालमुकुंद मेहरा,एडवोकेट राजीव सरोहा, कश्मीरी लाल,नरेश नैय्यर,आनंद जैन,भीम सिंह,ओम प्रकाश खनगवाल,रामभज,धर्मवीर,सतबीर सैनी, देवेंद्र खनगवाल, ईश्वर, राजे,भूप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# गैंगवॉर !: गोलियों से थर्राया जाफराबाद

## जाफराबाद में 4 लोगों को मारी गई गोली, घर के बाहर बैठे थे युवक, एक जेल से छूटकर आया था, पुलिस को गैंगवार का शक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** दिल्ली के जाफराबाद इलाके में सोमवार रात 9 बजे चार युवकों को गोली मारी गई। सभी युवक घर के बाहर बैठे थे। घायल युवक छेनू गैंग के बताए जा रहे हैं। पुलिस को दो गैंग के बीच आपसी रंजिश का शक है। पुलिस के मुताबिक, जिन चार लोगों को गोली लगी है। उसमें तीन का क्रिमिनल रिकॉर्ड है। एक व्यक्ति कुछ दिनों पहले ही जेल से छूटकर आया था। हमले की पूरी घटना पड़ोस के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

**कई राउंड फायरिंग, चार लोग जख्मी:** रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना जाफराबाद की गली नंबर 38 की है। सोमवार रात को अरबाज और उसका भाई अपने कुछ दोस्तों के साथ घर के नीचे बैठे थे। तभी कुछ बंदूकधारी घर के सामने आकर खड़े हो गए। जब तक कुछ समझ आता, बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। बदमाशों ने कई राउंड गोलियां चलाईं। जिसमें चार लोग जख्मी हो गए।





**दो दिन पहले आया था जेल से बाहर:** पुलिस ने बताया, जिन चार लोगों को गोली लगी है। उनकी पहचान अरबाज, हमजा, हसन और समीर के रूप में हुई है। इनमें अरबाज दो दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था। अरबाज और समीर के कमर में गोली लगी, जबकि अब्दुल की जांघ और हमजा के सीने में गोली लगी है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। गोलीकांड के बाद पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों की पहचान की जा रही है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### रंजिश का शक

● घायल युवक छेनू गैंग के बताए जा रहे हैं। पुलिस को दो गैंग के बीच आपसी रंजिश का शक है

**हमजा के सीने पर सबसे पहले मारी गोली :** घटना में 20 वर्षीय समीर खोपड़ पुत्र मोहम्मद अख्तर है। जिसकी कमर में गोली लगी है। दूसरे घायल का नाम अब्दुल हसन पुत्र शब्बीर है, जिसकी उम्र 18 वर्ष बताई जा रही है। जिसे कूल्हे पर गोली लगी है। तीसरा घायल अरबाज पुत्र जहूर मलिक है, जिसकी उम्र 25 वर्ष बताई जा रही है।

### पुलिस ने हथियार तस्कर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने हथियार सप्लाई करने वाले हाशिम बाबा गैंग के आर्म्स सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 12 सेमी ऑटोमेटिक और सिंगल शॉट पिस्टल के अलावा 55 जिंदा कारतूस बरामद किया है। स्पेशल सेल के डीसीपी आलोक कुमार ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान इमरान उर्फ अमजद के रूप में हुई है। यह दिल्ली एनसीआर में क्रिमनलों को हथियार उपलब्ध करवाता था। एसीपी राहुल कुमार सिंह और कैलाश बिष्ट की देखरेख में पुलिस टीम ने इस आर्म्स सप्लायर के बारे में पता लगाकर इसे ट्रेप किया, जो जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास रात में यह खेप किसी को देने के लिए पहुंचा था। पूछताछ में पता चला कि इमरान उर्फ अमजद पहले गांधीनगर में जींस बेचने का काम करता था, लेकिन 2016 में उसने यह काम छोड़कर अपराध की दुनिया में कदम रखा। यह 2016 में ही लूट के मामले में गिरफ्तार हुआ था।
जब यह गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल गया तो वहां पर इसका संपर्क अनु से हो गया जो मेरठ का रहने वाला है। वह हथियार सप्लाई करता है, फिर जब बेल पर यह बाहर आया तो अनु के साथ मिलकर हाशिम बाबा गैंग के लिए काम करने लगा। उसके बाद यह उप्र पुलिस के द्वारा भी गिरफ्तार किया गया और इसे डासना जेल भेजा गया। वहां पर इसका संपर्क शकील से हुआ और फिर यह बेल पर बाहर निकलने के बाद उसके साथ मिलकर सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बेचने लगा। एक पिस्टल 40,000 में खरीदकर लाता था और 50 से 55,000 तक में बेचता था। इसके ऊपर दिल्ली के शकरपुर और उप्र के मुरादनगर में भी आर्म्स एक्ट के तह मामले दर्ज हैं।

# महंगा गिफ्ट देने के लिए कर रहा था इक्ट्ठा पैसा, पहुंचा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** जिले की एएटीएस टीम ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित पहले प्रेमिका की डिमांड को पूरा करने के लिए झपटमारी, लूट और चोरी करता था। जब शादी हो गई और सालगिरह पर महंगा गिफ्ट देना था, तो उसके लिए पैसा इकट्ठा करने के लिए वारदात करने लगा। लेकिन पुलिस ने सालगिरह मनाने से पहले आरोपित सोनू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से सात मोबाईल, चोरी की स्कूटी और बाइक बरामद हुई है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मंगलवार को बताया की यह बाइक और स्कूटी चोरी करके उससे मोबाइल लूट की कई वारदात को द्वारका जिला में अंजाम दे चुका है। आरोपित सोनू पहले से लूट झपटमारी और चोरी के सात मामलों में शामिल रहा है और इसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने नौ मामलों का खुलासा किया है। डीसीपी ने बताया कि यह आरोपित दिल्ली के रनहोला, मोहन गार्डन, मुंडका इलाकों में वारदात कर चुका है। इसकी गिरफ्तारी के लिए एसीपी ऑपरेशन रामअवतार की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसके बारे में पता लगाया। जब यह बिंदापुर इलाके में किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा था। पुलिस ने वहीं दबोचा। जिस स्कूटी से यह वहां पहुंचा था, वह चोरी की निकली। तलाशी में उसके पास से चार मोबाइल बरामद किए गए थे उसके बाद इसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक और दो और मोबाइल बरामद किए गए।



### झपटमारी

● जब शादी हो गई और सालगिरह पर महंगा गिफ्ट देना था, तो उसके लिए पैसा इकट्ठा करने के लिए वारदात करने लगा

# अखिलेश यादव से सीएम अरविंद केजरीवाल करेंगे मुलाकात

## अध्यादेश पर इन विपक्षी दलों से मांग चुके हैं समर्थन

### समर्थन की उम्मीद

● केजरीवाल केंद्र सरकार के काले अध्यादेश के खिलाफ लगातार अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से समर्थन मांग रहे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में केजरीवाल सरकार और उपराज्यपाल के खिलाफ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के अधिकार पर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ सीएम केजरीवाल अन्य राज्यों के सीएम से मुलाकात कर रहे हैं और समर्थन मांग रहे हैं। सात जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे। ये मुलाकात राजधानी लखनऊ में होगी।

**काले अध्यादेश के खिलाफ केजरीवाल मांग रहे समर्थन:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार के काले अध्यादेश के खिलाफ लगातार अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से समर्थन मांग रहे हैं। सीएम केजरीवाल केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ अखिलेश यादव से समर्थन मांगेंगे। इससे पहले भी कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों से केजरीवाल मुलाकात कर चुके हैं।



**सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अध्यादेश किया था जारी:** बता दें कि दिल्ली सरकार की शक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के पक्ष में फैसला सुनाया था। जिसके बाद काफी विवाद हुआ। आप मंत्रियों ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से राज भवन में मुलाकात की थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अध्यादेश जारी कर दिया। ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार फिर से उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आ गया। इसी अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी केंद्र के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है।

**सीएम केजरीवाल ने इन विपक्षी दलों के नेताओं से की मुलाकात:** जानकारी के लिए बता दें कि बीती 23 मई से केजरीवाल देशव्यापी यात्रा पर हैं, जहां वह इस अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी दलों से समर्थन मांग रहे हैं। आप संयोजक ने ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, हेमंत सोरेन, के चंद्र शेखर राय, एमके स्टालिन, शरद पवार, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव से मुलाकात कर चुके हैं।

**दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र के खिलाफ अध्यादेश:** केंद्र सरकार ने 19 मई को दिल्ली में ट्रांसफर पोस्टिंग के अधिकार को लेकर दिल्ली में एक अध्यादेश जारी किया था। यह अध्यादेश राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 में संशोधन के लिए लाया गया था। यह अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ था।

# घरेलू विवाद में पत्नी पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिण जिले के फतेहपुर बेरी इलाके में घरेलू विवाद में गुस्से में आकर पति ने पत्नी आरती को चाकू मारकर घायल कर दिया। उसे नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि तड़के 3:15 बजे के आसपास पीसीआर को सूचना मिली थी। फतेहपुरबेरी थाना इलाके के चंदन होला गांव में पति ने पत्नी को चाकू मारकर घायल कर दिया है और वह मौके से फरार हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंची, तो पता चला की महिला के पीठ पर चाकू मारकर घायल किया गया है। स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अभी तक आरोपित को पकड़ा नहीं जा सका है।



### धरपकड़ जारी

● फतेहपुरबेरी थाना इलाके के चंदन होला गांव में पति ने पत्नी को चाकू मारकर घायल कर दिया है और वह मौके से फरार हो गया



ब्लैकमेलर: पुलिस के मुताबिक, ये गैंग लोगों को कम ब्याज पर लोन के ऑफर देता था।

# न्यू अशोक नगर में नाबालिग से दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में एक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। न्यू अशोक नगर इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ नाबालिग लड़के ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया है।

**नाबालिग आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज:** पुलिस ने नाबालिग आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अभी मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

# गोपाल राय ने लोगों से महारैली में आने की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आगामी 11 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली को लेकर आम आदमी पार्टी ने डोर टू डोर अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय भी डोर टू डोर अभियान में शामिल हुए। सिविल लाइन में डोर टू डोर अभियान के तहत गोपाल राय ने केंद्र के अध्यादेश को लेकर लोगों से बात की और अध्यादेश के खिलाफ अपना



आक्रोश व्यक्त करने के लिए महारैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलट कर उसकी अवमानना की है। अगर आज हम इस अध्यादेश के खिलाफ एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो लोगो को वोट देने का लोकतांत्रिक अधिकार भी नहीं बचेगा। राय ने कहा कि दिल्ली में हर मंडल स्तर पर महारैली मंडल कमेटी बनाई गई है। अबतक दो हजार मंडलो की बैठक की जा चुकी है और पूरी दिल्ली में डोर टू डोर अभियान चलाया जा रहा है। डोर टू डोर कैंपेन के दौरान पैम्फलेट बांटे जा रहे हैं। इसके एक तरफ महारैली का आमंत्रण पत्र है और दूसरी तरफ महारैली आयोजित करने के कारण का उल्लेख किया गया है।

# गहलोत के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले में समन जारी करने पर फैसला 24 को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि के मामले पर उनको (गहलोत) समन जारी करने पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने 24 जून को फैसला सुनाने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने 25 मई को अपनी जांच रिपोर्ट कोर्ट दाखिल की थी। 25 अप्रैल को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जांच के लिए एक महीने का समय दिया था। 24 मार्च को कोर्ट ने गहलोत के खिलाफ फिलहाल समन जारी नहीं करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर को निर्देश दिया था कि वो इस मामले की जांच कर रिपोर्ट दाखिल करें। इस मामले में गजेंद्र सिंह शेखावत समेत चार गवाहों ने अपने बयान दर्ज कराए हैं। 15 मार्च को अश्विनी जेपी सिंह, 13 मार्च को गवाह गजेंद्र सिंह यादव, 6 मार्च को गजेंद्र सिंह शेखावत



और 7 मार्च को गवाह हर्ष पिचारा ने बयान दर्ज कराए थे। शेखावत ने अपने बयान में कहा था कि संजीवनी घोटाले से मेरा कोई संबंध नहीं है। शेखावत ने कहा था कि जांच एजेंसियों ने मुझे आरोपित नहीं माना, मेरे ऊपर झूठे आरोप लगाए गए हैं। शेखावत ने कहा था कि अशोक गहलोत ने उनकी छवि खराब करने के लिए उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए। याचिका में कहा गया है कि गहलोत ने सार्वजनिक बयान दिया कि संजीवनी कोआपरेटिव सोसायटी घोटाले में शेखावत के खिलाफ स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) की जांच में आरोप साबित हो चुका है। गहलोत ने ट्वीट कर कहा कि संजीवनी कोआपरेटिव सोसायटी ने करीब एक लाख लोगों की गाढ़ी कमाई लूट ली। इस घोटाले में करीब नौ सौ करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया गया है। गहलोत ने ट्वीट में कहा कि ईडी को संपत्ति जब्त करने का अधिकार है न कि एसओजी को।

### विश्वस्तरीय

● 24 मार्च को कोर्ट ने गहलोत के खिलाफ फिलहाल समन जारी नहीं करने का आदेश दिया था

# देश की सरकार के प्रति आम आदमी का विश्वास बढ़ा: रूपाला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि आज जिस गति से इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने का काम हो रहा है, इसकी चर्चा पूरी दुनिया में है। मोदी ने भारत को लेकर दुनिया के नजरिए को पूरी तरह से बदल दिया है। देश की सरकार के प्रति आम आदमी का विश्वास बढ़ा है।
मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि अकांक्षी जिले प्रोग्राम एक गेम-चेंजर पहल रही है। सरकार अपने नागरिकों के जीवन स्तर को उठाने और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
सीमावर्ती गांवों को चेतन करने का जो प्रयास आज किया जा रहा है, वो विकास की दृष्टि से तो अहम है ही, सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मोदी ने पूरे देश के सीमावर्ती गांवों को देश की पंचायतों को और देश के किसानों को अर्थतंत्र के साथ जोड़ दिया है। प्रधानमंत्री के पहले से करोड़ों किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। ग्राम पंचायतों को केंद्र सरकार से जोड़ कर आज उन्हें विकास राशि बिना किसी झंझट के मिल रही है, पारदर्शी तरीके से मिल रही है। सरपंच इस बात की तस्दीक करते हैं कि उन्हें करोड़ों-करोड़ रुपये विकास कार्यों के लिए सरकार ने दिए हैं।
केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि किसान कल्याण सुनिश्चित करना और पशु स्वास्थ्य में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता रही है। पूरे देश के लिए मोबाइल वेटरनरी यूनिट और केंद्र सरकार के खर्चे से पूरे देश में पशुओं का टीकाकरण करना, ये दोनों बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय थे। उन्होंने कहा कि किसानों के दरवाजे पर पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां प्रदान की गई हैं।
साथ ही, पशुधन टीकाकरण योजना मोदी सरकार की महत्वपूर्ण पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने पिछले 9 वर्षों में देश को बदल दिया है। पिछले 9 वर्षों में, 2,000 से अधिक अप्रचलित नियमों और कानूनों को शासन और व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के लिए समाप्त कर दिया गया है।

# शिकंजा: 2 हजार लोगों को ठगने वाले गैंग का पर्दाफाश

## 6 मेंबर्स गिरफ्तार; लोन देने के बहाने ब्लैकमेल और वसूली करते थे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने लगभग 2 हजार लोगों को ठगने वाले एक गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन टीम ने गैंग के 6 मेंबर्स को गिरफ्तार कर लिया है। ये गैंग मेंबर्स लोन देने के बहाने लोगों के फोन का एक्सेस हासिल कर लेते थे। बाद में उन्हें ब्लैकमेल कर पैसे वसूलते थे।

**फोन का डाटा हासिल कर करते थे ब्लैकमेल:** पुलिस के मुताबिक, ये गैंग लोगों को कम ब्याज पर लोन के ऑफर देता था। लोन के लिए लोगों को फोन में एडवांस कैश नाम का ऐप डाउनलोड करना होता था। ये ऐप डाउनलोड करते ही लोगों के फोन का एक्सेस ठगों को मिल जाता था। ठग लोगों के फोन से डाटा चुरा लेते थे। इसके बाद लोन पर ब्याज बढ जाती। लोन की पूरी रकम वापस करने के बाद भी लोगों से और पैसे मांगे जाते। मना करने पर उनके एडिटेड फोटो भेजकर धमकी दी जाती। लोगों को रिश्तेदारों को कॉल किया जाता।

### विश्वस्तरीय

● ये गैंग मेंबर्स लोन देने के बहाने लोगों के फोन का एक्सेस हासिल कर लेते थे। बाद में उन्हें ब्लैकमेल कर पैसे वसूलते थे



**बैंक अकांउट्स में 350 करोड़ से ज्यादा रुपए सकुर्लेट हुए:** गैंग के लोग देश के अलग-अलग हिस्सों में बैठकर ऑपरेट करते थे। इन लोगों ने फेक कंपनियां बनाकर बैंक अकांउट खोल लिए थे। पुलिस के मुताबिक, इन अकांउट्स में 350 करोड़ से ज्यादा रुपए सकुर्लेट हुए। इनमें से 83 करोड़ कमीशन काटने के बाद दोबारा लोन के रूप में दे दिए गए।

**चीनी लोन कंपनी में टीम लीडर था एक आरोपी:** गैंग मेंबर्स की पहचान गुजरात के गुलाम मोहम्मद नवीवाला और अनीस भाई विंची, पश्चिम बंगाल के गोकुल विश्वास और दिल्ली के अशोक, बलवंत और नितिन के रूप में हुई है। 24 साल का नितिन एक चीनी लोन ऐप में टीम लीडर के तौर पर काम कर चुका था। वह लोन कंपनियों के काम करने और पैसे वसूलने के तरीकों को जानता था।
प्रशांत गौतम ने बताया कि आरोपियों को पहले अलग-अलग जगहों पर ट्रैस किया गया। बाद में छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 7 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और 15 डेबिट कार्ड जब्त किए गए। इनके बैंक अकांउट्स में पड़े 60 लाख रुपए भी फ्रीज किए गए।

# सीएक्यूएम ने एनसीआर के लिए पौधरोपण का तय किया लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली एनसीआर के लिए पौधरोपण का लक्ष्य तय किया है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए हरित क्षेत्र में वृद्धि करने के मकसद से साल 2023-24 में दिल्ली -एनसीआर में 3.58 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि साल 2022-23 में पौधरोपण के लक्ष्य के तहत 105.36 प्रतिशत से अधिक पौधरोपण किया गया। भूमि के छोटे और बड़े दोनों क्षेत्रों के बेहतर उपयोग और एनसीआर में जैव विविधता तथा शहरी पारिस्थितिकी पर विचार करते हुए मियावाकी पद्धति अपनाने समेत बड़े पैमाने पर हरियाली, पौधरोपण और शहरी वनीकरण की पहल पर जोर दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### 'हैप्पीनेस ट्रक 4.0 ने नालागढ़, बद्दी, करनाल और नई दिल्ली में उत्साह बढ़ाया

**नई दिल्ली।** एनबीसी बियरिंग्स - सीके बिड़ला ग्रुप द्वारा प्रस्तुत और वॉल्वोलाइन कमिंस द्वारा संचालित तथा मोटरइंडिया द्वारा आयोजित अपनी तरह का एकमात्र 'हैप्पीनेस ट्रक 4.0', बड़े जबरदस्त रोमांच और समारोहपूर्वक कश्मीर से सहर्ष रवाना किया गया।'हैप्पीनेस ट्रक 4.0' कैंपेन में उद्योग के टॉप ब्रांड्स एकजुट हुए हैं, जिनमें सीके बिड़ला समूह की इकाई, एनबीसी बियरिंग्स, (टाइटल पार्टनर), वॉल्वोलाइन (द्वारा संचालित), भारतबेंज (ट्रक पार्टनर), गेट्स (पावर ट्रांसमिशन पार्टनर), केटी टेलीमैटिक (नेविगेशन पार्टनर), अल्क्राफ्ट (थर्मल मैनेजमेंट पार्टनर), सेटको (क्लच पार्टनर), एक्सेलाईट-डीएच लाइटिंग (लाइटिंग पार्टनर), विवस फि ल्टर्स मान+हम्मेल (फि ल्ट्रेशन पार्टनर) का उत्पाद ब्रांड, और टाटा ग्रीन बैटरीज (बैटरी पार्टनर) शामिल हैं।कश्मीर की सुरम्य वादियों से अपनी यात्रा शुरू करते हुए ट्रक जम्मू, जलंधर, लुधियाना, नालागढ़, बद्दी, करनाल और नई दिल्ली में पड़ाव कर चुका है, जहाँ परिवहन समुदाय से इसे जबरदस्त उत्साह और समर्थन मिला है।

**राष्ट्रीय राजधानी में खुशी और कृतज्ञता फैलाना:** नई दिल्ली के हलचल भरे शहर में, प्रसिद्ध संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में, भागीदार ब्रांड्स और एसोसिएशन के सदस्यों ने हैप्पीनेस ट्रक 4.0 के लिए अपना अटूट समर्थन और आभार व्यक्त किया। हमारे सम्मानित साझेदारों की दिल से सराहना की जाती है: एनबीसी बियरिंग्स (टाइटल पार्टनर), वाल्वोलिन (द्वारा संचालित), भारतबेंज (ट्रक पार्टनर), गेट्स (पॉवर ट्रांसमिशन पार्टनर), केटी टेलीमैटिक (नेविगेशन पार्टनर), अल्क्राफ्ट (थर्मल मैनेजमेंट पार्टनर), सेटको (क्लच पार्टनर), एक्सेलाइट-डीएच लाइटिंग (लाइटिंग पार्टनर), विवस फिल्टर्स (फि ल्ट्रेशन पार्टनर), और टाटा ग्रीन बैटरीज (बैटरी पार्टनर)।

### टेक्नो ने कैमन 20 सीरीज को पेश किया

**गुरुग्राम।** प्रीमियम टेक्नोलॉजी ब्रांड टेक्नो ने अपने बहुप्रतीक्षित कैमन 20 सीरीज को पेश कर दिया है। यह सीरीज 'अल्टीमेट- द फ्यूचर ऑफ इमेजिंग टेक्नोलॉजी' को लेकर आती है। कैमन 20 सीरीज भारत में 'कैमन एक्सप्लोरर लाउंज' और फैशन के आकर्षक मिश्रण के साथ आती है। कंपनी ने लीला एंबिएंस गुरुग्राम में इस फोन को पेश किया। इस इवेंट में 100 से अधिक प्रभावशाली कंटेंट क्रिएटर्स को पहली बार इस फोन को हाथ में लेने का मौका मिला। विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित कैमन 20 सीरीज उन लोगों के लिए है जो क्रांतिकारी कैमरा क्षमताओं का अनुभव करने के लिए उत्साहित हैं। इस फोन में लेदर फिनिश और रिफ्लेक्टिव डुअल-अपीयरेंस बैक पैनल है, जो इसे लुक और डिजाइन में बेहतरीन बनाता है। अपने सेगमेंट में फर्स्ट अप्रोच के तहत कैमन 20 प्रीमियर 5जी पहले सेंसर शिफ्ट ओआईएस एंटी-शेकिंग टेक्नोलॉजी, 50 एमपी आरजीबीडब्ल्यू अल्ट्रा-सेंसिटिव सेंसर और एआई एल्गोरिदम के संयोजन के साथ शानदार पोर्ट्रेट वीडियो और नाइट फोटोग्राफी पेश करता है, जो इसे अपने प्रतिस्पर्धियों से अलग करता है। कैमन 20 सीरीज के लॉन्च अवसर पर टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा, टेक्नो ने गियर बदल दिया है। और हम अपने यूजर्स के लिए बेहद आकर्षक कीमत पर अपने स्मार्टफोन्स में बेस्ट-इन-क्लास टेक्नोलॉजी पेश कर रहे हैं। इसके जरिए हम प्रीमियम सेगमेंट में मजबूत पैठ बना रहे हैं। अपने कैमन पोर्टफोलियो के जरिए हम लगातार अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने और फोटोग्राफी के अनुभव में क्रांति लाने का प्रयास करते रहते हैं। कैमन 20 सीरीज के जरिए हम उन लोगों के लिए एक समाधान प्रस्तुत करते हैं जो असाधारण रात की फोटोग्राफी क्षमताओं की तलाश में हैं और वह किसी भी प्रकाश की स्थिति में तेज और अधिक विस्तृत वले पिक्चर की अपेक्षा करते हैं।

### शाह की कड़ी चेतावनी का नतीजा, मणिपुर में बरामद हुए 144 हथियार

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह जादुई शक्ति वाले व्यक्ति हैं। उनके पास चीजों को पलटने और हर समस्या का समाधान निकालने की अलौकिक क्षमता है। मणिपुर में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सबसे भरोसेमंद साथी को



युद्धरत समुदायों के साथ मध्यस्थता करने और हिंसा प्रभावित राज्य में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी दी। शाह ने संकटग्रस्त राज्य के दौरे में उन्होंने युद्धरत समूहों, नागरिक समाज, प्रशासन और सभी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों के साथ विचार-विमर्श किया। मामले को नियंत्रण में लाने के लिए शाह ने हथियार रखने वाले उग्रवादियों को चेतावनी दी, जिसमें उन्हें बिना देरी के पुलिस के सामने हथियार सरेंडर करने या कड़ी कार्रवाई का सामना करने के लिए कहा गया। अपने दौरे में शाह ने कहा की हथियार रखने वालों को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करना चाहिए। तलाशी अभियान शुरू होगा और अगर किसी के पास हथियार पाए जाते हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शाह की चेतावनी के कुछ ही घंटों के भीतर करीब 150 हथियार सरेंडर कर दिए गए।

# किरायेदारों-नौकरों की वैरिफिकेशन कराने के निर्देश

## औद्योगिक इकाइयों, निजी गोदामों व संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों व पेइंगगैस्ट की वैरिफिकेशन करवाना जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव,बहादुरगढ़।**

**जिला में** शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने को मद्देनजर रखते हुए झज्जर जिला में कहीं पर भी निवास करने वाले किरायेदारों, घरेलू नौकरों, पेइंगगैस्ट तथा औद्योगिक इकाइयों, निजी गोदामों व संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए पुलिस वैरिफिकेशन करवाना अत्यंत जरूरी किया गया है। फैक्ट्रियों तथा वेयर हाउस में कार्यरत कर्मचारियों व किरायेदारों की पुलिस तस्दीक के संबंध में एसपी झज्जर डॉ अर्पित जैन द्वारा सभी थाना प्रबंधकों को जरूरी दिशा निर्देश किए गए हैं। जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला में स्थित सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत किरायेदारों तथा सभी किरायेदारों, पेइंग गैस्ट व घरेलू नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के दिशा निर्देश किए गए हैं। जिला उपायुक्त झज्जर द्वारा जारी किए गए धारा 144 के दिशा निर्देशों के तहत जिला में निवास करने वाले सभी किरायेदारों व घरेलू नौकरों की पुलिस तस्दीक करवाना जरूरी किया गया है। पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के आदेशों की अवहेलना करने पर धारा 188 के तहत कार्यवाही अमल



में लाई जाएगी। एसपी द्वारा जिला में स्थित सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों व श्रमिकों तथा किरायेदारों की वेरिफिकेशन के संबंध में सभी जिला निवासियों से जिनके घर में किरायेदार रहते हैं या घरेलू नौकर कार्यरत है, उन सभी को पुलिस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए गए। किरायेदारों व घरेलू नौकरों का जानबूझकर पुलिस सत्यापन ना कराने वाले मकान मालिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने के सम्बन्ध में सभी थाना प्रबंधकों को दिशा निर्देश किए गए हैं। सभी थाना प्रबंधको व चौकी प्रभारियों को जिला के विभिन्न स्थानों पर वेयर हाउस, फैक्ट्री या अन्य निजी संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों व श्रमिकों की पुलिस तस्दीक करवाने तथा रेहड़ी/फड़ी लगाने वाले व्यक्तियों की पहचान की तस्दीक करने व पर्चा अजनबी काटने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। आमजन की सुरक्षा को मध्येनजर रखते हुए संदिग्ध एवं असामाजिक शरारती तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा के मध्येनजर पूरे जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे किरायेदारों व घरेलू नौकरों की पहचान की तस्दीक करने के संबंध में कड़े निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ अर्पित जैन ने बताया कि जो भी मकान मालिक व पीजी संचालक अपने घर-पीजी में किरायेदार, नौकर व पेइंग गेस्ट रखते हैं, उन्हें उनकी खुद भी पूर्ण जांच करनी चाहिए और पुलिस से भी जांच करानी होगी। किरायेदारों व घरेलू नौकरों के संदर्भ में नाम व स्थाई पते सहित व्यवसाय, इससे पूर्व कहां रहते थे तथा उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला तो दर्ज नहीं है आदि की जानकारी जरूर प्राप्त करें।

# बिना मान्यता के चल रहे आठ विद्यालयों को थमाए नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बिना मान्यता के चल रहे आठ विद्यालयों को नोटिस थमा दिये हैं। इस कार्रवाही के बाद बिना मान्यता के विद्यालयों का संचालन कर रहे संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। जनपद में कई ऐसे विद्यालय हैं जिन्हें किसी भी बोर्ड की मान्यता प्राप्त नहीं है लेकिन वह 12वीं तक अपने विद्यालय में बिना किसी भय के निर्भीक होकर कक्षाएं चला रहे हैं। ऐसे विद्यालय अक्सर अपने यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाएं अन्य विद्यालयों में करा देते है और मनमानी फीस स्टूडेंट से वसूलते हैं क्योंकि इन्हें अपने ऊपर कार्यवाही का कोई डर नहीं होता। जिला स्तर पर अप्रैल से लेकर अब तक 8 विद्यालयों को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। इन सभी विद्यालयों की बार-बार शिकायत भी जिला विद्यालय निरीक्षक के यहां पर की जा चुकी है । लेकिन इन विद्यालयों ने अपने यहां चलने वाली कक्षाओं का संचालन बंद नहीं किया है। श्री आरपी शर्मा स्तर माध्यमिक विद्यालय खानपुर महावन को केवल हाई स्कूल तक की ही मान्यता प्राप्त है लेकिन यहां 12वीं तक की कक्षाएं निरंतर चलाई जा रही हैं। डॉक्टर बी आर अंबेडकर इंटर कॉलेज अलीपुर खेरिया महावन विद्यालय को इंटर कला वर्ग की मान्यता प्राप्त है लेकिन इस विद्यालय में विज्ञान वर्ग के छात्र छात्राओं को भी शिक्षा दी जा रही है। श्रीमती शिमला देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नसीटी मांट मथुरा विद्यालय को भी केवल हाईस्कूल की ही मान्यता प्राप्त है लेकिन इस विद्यालय में भी 12वीं तक की शिक्षा दी जा रही है इस विद्यालय के खिलाफ कई बार शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक के यहां दर्ज कराई गई है।

# भाजयुमो मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर चलाएगा विभिन्न तरह के जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**भाजपा युवा** मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य व प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल पूरे होने पर भाजयुमो गांवों में महासम्पर्क अभियान चलाएगी। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेश जठेड़ी ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हाल ही में 9 साल पूरे किए है। मोदी सरकार के नौ वर्षो का स्मरण करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पूरे देश में जनहित में घोषणाएं की हैं। अभियान के तहत भाजयुमो अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर लोगों को 9 साल में केन्द्र सरकार द्वारा करवाए गए जनहित कार्यो से अवगत करवाएगी। प्रदेश में लोकसभा क्षेत्र के साथ विधानसभाओं में कार्यक्रम चलेगा। अभियान में सरकार की योजना को हर आदमी को लाभ मिले, इसे अवगत करवाया जाएगा। आमजन से संवाद, नव मतदाता सम्मेलन, बाइक यात्राएंऔर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई जाएंगी। योगेश जठेड़ी ने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थी से संवाद भी होगा। कस्बों, शहरों और गांव में डोर-टू-डोर संम्पर्क अभियान होगा। योगेश ने कहा कि नागरिकों को सरकार की अच्छी योजनाओं व नीतियों से जागरूक होना बहुत जरूरी है। भाजयुमो कालेज में भी जाकर युवाओं को मतदाता के रूप में पंजीकरण करने मोदी सरकार की योजनाएं के बारे में बताएगा। इसके साथ ही डिजिटल प्रमाण पत्र से भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों का उद्देश्य शासन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। जिससे हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा।

# पार्षद जितेंद्र राठी ने की जसोर खेड़ी भंडारे में शिरकत

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

**गांव जसोर** खेड़ी स्थित हरसिरिंगी देवी माता मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में युवा इनेलो नेता व वार्ड नंबर-9 से पार्षद जितेंद्र राठी ने मुख्य रूप से शिरकत की। भंडारे में पहुंचने पर मंदिर प्रबंधक कमेटी व ग्रामीणों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए चार पंखे व चार मच्छरदानी भेंट किए। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से लोगों में भगवान के प्रति आस्था बढ़ती है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। इसलिए समय-समय पर इस तरह के आयोजन किए जाते रहने चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि यह मंदिर काफी प्राचीन है और जसोर खेड़ी समेत आसपास के गांवों में इस मंदिर की मान्यता है।

# मन को शांति परमात्मा के चरणों में ही मिलती है, पैसे से नही: जयभगवान

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**असावरपुर में** बाबा कुन्दनलाल के हवन- यज्ञ व भंडारे में आंतिल बाहरा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने शिरकत की। भंडारे में पहुंचने पर आंतिल ने साधु,संतो से आशीर्वाद लिया और अपनी तरफ से 21 हजार रुपएं दिए। आंतिल ने ग्रामीणों द्वारा किए हवन यज्ञ व भंडारे की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से लोगों में धार्मिक भावना बढ़ती है। यज्ञ हमारी बहुत ही प्राचीन पहचान है। यज्ञ के करने से न केवल वहां का, बल्कि आसपास का वातावरण तक शुद्ध हो जाता है। उसमें बैठने वाले लोगों के विचार भी अच्छे होते हैं, इसलिए अपने घर में यज्ञ जरूर करें।



उन्होंने कहा कि आज इंसान अपनी परम्पराओं को छोड़कर पैसे में सबकुछ ढूंढ रहा है, जोकि एकदम गलत है। पैसे से आप चीजें खरीद सकते हो लेकिन मन की शांति नहीं। मन को शांति परमात्मा के चरणों में ही मिलती है। भगवान के भजन के बगैर कोई चीज मुमकिन नहीं है। इंसान को जीवन में सुबह शाम भगवान का भजन करना चाहिए। इससे न केवल आत्मा स्वच्छ होती है, बल्कि इंसान के विचार भी बदल जाते है। उन्होंने कहा कि भक्ति में बहुत शक्ति होती है। अगर इंसान सच्चे मन से भक्ति करे तो जीवन में हर चीज को पा सकता है। ऐसे कार्यक्रमों से हमें बहुत कुछ मिलता है।

# सचिन कुंडू ने गांव जाटल में चलाया जनसंपर्क अभियान

## प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर जनता के लिये की जाएगी कल्याणकारी योजनाएं लागू: सचिन कुंडू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**कांग्रेस के वरिष्ठ** नेता एवं युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है, जोकि देश के अधिकरत राज्यों में अपना असर दिखा रहा है इसी कड़ी में हरियाणा प्रदेश में भी यह अभियान राज्य के दूरदराज गांवों में भी पहुंच रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी



समस्याओं को सुन रहे हैं और कांग्रेस सरकार बनने पर जिन जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा, उसकी जानकारी दे रहे हैं। सचिन कुंडू मंगलवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव जाटल में अपने जन संपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। वहीं सचिन कुंडू ने दावा किया कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश की जनता परेशान हो चुकी है और देश व प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस का है। जनता ने 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मौका देने का मन बना लिया है।

हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर जनता के हित में कल्याणकारी योजनाएं शुरू की जाएगी। इस अवसर पूर्व हलका प्रधान दीपक खटकड़, सतपाल रोड, बीरेंद्र पुनिया, युवा जिलाध्यक्ष मोहित बिझौल, हल्का अध्यक्ष तेजी चंदौली, पूर्व हल्का अध्यक्ष सुरेंद्र ववैल, संदीप बुडशाम, पूर्व सरपंच बलिंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, प्रकाश सिंह, हितेश व भगता आदि मौजूद रहे।

# कोका-कोला फाउंडेशन ने रीसाइक्लिंग प्रोग्राम की सफलता का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** कोका-कोला फाउंडेशन और अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन (एआईएफ) ने कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया इंडस्ट्री (सीआईआई) के सहयोग से हाल में सपोर्ट माई स्कूल मिशन रीसाइक्लिंग (एसएमएसएमआर) प्रोग्राम के फेज-III की सफलता का समारोह मनाया। सपोर्ट माई स्कूल मिशन रीसाइक्लिंग प्रोग्राम की शुरूआत वर्ष 2018 में हुई थी और आज तक यह 25 राज्यों तथा संघ-शासित क्षेत्रों में फैल चुका है। इस प्रोग्राम का मकसद 15,223 सरकारी स्कूलों के 3 मिलियन बच्चों और 63,527 टीचर्स के बीच पेट (पॉलीईथीलीन टेरफ्थैलेट) तथा प्लास्टिक अपशिष्टों की रीसाइक्लिंग और दोबारा प्रयोग के पक्ष में जागरूकता पैदा करना है। प्रोग्राम का फेज-क और फेज-II सम्पूर्ण भारत में दिसम्बर 2017 और अगस्त 2021 में कार्यान्वित किया गया था। इसके फेज-III को जनवरी 2022 से आरम्भ करके जून 2023 तक 1 वर्ष की अवधि के लिए कार्यान्वित किया गया था। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य इस पहल में बच्चों को सक्रिय रूप से शामिल करके पर्यावरण के प्रति सचेत नागरिकों की एक नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ युवा सहभागियों और उनके व्यापक समुदाय, दोनों पर सस्टेनेबल और टिकाऊ प्रभाव पैदा करना है। कोका-कोला फाउंडेशन की प्रेसिडेंट, सादिया मेड्सबर्ग ने कहा कि, हमें एसएमएसएमआर प्रोग्राम का हिस्सा बनने पर गर्व है जो न केवल रीसाइक्लिंग और जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाता है बल्कि छात्रों को अपने समुदायों में चेंजमेकर बनने के लिए भी सशक्त बनाता है। इस प्रोजेक्ट में सरकारी अधिकारियों और समुदाय के लोगों की व्यापक सहभागिता और सहयोग प्राप्त हुआ।

# राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में अर्णव दहिया ने जीते दो पदक

**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा**

**अर्णव** दहिया ने 16 वीं जीएफआई राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में एक स्वर्ण व एक रजत सहित 2 पदक जीते हैं। अर्णव दहिया की प्रशिक्षक दीपिका मान के अनुसार मध्यप्रदेश के देवास स्थित श्रीमंत तुकोजी राव पवार इंडोर स्टेडियम में 1 से 4 जून तक राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप - सब जूनियर, कैडेट, जूनियर व वेटरन का आयोजन किया गया था। जिसमें खरखौदा उपमंडल के गांव रोहणा के मूल निवासी अर्णव दहिया ने गुरुग्राम जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर - 9 के 38+ किलोग्राम भार के जीआई वर्ग में स्वर्ण पदक तथा नॉन जीआई वर्ग में रजत पदक जीत कर अपने माता पिता व रोटरी पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया है। बताया गया है कि राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ियों को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# सीएम ने राज्य स्तरीय दिशा कमेटी की बैठक ली

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मंगलवार को प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ राज्य स्तरीय दिशा कमेटी की बैठक ली। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल सहित सभी विभागों के वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कहा कि विडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण



विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शहरी स्थानीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, बिजली निगम, शिक्षा विभाग, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के अलग-अलग योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला में जल्द ही जिला स्तरीय दिशा कमेटी की आगामी बैठक करवाई जाएगी। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी अपनी रिपोर्ट तैयार करना सुनिश्चित करें। इन बैठकों में विशेष ग्रामीण आंचलों से संबंधित विकास कार्यो को प्राथमिकता दी जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिला परिषद के सीईओ डॉ० सुशील मलिक, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, जिला सिविल सर्जन डॉ० जयकिशोर सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# मोदी सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजयुमो कार्यकर्ता महासंपर्क अभियान में अहम भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को भाजयुमो कार्यकर्ता भाजयुमो के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या व भाजयुमो हरियाणा के कर्मशील प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा के कुशल मार्गदर्शन में महा जनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर पहुंचाएंगे। यह बात पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने कही। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी




के नेतृत्व में बीते 9 वर्षों में हमारे देश ने सम्मान के हर वर्ग की प्रगति व परिवर्तन देखा है। मोदी सरकार के इन उल्लेखनीय नौ वर्षों का स्मरण करते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पूरे देश में 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के (भाजयुमो) राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या व भाजयुमो हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा देश व प्रदेश की विभिन्न विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम करेंगे। नवीन बंटी ने बताया कि महा जनसंपर्क अभियान के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने वाले ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुंचा जाएगा और उनसे फीड बैक ली जाएगी। नवीन बंटी ने बताया कि मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में कश्मीर से धारा 370 हटाना,जीएसटी लागू करना, अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण, सांस्कृतिक धरोहरों का जीर्णोद्धार, कोरोना से बचाव, भारतीय योग को दुनिया भर में नई पहचान, जन-धन खाते खोलना, फसल बीमा योजना , प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सेवाओं को ऑनलाइन किया गया, स्वामित्व योजना, योग्यता के आधार पर नौकरी, पारदर्शी व्यवस्था कायम करना, नई शिक्षा नीति, नल से जल, स्वच्छ भारत मिशन जैसे ऐतिहासिक कार्य किए गए है जिसकी भारत वासी ही नहीं बल्कि पूरा विश्व पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहा है। नवीन बंटी ने बताया कि महा जनसंपर्क अभियान के तहत आमजन से संवाद, मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों से आमजन को अवगत कराना, नव मतदाता सम्मेलन, बाइक यात्राएं और ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। नवीन बंटी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को मिल रहा है।

# पानीपत जिला से जींद तिरंगा यात्रा में पहुंचेंगे हजारों कार्यकर्ता: राकेश मुंजाल

**8 जून को दिल्ली के केजरीवाल व मुख्यमंत्री मान द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**आम आदमी** पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव राकेश मुंजाल ने मंगलवार को तहसील कैंप क्षेत्र का दौरा करके शहर वासियों को जींद में 8 जून को होने वाली तिरंगा यात्रा में पहुंचने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में व्यवस्था का परिवर्तन करने को



लेकर जींद में 8 जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें प्रदेशभर से बहुत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व आम जनता भाग लेगी। वहीं तिरंगा यात्रा में आप के प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता सहित वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे। मुंजाल ने दावा किया कि पानीपत जिला से भी हजारों कार्यकर्ता व शहर वासी जींद तिरंगा यात्रा में पहुंचेंगे।

## सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए: नेहा प्रदीप अग्रवाल

# निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने किया पौधारोपण










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व पर्यावरण** दिवस पर वार्ड नम्बर-14 (धीरपुर वार्ड) की निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल और उद्यान विभाग, एमसीडी के द्वारा क्षेत्र के केवल पार्क इलाके में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की और संदेश दिया कि पर्यावरण के संरक्षण की जिम्मेदारी हम सब की है। इसलिए हम सभी को इस जिम्मेवारी को निभाना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी मौजूद रहे और सभी ने पौधारोपण किया और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली। इस अवसर पर पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।



**नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद, धीरपुर वार्डः हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाये और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें, जिससे की आपके आस-पास का वातावरण सुन्दर नजर आये।**



**प्रदीप अग्रवाल, चेयरमैन, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकारः पौधारोपण हम सभी को करना चाहिए, क्योंकि पेड़-पौधों से जहां एक और हमें छाया मिलती है वहीं इनसे हमें फल, फूल व कई प्रकार दवाईयां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण अवश्य ही करें।**

## आदर्श नगर के गऊ सेवा केंद्र में वीआईपी फाउंडेशन ने किया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आदर्श नगर स्थित गऊ सेवा केन्द्र में वीआईपी फाउंडेशन के द्वारा पौधारोपण किया। इस मौके पर वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल, उपाध्यक्ष मंगत राम शर्मा, प्रवक्ता तिलक राज दीक्षित, सलाहकार जगदीश चारण, वरिष्ठ सलाहकार अजीत सिंह फौजी के अलावा आरएसएस कार्यकर्ता और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे और पौधारोपण किया। इस मौके पर वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरो को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करना चाहिए, जिससे की पर्यावरण का संरक्षण हो सके। तो वहीं प्रवक्ता तिलक राज दीक्षित ने कहा कि पेड़ लगाना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें। इस मौके पर कई लोगों ने भी विचार रखे।

## निगम पार्षद योगेश वर्मा ने हर्बल गार्डन का किया उद्घाटन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली नगर निगम में सी-8 केशवपुरम जोन के डॉ. साहिब सिंह वर्मा पार्क का स्थानीय निगम पार्षद योगेश वर्मा द्वारा जीर्णोद्धार के पश्चात उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर योगेश वर्मा के अतिरिक्त जिलाध्यक्ष डॉ. राज कुमार भाटिया, वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल, मंडल अध्यक्ष अरविंद लाकडा, उद्यान विभाग के निदेशक आलोक कुमार, केशवपुरम जोन के समस्त अधिकारी व स्थानीय आरडब्ल्यूए के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर योगेश वर्मा ने बताया कि इस पार्क के जीर्णोद्धार में पुराने सामानों का उपयोग करते हुए जनता को इस भावना के साथ जोड़ने की कोशिश की गयी है कि वे पार्क के विकास में सहयोग करें और इसके रख-रखाव में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पार्क में वर्षों से बंद पड़े फव्वारे को देशभक्ति से संबंधित चित्रों से रंग-रोगण कर उसके ऊपर 50 फुट का राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया है जिससे स्थानीय लोगों में देश-प्रेम की भावना जागृत होती है। इसके अतिरिक्त पार्क में जो खाली सर्वरी पड़ी थी उसमें किचन गार्डन, हर्बल गार्डन व बटरफ्लाई गार्डन बनाये गये जिसमें कि धनिया, मेथी, पालक, मिर्च, भिंडी, मूली, टमाटर, बैंगन व हर्बल गार्डन में पथरचट्टा, एलोवीरा, हर्षश्रृगार, नागदमन, तुलसी, मरवा व पुदीना के पौधे काफी संख्या में लगाये गये। हर्बल गार्डन में विशेषकर ऐसे पौधों को लगाया गया जिसका उपयोग दवाई बनाने में होता है और स्थानीय जनता से अपील की गयी कि आप अगर इनके रख-रखाव पर ध्यान देंगे।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व जोन चेयरमैन नत्थूराम नागर का जन्मदिन






**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मॉडल टाउन इलाके में सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नत्थूराम नागर का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही उनको बधाई देने वालों का तांता उनके निवास पर लगा रहा। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, मॉडल टाउन के प्रमुख समाजसेवी अजय गुप्ता बॉबी, मोहन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक शर्मा टीम के साथ, वैश्य अग्रवाल संगठन के प्रधान जय प्रकाश जिंदल, सुशील जिन्दल, अनिल गोयल, विरेन्द्र सिंह, ब्राह्मण समाज से सतीश शर्मा, योगेश शर्मा, मनीष पचौरी, समाज सेवी संजय सहगल, मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेमचंद गुप्ता, पवन अग्रवाल, हरीओम, हरी, राजेश गुप्ता, राकेश गोयल, मॉडल टाउन गुरूदारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान करतार सिंह चावला, गुरबीर सिंह चावला, कुंवर प्रताप सिंह चुघ, अमनज्योत सिंह सेठी, कंवल जीत सिंह कटारिया, बलदेश सिंह, रविन्द्र सिंह सबरवाल, सुरजीत सिंह, अमित जैन, दीपक जिंदल, सुनील बत्तरा, राजेश अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सभी ने नत्थूराम नागर को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। तो वहीं मॉडल टाउन के प्रमुख समाजसेवी अजय गुप्ता बॉबी ने कहा कि मैं तहेदिल से नत्थूराम नागर को जन्मदिन की बधाई देता हूं और उनकी दीघार्यु की कामना करता हूं। इस अवसर पर पूर्व जोन चेयरमैन नत्थूराम नागर ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया।







# विकास परियोजनाओं को गुणवत्ता सहित निर्धारित समय में करें पूरा: मनोहर लाल



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ग्रामीण विकास योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकास योजनाओं और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का लाभ जनता को समय पर देना सुनिश्चित करें। सरकार के पास पर्याप्त फंड है तथा अधिकारी आवंटित फंड उपयोग करें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में कहा कि शिक्षा, खाद्य एवं आपूर्ति, वन विभाग, सिंचाई, इण्डस्ट्री, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली निगम, महिला एवं बाल विकास, उद्यान, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ग्रामीण विकास, सिंचाई, एमसीएफ सहित तमाम विभागों की ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं और परियोजनाओं की बारीकी से समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विभागवार अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे ग्रामीण विकास की विभिन्न परियोजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूर्ण करवाएं। ताकि ग्रामीण जनता को इन विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण विकास की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभाग में जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस समीक्षा बैठक में निरोगी हरियाणा योजना, मनरेगा, उज्ज्वला योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, अटल भूजल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, महाग्राम योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान, मातृ वंदना योजना सहित एजेंडा में निर्धारित 73 बिन्दुओं की क्रम अनुसार विभागवार समीक्षा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सभी अधिकारी एक टीम के रूप में आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। सरकार की प्राथमिकता जनहित के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करना है। सरकार द्वारा शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में मैनपावर सहित अन्य सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। ताकि विकास परियोजनाएं बाधित न हो। उन्होंने कहा कि गांव के सरपंच सहित सभी संबंधित अधिकारी तालमेल बनाकर विकास परियोजनाओं को पूर्ण करवाएं। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं को ईमानदारी तथा इच्छा शक्ति से यथाशीघ्र अमलीजामा पहनाएं। सीएम मनोहर लाल ने समीक्षा बैठक के एजेंडे में शामिल बिन्दु अनुसार प्रदेश स्तरीय अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# मन को शांति परमात्मा के चरणों में ही मिलती है, पैसे से नहीं: जयभगवान



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** असावरपुर में बाबा कुन्दलाल के हवन- यज्ञ व भंडारे में आंतिल बाहरा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने शिरकत की। भंडारे में पहुंचने पर आंतिल ने साधु,संतो से आशीर्वाद लिया और अपनी तरफ से 21 हजार रुपए दिए। आंतिल ने ग्रामीणों द्वारा किए हवन यज्ञ व भंडारे की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से लोगों में धार्मिक भावना बढ़ती है। यज्ञ हमारी बहुत ही प्राचीन पहचान है। यज्ञ के करने से न केवल वहां का, बल्कि आसपास का वातावरण तक शुद्ध हो जाता है। उसमें बैठने वाले लोगों के विचार भी अच्छे होते हैं, इसलिए अपने घर में यज्ञ जरूर करें। उन्होंने कहा कि आज इंसान अपनी परम्पराओं को छोड़कर पैसे में सबकुछ ढूंढ रहा है, जोकि एकदम गलत है। पैसे से आप चीजें खरीद सकते हो लेकिन मन की शांति नहीं। मन को शांति परमात्मा के चरणों में ही मिलती है। भगवान के भजन के बगैर कोई चीज मुमकिन नहीं है। इंसान को जीवन में सुबह शाम भगवान का भजन करना चाहिए। इससे न केवल आत्मा स्वच्छ होती है, बल्कि इंसान के विचार भी बदल जाते है। उन्होंने कहा कि भक्ति में बहुत शक्ति होती है। अगर इंसान सच्चे मन से भक्ति करे तो जीवन में हर चीज को पा सकता है। ऐसे कार्यक्रमों से हमें बहुत कुछ मिलता है। इससे इंसान के अंदर धार्मिक भावना पैदा होती है। इस मौके पर ग्रामीण सुरेन्द्र, महेन्द्र, सतबीर आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राई के प्रीतपाल सिंह बने सेना में लेफ्टिनेंट जनरल



गन्नौर। मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राई के प्रीतपाल सिंह बने सेना में लेफ्टिनेंट जनरल। प्रीतपाल सिंह भारतीय सेना में लेफ्टेनेंट जनरल के पद पर पहुँचने वाले खेलकूद स्कूल के दूसरे छात्र हैं इनसे पहले सुकृति दाहिया ने लेफि़टिनेंट जनरल बनकर स्कूल और प्रदेश का नाम रोशन किया था। लेफ्टिनेंट जनरल प्रीतपाल सिंह मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राई से 1985 बैच में उत्तीर्ण हुए थे। स्कूल में रहते हुए प्रीतपाल सिंह हॉकी खेल में भी अपना लोहा मनवा चुके हैं। प्रीतपाल सिंह जी जूनियर नेशनल हॉकी कैम्प का हिस्सा रहचुके हैं। वहीं मनमोहन कप में में विजेता टीम का हिस्सा बने। वर्तमान में मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राई के प्रधानाचार्य कर्नल मोर से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रीतपाल सिंह और खुद कर्नल मोर कई जगहों पर एक साथ सेना में अपना योगदान दे चुके हैं। कर्नल मोर ने प्रीतपाल सिंह के लेफ़्टिनेंट जनरल बनने पर उन्हें बधाई दी।

### गोली मारकर पिता-पुत्र की हत्या करने के दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा

**सोनीपत**: सदर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतारने के आरोपित दो सगे भाइयों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीध डा. संजीव आर्य की अदालत ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर पांच लाख 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुर्माना राशि से पांच लाख रुपये शिकायतकर्ता को देने के आदेश अदालत ने दिए है। मूलरूप से गांव आंवली फिलहाल गोहाना के विष्णु नगर निवासी विकास ने 19 मार्च, 2018 को सदर थाना सोनीपत पुलिस का बताया था कि उनका सेक्टर-15 के पास एक प्लॉट है। जिसकी उन्होंने चहारदीवारी कर रखी है। 18 मार्च, 2018 की शाम को वह अपने पिता सेवानिवृत्त फौजी नरेंद्र मलिक (60) के साथ प्लॉट पर गए थे। वहां पर उन्होंने देखा था कि ठेकेदार गांव राजलुगढ़ी निवासी कृष्ण राठी व अन्य उनके प्लॉट के बीच से सडक निकाल रहे थे। जिस पर उन्होंने वहां मौजूद कृष्ण ठेकेदार से प्लॉट के बीच से रास्ता निकालने से मना किया था। इस पर वह भडक गया था। उसने कहा था कि प्लॉट टीडीआई की जमीन में है। रास्ता यहीं से निकलेगा। उन्होंने प्रशासन से मामले की शिकायत करने की बात कही थी। जिसके बाद 19 मार्च, 2018 को वह, अपने पिता नरेंद्र मलिक व भाई विक्रम (23) के साथ प्लॉट पर गए थे तो उन्होंने देखा था कि कृष्ण ठेकेदार व एक अन्य उनके प्लॉट के चहारदीवारी को तोड़ रहे थे। उन्होंने विरोध किया तो कृष्ण व अन्य ने गाली देना शुरू कर दिया था। गाली देने से रोकने पर कृष्ण ठेकेदार व एक अन्य ने गोलियां मार दी थी। उन्होंने उनके भाई विक्रम के सीने व माथे पर गोली मारी थी। वहीं उन पर व उनके पिता पर गोली चलाई थी। जिससे वह कैलाशपुर की तरफ भाग लिए थे। उनके पिता को भी गोली लग गई थी। वह मौके से भागने के चलते बच गया था। कुछ देर बाद वापस आने पर उसे अपने पिता मृत मिले थे, वहीं भाई जिंदा थे। वह अपने भाई को उपचार के लिए बहालगढ़ रोड स्थित अस्पताल ले गए थे। वहां से उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया था। दिल्ली में उपचार के दौरान उनके भाई की मौत हो गई थी। पुलिस ने विकास के बयान पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दलबीर दांगी की टीम ने आरोपित कृष्ण ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में उसके भाई राजकुमार राठी को पकड़ा गया था।

### ट्रेंड्स ने जालंधर में खोला अपना चौथा स्टोर



**जालंधर**: देश की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पैशलिटी चैन - ट्रेंड्स ने जालंधर में अपने विस्तार को मजबूती देते हुये शहर में अपना चौथा स्टोर खोला है। कंपनी ने देश में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1 और टियर 2 शहरों तथा छोटे छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क मजबूत कर फैशन को घर घर पहुंचाने का प्रयास किया जबकि ट्रेंड्स भारत का मनपसंद फैशन स्थल है। पीपीआर माल स्थित 12,800 स्केयर फीट में फैला यह स्टोर आधुनिक शैली में बनाया गया है और यहां फैशन का सामान किफायती दरों पर उपलब्ध है। कंपनी ने ग्राहकों के लिये शुरूआती ऑफर की भी पेशकश की है। ऑफर में 3999 रुपये की खरीद पर 249 रुपये का उपहार प्राप्त किया जा सकता है जबकि 3999 रुपये की खरीदारी पर ही 2000 रुपये का नि:शुल्क कूपन भी प्राप्त किया जा सकता है।

# विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखना हमारी पहली प्राथमिकता: सीईओ परिषद



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों में निर्माणाधीन विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक ने कहा कि निर्माणाधीन विकास कार्यों में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी, वहीं निर्धारित लक्ष्य के अंदर सभी विकास कार्य पूरे करें। सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक अधिकारियों के साथ जिला के विकास कार्यों, सीएम घोषणाओं, प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा मीटिंग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी इंजीनियरिंग विभाग निमार्णाधीन विकास कार्यों की गुणवत्ता व समय पर पूरे करने पर विशेष ध्यान दें। प्रत्येक विकास कार्य गुणवत्ता की कसौटी पर इतना खरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही व गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक सोमवार सायं को अपने कार्यालय में जिला के अधिकारियों के साथ संबंधित जिला में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में डीडीपीओ राकेश मोर, सीएमजीजीए श्रुति शर्मा, पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता गजेन्द्र सिंह, बीडीपीओ अजीत सिंह के साथ ग्रामीण विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विकास कार्य को क्रमशः समीक्षा की गई। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों पर आम जनता का पैसा खर्च होता है और अगर निर्माण की गुणवत्ता ठीक है। तो इसका लाभ लंबे वक्त तक जनता को मिलता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए वह कई कार्य कर रहे हैं। इनमें प्रत्येक जेई/ कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारी से अधीक्षक अभियंता तक यह लिखकर देंगे कि जो कार्य वह कर रहे हैं और उससे बेहतर वह नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने दो-दो बेहतरीन कार्यों की सूची भी उन्हें सौंपेंगे। समीक्षा बैठक में उन्होंने शहर के सभी विभागों द्वारा बनाए जा रहे एसटीपी, आरएमसी रोड़ व सीवरेज की क्रमशः समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को बिल्कुल न रोका जाए।

पैसे की कोई दिक्कत आती है तो उन्हें तुरंत अवगत करवाया जाए। निर्माण कार्यों में देरी होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की गई है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को इस तरह अनावश्यक ढंग से देरी से पूरा न करें। इस दौरान फरीदाबाद ब्लाक, तिगांव ब्लॉक और बल्लभगढ़ ब्लाक के मनरेगा, ग्रे वाटर मैनेजमेंट, अमृत सरोवरों, गोवर्धन, ई-लाइब्रेरी,महिला सांस्कृतिक केन्द्रों, महाग्राम योजना, शिव धाम योजना, व्यायामशालाओं सहित मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों की बारीकी से जानकारी ली गई। वहीं उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड करना जरूर सुनिश्चित करें। केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक ने केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की समीक्षा भी की।

# एमएनएस में तैयार की गई वेब सीरीज में अश्लील के दृश्य डालने व बिना एनओसी लिए रिलीज करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर राई के बीसवां मील स्थित प्रदेश के स्पोटस मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय, राई में तैयार की गई वेब सीरीज में अश्लील दृश्य डाल दिए गए। वेब सीरीज के रिलीज होने पर मामले का पता लगा। प्रबंधन का आरोप है कि वेब सीरीज को रिलीज करने से पहले स्कूल प्रबंधन को दिखा कर ही एनओसी लेने की बात कही गई थी, लेकिन उनसे कोई एनओसी लिए बिना ही इसे रिलीज कर दिया। जिस विद्यालय की उप प्राचार्य ने मामले की शिकायत राई थाना पुलिस को दी। पुलिस ने वेब सीरीज के निमार्ता, निर्देशक व ओटीटी प्लेटफार्म मैक्स प्लेयर पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय की उप प्राचार्य ने पुलिस को बताया कि उनके विद्यालय में दिसंबर, 2021 में वेब सीरीज 'रंग दे मोहे' की शूटिंग हुई थी। एम/एस क्लिक आन आरएम प्राइवेट लिमिटेड की कंपनी जिसने अपना पता 202, मारुति बिजनेस पार्क, वीर देसाई रोड अंधेरी वेस्ट मुंबई बताया था ने वेब सीरीज बनाई थी। वेब सीरीज के निमार्ता मनीष त्रेहान और निर्देशक राहुल दहिया ने शूटिंग के करीब डेढ़ साल बाद इस वेब सीरीज को मैक्स प्लेयर पर ह्यविरोधह्ल के नाम से रिलीज कर दिया गया। इस वेब सीरीज को रिलीज करने से पहले इसके निमार्ता-निर्देशक व कंपनी ने विद्यालय प्रबंधन से एनओसी मांगी थी। विद्यालय प्रबंधन ने वेब सीरीज दिखाने को कहा। कंपनी ने वेब सीरीज नहीं दिखाई, इसलिए स्कूल प्रबंधन ने एनओसी नहीं जारी की। कंपनी ने बिना एनओसी के वेब सीरीज को जारी कर दिया। वेब सीरीज में कई आपत्तिजनक सीन दिखाए गए हैं। इसको लेकर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने रोष जताना शुरू कर दिया। जिस पर स्कूल प्रबंधन जागा। वेब सीरीज के निमार्ता-निर्देशक को चेतावनी देते हुए पत्र लिखा कि इससे स्कूल का नाम और लोगो हटाया जाए अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खेत से किसान का दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत**: कुंडली थाना क्षेत्र में खेत से किसान का दो-पहिया वाहन चोरी हो गया। वाहन चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव अटेरना निवासी जगमोहन ने बताया कि वह गत 27 मई को आठ बजे देर शाम को अपनी मोटरसाइकिल को लेकर खेत में गया था। मोटरसाइकिल को खेत में खड़ी करके काम करने के लिए कुछ काम करने के लिए खेतों में अंदर चला गया। कुछ आकर देखा तो मोटरसाइकिल गायब मिली। अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अनियंत्रित कार नहर पर बने पुल के रेलिंग से टकराकर नहर में गिरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सदर थाना क्षेत्र में बड़वासनी-ककरोई नहरों के बीच बने सड़क मार्ग पर अनियंत्रित कार नहर पर बने पुल की रेलिंग से टकराकर नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार व्यापारी व उसके अकाउटेंट की डूबने से मौत हो गई। वहीं कार चालक की तलाश नहर में गोताखोर व पुलिस की टीमें कर रही है। पुलिस ने शवों को कार से निकालकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक व्यापारी के भाई के बयान पर भादंस की धारा-174 के तहत कार्यवाही अमल में लाई गई है। मानेसर गुरूग्राम निवासी अनिल शर्मा ने बताया कि उसका भाई कैलाश शर्मा (39) जूते का व्यापार करता था। उसकी मानेसर में जूते-चप्पल की फैक्टरी है। वह देर रात अपने अकाउटेंट प्रमोद कुमार (50) निवासी साफियाबाद के साथ सोनीपत औद्योगिक क्षेत्र में किसी काम से आया था। देर रात वापिस कार में सवार होकर वापिस लौट रहा था। उन्हें सूचना मिली उनका गांव ककरोई गांव के पास हादसा हो गया। हादसे में कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। जिसमें दोनों की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन के जरिए कार को नहर से निकाला। कार के अंदर दो शव मिले। जिसकी पहचान करने के बाद शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई अनिल के बयान पर भादंस की धारा-174 के तहत कार्यवाही अमल में लाते हुए शवों को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**कार चालक की तलाश में जुटी गोताखोर की टीमें-**

अस्पताल में पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि उनकी देर शाम बातचीत हुई थी। उसके बाद रात को फोन नहीं मिला। सुबह पुलिस से हादसे की सूचना मिली। कार में चालक भी बताया जा रहा है। जो पुलिस को कार के अंदर नहीं मिला। सदर थाना पुलिस ने गोताखोर की टीमों को बुलाया है। जिन्होंने देर शाम तक नहर में चालक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

**तीव्र मोड़ होने के चलते अनियंत्रित हुई कार**-हादसा स्थल के पास पश्चिमी यमुना लिंक नहर के पानी को अलग-अलग तरीके से डायवर्ट किया हुआ है। वहीं हादसा स्थल पर नहर के ऊपर तीव्र मोड़ बना हुआ है। हाल में उक्त सड़क मार्ग का नवनीकरण कार्य चला हुआ है। संबंधित कंपनी की तरफ से तीव्र मोड़ का कोई दिशा-सूचक नहीं लगाया गया है। रात को हादसा स्थल के पास नहर पर तैनात चौकीदार को आवाज सुनाई दी, लेकिन अंधेरा होने के चलते वह कुछ नहीं कर पाया। गांव माच्छरी निवासी राहगीर ने हादसे की सूचना कंट्रोल में दी।

सड़क हादसे की सूचना मिली थी। हादसे में कार सवार दो की मौत डूबने से हो गई। कार नहर पर बने पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नहर में जा गिरी। कार के अंदर दो शव बरामद हुए। परिजनों के अनुसार कार में चालक भी बताया जा रहा है। जिसकी नहर में तलाश की जा रही है। गोताखोर की टीमों ने दिन भर नहर में दो किलो मीटर दूर तक चालक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

**जगदीश, जांच अधिकारी, सदर थाना।**

# देव का विधायक नागर के निवास पर किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** विधायक राजेश नागर के निवास पर पहुंचे प्रदेश भाजपा प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देव की उपस्थिति ने कार्यकताओं में जोश भरा। यहां नागर के नेतृत्व में दर्जनों सरपंचों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं 84 पाल की सरदारी ने बिप्लब देव को पगड़ी बांधी। बिप्लब देव के यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर ने सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकताओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। 84 पाल सरदारी ने उन्हें मान सम्मान की प्रतीक हरियाणवी पगड़ी बांधी। विधायक के पिता रूप ङ्कूसह नागर ने उन्हें सम्मान की प्रतीक शॉल ओढ़ाई। हरियाणा प्रदेश भाजपा प्रभारी बिप्लब देव को अपने बीच देखकर कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। बिप्लब देव ने भी मौजूद भाजपा कार्यकताओं से भी हालचाल जाना। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि पार्टी का एक साधारण से कार्यकर्ता से लेकर ऊपर शीर्ष पर बैठे पदाधिकारी तक भारत भूमि के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यहां पार्टी निर्देश देती है और कार्यकर्ता सेवा में रहता है। यहां सबसे पहले देश और देशवासियों की सेवा ही हमारा मूलमंत्र है जिसकी एक अच्छी छवि हमें हमारे प्रभारी बिप्लब कुमार देव के रूप में भी दिखती है। इस अवसर पर वेद प्रकाश अधाना सरपंच तिगांव अधाना पट्टी, विक्रम प्रताप नागर सरपंच तिगांव, रमेश पीलवान सरपंच महमूदपुर, कृष्ण दीक्षित कांवरा, रतन एडवोकेट कबूलपुर, अजीत सरपंच सिडौला, बलवीर सरपंच शाहबाद, ललित चौहान सरपंच लालपुर, रवि सरपंच महावतपुर, राजवीर सरपंच मंझावली, सुरेश त्यागी घुड़ासन, कैप्टन गिरधारी लाल सरपंच भुआपुर, दयानंद नागर, महीपाल आर्य पूर्व सरपंच मिजार्पुर, हरीचंद नागर, अमन नागर, ९नेत्रराम चंदीला, बृजेश ठाकुर, जेपी गौड़, वासुदेव भारद्वाज, प्रदीप त्रिपाठी, देवेंद्र अलग, मनीष झा, कृष्ण पंडित आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# देव और केन्द्रीय मंत्री ने गिनाई मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियां



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** मोदी की दूरदर्शी सोच और कुशल नेतृत्व से दुनिया में भारत का मान बढ़ा है । मोदी जी ने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे भारत को सम्मान दिया है। मोदी जी के कार्यकाल में देश का जो विकास हुआ, वह अभूतपूर्व है। मोदी सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं । विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व व सेवा भाव से भरपूर 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में फरीदाबाद लोकसभा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव बोल रहे थे। प्रेस वार्ता में बिप्लब देव ने पत्रकारों को भाजपा की केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियों के साथ सेवा कार्यों और जनहितैषी योजनाओं के विषय में विस्तार से अवगत कराया। इसके अलावा 30 दिन के महाजनसम्पर्क अभियान के तहत होने वाले कई कार्यक्रमों, विशाल जनसभा, प्रबुद्ध सम्मेलन , व्यापारी सम्मेलन, विकास तीर्थ यात्रा, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, 21 जून को योग दिवस, लाभार्थी सम्मेलन, सोशल मीडिया सम्मेलन, पी एम मोदी की वर्चुअल रैली, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, मन की बात आदि कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी । प्रेस वार्ता में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली, महासम्पर्क अभियान के प्रदेश संयोजक संदीप जोशी, फरीदाबाद के जिला प्रभारी सत्य प्रकाश जरावता, पलवल के जिला प्रभारी दिनेश घिलौड़, फरीदाबाद जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, पलवल के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, विधायक सीमा त्रिखा,नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, दीपक मंगला, प्रवीण डागर, जगदीश नायर, महाजनसंपर्क अभियान के लोकसभा के सह संयोजक सोहनपाल सिंह, जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, मिडिया पेनेलिस्ट रमण मलिक और जिला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता उपस्थित रहे । पत्रकारों को जानकारी मुहैया करवाते हुए बिप्लब देव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर सरकार का कार्यकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 9 सालों में अभूतपूर्व विकास कार्य किये गए हैं । मोदी सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र को चरितार्थ कर जन कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं को लागू कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक 100 फीसदी लाभ पहुंचाने का काम किया है।

# भाजयुमों 9 साल पूरे होने पर चलाएगा विभिन्न तरह के जागरूकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य व प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल पूरे होने पर भाजयुमों गांवों में महासर्म्पक अभियान चलाएगी। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेश जठेड़ी ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हाल ही में 9 साल पूरे किए है। मोदी सरकार के नौ वर्षों का स्मरण करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पूरे देश में जनहित में घोषणाएं की है। अभियान के तहत भाजयुमो अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर लोगों को 9 साल में केन्द्र सरकार द्वारा करवाए गए जनहित कार्यों से अवगत करवाएगी। प्रदेश में लोकसभा क्षेत्र के साथ विधानसभाओं में कार्यक्रम चलेगा। अभियान में सरकार की योजना को हर आदमी को लाभ मिले, इसे अवगत करवाया जाएगा। आमजन से संवाद, नव मतदाता सम्मेलन, बाइक यात्राएंऔर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई जाएंगी। योगेश जठेड़ी ने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभाथी से संवाद भी होगा। कस्बों, शहरों और गांव में डोर-टूॅ-डोर संर्म्पक अभियान होगा। योगेश ने कहा कि नागरिकों को सरकार की अच्छी योजनाओं व नीतियों से जागरूक होना बहुत जरूरी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# 'केंद्र के 9 साल- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को रहे समर्पित'

**पीआईबी चंडीगढ़ की ओर से रेवाड़ी में मीडिया कार्यशाला-वार्तालाप का हुआ आयोजन, एडीजी राजेन्द्र चौधरी बोले, मीडिया विकासात्मक पत्रकारिता पर रखे, एडीसी ने कहा-सकारात्मक गतिविधियों की जागरूकता में मीडिया की अहम भूमिका**








## मीडिया शक्तिशाली साधन

**खोजी पत्रकारिता पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, मीडिया को विकास पत्रकारिता पर भी ध्यान देना चाहिए: राजेन्द्र चौधरी**

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

**केंद्र** सरकार के 9 साल-सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। विकासात्मक रूप से आमजन तक को लाभांवित करने की दिशा में उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से मंगलवार को रेवाड़ी जिला मुख्यालय पर प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो चंडीगढ़ की ओर से मीडिया कार्यशाला के तहत वातार्लाप कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वार्तालाप में रेवाड़ी के एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए जबकि कार्यशाला की अध्यक्षता पीआईबी चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक राजेन्द्र चौधरी ने की। कार्यशाला में एसडीएम बावल जितेंद्र कुमार, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। वार्तालाप का उद्देश्य पीआईबी और जिला और उप जिला स्तर पर काम करने वाले पत्रकारों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करना था। वार्तालाप में अतिरिक्त महानिदेशक (क्षेत्र) पीआईबी चंडीगढ़ राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि सूचना के प्रसार के लिए मीडिया सबसे शक्तिशाली साधन है। खोजी पत्रकारिता पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, मीडिया को विकास पत्रकारिता पर भी ध्यान देना चाहिए और जमीन से सफल और सकारात्मक कहानियों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर रिपोर्टिंग से पहले पत्रकारों के लिए मीडिया नैतिकता और आचार संहिता पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं सभी मोर्चों पर आगे बढ़ रही हैं और आने वाले समय में यह क्षेत्र मीडिया के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में



महिलाओं की अधिक सक्रिय भागीदारी का गवाह बनेगा। इस अवसर पर श्री चौधरी ने 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के तहत विभिन्न योजनाओं पर एक प्रस्तुति पेश की । पत्रकारों को संबोधित करते हुए, श्री चौधरी ने यह भी दोहराया कि पत्रकारों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा साझा की गई जानकारी को बढ़ाना चाहिए और जनता के बीच विकास के संदेश को प्रसारित करने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने पीआईबी फैक्ट चेक के बारे में भी बात की, जो सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पीआईबी और अन्य संबद्ध मीडिया इकाइयों के कामकाज के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति देते हुए बताया कि विभाग फर्जी खबरों को नकारने में मदद कर सकता है। आज के समय में सोशल मीडिया के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, सोशल मीडिया अब सूचना प्रसार के लिए एक अत्यंत शक्तिशाली उपकरण है। हालांकि, हमें फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं से सावधान रहना चाहिए और हमें केवल सत्यापित जानकारी ही साझा करनी चाहिए। इस के लिए ADG राजिंदर चौधरी ने पीआईबी की फैक्ट चेक सुविधा के इस्तेमाल पर बल दिया। एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने वातार्लाप के दौरान पीआईबी चंडीगढ़ के प्रयासों की सराहना की, जिसे उन्होंने मीडिया और सरकार के बीच संवाद के लिए सबसे अच्छा मंच करार दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होने के नाते मीडिया सरकार की आंख और कान के रूप में कार्य करता है और जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक प्रतिक्रिया प्राप्त करने और चिंताओं को दूर करने के लिए इस तरह का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया दोधारी तलवार की तरह काम करता है और यह मीडिया पर निर्भर है कि वह सकारात्मक और विकासात्मक कहानियों को जन-जन तक पहुंचाए या नहीं और मीडिया को रचनात्मक रिपोर्टिंग के लिए खुद का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सकारात्मक गतिविधियों की जागरूकता में मीडिया की अहम भूमिका है।

## 'सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें'

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय हरियाणा के जेएमसी विभाग के अध्यक्ष डा.अशोक शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक बहुत ही व्यावहारिक सत्र प्रस्तुत किया और कहा कि सोशल मीडिया मुख्यधारा के मीडिया के साथ दर्शकों के एकीकरण के माध्यम से सामाजिक विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रामाणिक जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग किया जाना चाहिए। डा. अशोक कुमार ने सूचना की गुणवत्ता पर जोर दिया, जिससे दुनिया के लिए गुणवत्तापूर्ण लोग और जागरूक नागरिक बन सकते हैं। केवल मीडिया साक्षर लोग ही फेक न्यूज और गलत सूचना के खिलाफ लड़ सकते हैं। विश्वसनीय और प्रामाणिक सूचना और मीडिया प्लेटफॉर्म ही लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रेवाड़ी दिनेश कुमार ने प्रेस सूचना ब्यूरो के प्रयास की सराहना की और कहा कि ज्यादातर मीडिया घटनाओं के कवरेज में शामिल होने के विपरीत, आज पीआईबी ने उन्हें इवेंट का स्टार बनने का अवसर दिया है और ऐसा बेहतर समन्वय के लिए क्षेत्र में मीडिया कार्यशालाओं की नियमित रूप से मदद की जानी चाहिए। उन्होंने विभाग की

### समाज के प्रति जिम्मेदारी

**सूचना की गुणवत्ता पर जोर दिया, जिससे दुनिया के लिए गुणवत्तापूर्ण लोग और जागरूक नागरिक बन सकते हैं**

ओर से लोक शैली में भजन पार्टी के माध्यम से ग्रामीण परिवेश तक सरकार की नीतियों को पहुंचाने बारे विस्तार से जानकारी दी। शिक्षा विभाग से डा.ज्योत्स्ना यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में बताया कि यह नीति 21वीं सदी के विद्यार्थियों के आकांक्षात्मक लक्ष्यों के साथ व्यावसायिक शिक्षा के सभी पहलुओं को संशोधित और नया रूप दे रही है। उप सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार ने वातार्लाप के दौरान रेवाड़ी में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस योजना के कारण लोगों को संस्थागत प्रसव का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। सीयू हरियाणा की डा. मोना शर्मा ने वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि मीडिया को पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए सतत विकास लक्ष्यों को उजागर करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन पर्यावरण दिवस 2023 का विषय है। चूंकि प्लास्टिक प्रदूषण एक वैश्विक समस्या है, इसलिए इसे हल करने के लिए एक वैश्विक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

अहमद खान , फील्ड प्रचार अधिकारी, पीआईबी चंडीगढ़ ने मीडिया और अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के 60 से अधिक पत्रकारों ने कार्यशाला में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न मुद्दों पर इनपुट प्रदान किए। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का आयोजन आम नागरिकों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में पत्रकारों को जागरूक करने के लिए किया गया। तकनीकी सत्रों के बाद इंटरैक्टिव प्रश्न-उत्तर सत्र हुआ। पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए, और रचनात्मक फीडबैक प्रदान की। पत्रकारों ने कार्यशाला आयोजित करने के लिए पीआईबी को भी धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि भविष्य में इस तरह की और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

# कर्नाटक में भाजपा गायें लेकर सड़कों पर उतरी

## मंत्री के. वेंकटेश ने कहा था- भैंसे काटी जा सकती हैं तो गायें क्यों नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**कर्नाटक** में सिद्धारमैया सरकार के मंत्री के. वेंकटेश ने कहा कि जब भैंसों को काटा जा सकता है तो गाय को क्यों नहीं काटा जा सकता? वेंकटेश के इस बयान के विरोध में बेंगलुरु में भाजपा कार्यकर्ता गायों के साथ सड़कों पर उतर आए हैं। कार्यकर्ताओं ने राज्य की कांग्रेस सरकार को हिंदू विरोधी बताया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कांग्रेस का यह बयान अपमानजनक है। मंत्री को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि



जब हमारी सरकारी थी तो गोहत्या विरोधी कानून लाई थी। अब कांग्रेस उसे निरस्त करना चाहती है, तभी ऐसे बयान दे रही है। इस पर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि गौहत्या के विरोध में भाजपा सरकार ने जो कानून लाई थी, उसमें स्पष्टता की कमी। इस वजह से अगली कैबिनेट मीटिंग में हम कानून की समीक्षा करेंगे। बीजेपी ने कर्नाटक सरकार पर उसकी 5 गारंटी योजनाओं को भी अभी तक लागू नहीं करने का आरोप लगाया। हम भाजपा सरकार की तरफ से लाए गए गोहत्या विरोधी कानून की समीक्षा करेंगे।

### विरोधी बताया

**प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कांग्रेस का यह बयान अपमानजनक है। मंत्री को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए**

## छात्राओं को बोलोरो ने रौंदा, आधा दर्जन घायल

**बेतिया:** पश्चिमी चंपारण जिला के लौरिया कोचिंग में मंगलवार को पढ़ने के लिए साइकिल से जा रही छात्राओं को अनियंत्रित बोलेरो ने पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें आधा दर्जन लड़कियों सहित एक मजदूर घायल हो गया।

सभी घायलों को इलाज कराने के लिए लौरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राहगीरों के सहयोग से पुलिस ले गई। घटना मंगलवार की सुबह सवा पांच बजे एनएच 727 के बेतिया लौरिया मार्ग में हीरो बाइक एजेंसी के पास की है।

# शिक्षिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**प्रयागराज:** नगर के कर्नलगंज थानान्तर्गत भारद्वाज आश्रम के पीछे रहने वाली एक शिक्षिका ने आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बात की जानकारी जब उसके पति को हुई तो वह भी आत्महत्या करने के लिए कमरा बंद कर फांसी लगाने लगा। परिवार के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। भारद्वाज आश्रम के पीछे रहने वाले दिलीप गौड़ डाक विभाग रायबरेली में कार्यरत हैं। उनकी बेटी सुरभि गौड़ (25) बीएड की पढ़ाई कर रही थी। साथ ही जगत तारन प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी। 01 नवम्बर, 2021 को उसने मोहल्ले के रहने वाले प्रशांत गोस्वामी के साथ कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद से ज्यादातर समय वह अपने मायके में रहती थी। मंगलवार को उसकी मां राजेश्वरी गौड़ कमरे में झाड़ू लगाने गई तो देखा दरवाजा खुला हुआ है। अंदर सुरभि पंखे में साड़ी के फंदे से लटक रही है। यह देख मां की चीख निकल गई। परिवार के लोग भी आ गए। पुलिस को खबर दी गई। उसके ससुराल वालों को बताया गया। जब घटना ससुराल वालों को पता चली तो उसके पति प्रशांत गोस्वामी ने भी आत्महत्या करने के लिए कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। उसके घरवालों ने किसी तरह से दरवाजा खोलकर उसे बाहर निकाला। उसके बाद पुलिस ने सुरभि के कमरे का निरीक्षण किया। जांच-पड़ताल करने के बाद उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घरवालों का कहना है कि रविवार की रात में सुरभि और उसके बीच फोन पर किसी बात को लेकर बहस हुई थी।

**संदिग्ध** | एक अफसर बोला- काम चल रहा था, कुछ गड़बड़ हुई और ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई

# ओडिशा हादसा: टीएमसी ने रेल अफसरों का ऑडियो पोस्ट किया

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**2 जून** को ओडिशा के बालासोर में दो सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी की टक्कर हुई, जिसमें 278 लोगों की मौत हो गई। घटना के पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है, लेकिन कुछ बयान और घटनाक्रम ऐसे हैं, जिसे लेकर राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। घटना के ठीक दूसरे दिन 3 जून शाम 5:53 बजे तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने सोशल मीडिया पर एक मिनट 48 सेकेंड का ऑडियो शेयर किया। इसमें दो रेल अधिकारी एक-दूसरे से घटना पर बातचीत कर रहे हैं।




इसमें एक साउथ वेस्ट रेलवे के प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर हैं। दूसरी ओर साउथ ईस्टर्न रेलवे के डिप्टी चीफ सेफ्टी ऑफिसर अशोक अग्रवाल हैं। हालांकि उन्होंने ऑडियो की पुष्टि नहीं की है।

**भाजपा ने कहा- ऑडियो की जांच हो:** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इस ऑडियो को लेकर सवाल उठाए हैं। अधिकारी ने कहा- यह कॉल रिकॉर्ड जो टीएमसी नेता ने साझा किया है, जहां रेलवे के दो अधिकारी बोल रहे हैं, इसकी जांच की जानी चाहिए? घोष के पास ये ऑडियो कैसे पहुंचा? क्या कोलकाता पुलिस ने टीएमसी के कहने पर ये कॉल रिकॉर्ड करवाए हैं?

रेलवे तो ऐसे ऑडियो लीक नहीं करेगा। उन्होंने कहा- ट्रेन हादसे की जांच सीबीआई कर रही है। मैं कोशिश करूंगा कि तृणमूल कांग्रेस के नेता के इस कॉल लीक केस को भी सीबीआई अपनी जांच में शामिल करे। अगर तब भी कुछ नहीं होता है, तो मैं अदालत का रुख करूंगा।